## आज का दिन

भारतीय जनसंघ के संस्थापक और अध्यक्ष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत। पूरे देश में हलचल। निष्पक्ष जांच की मांग। जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 को सख्त विरोधी और देश के दूसरे राज्यों की तरह कश्मीर को देखे जाने के पुरजोर हिमायती डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसी मकसद को हासिल करने की कोशिश में प्राणों की आहुति दी। जुलाई 1901 को कोलकाता के संभ्रांत बंगाली परिवार में जन्मे मुखर्जी केवल 33 साल की उम्र में कोलकाता यूनिवर्सिटी के कुलपति बन गए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 349 | रांची, रविवार, 23 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com









## बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने केंद्र को सौंपी नीट पेपर लीक मामले की रिपोर्ट

**पटना।** बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक मामले में अपनी रिपोर्ट शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को सौंपी दी। इसमें इस मामले में अब तक गिरफ्तार चार परीक्षार्थियों समेत 13 आरोपितों के बयानों की प्रति दी गई है। इसके अलावा पांच मई को पेपर लीक की सूचना के बाद छापेमारी में बरामद एडमिट कार्ड और जले प्रश्न पत्र के अवशेष की प्रति समेत अन्य दस्तावेज दिये जाएंगे।

ईओयू के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार को अब तक की जांच के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। पटना में छापेमारी से बरामद हुए नीट के जले हुए प्रश्न पत्र की कॉपी से लेकर गिरफ्तार आरोपितों के कबूलनामे तक की पूरी जानकारी केंद्र सरकार को दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इस रिपोर्ट की समीक्षा करके परीक्षा के बारे में फैसला ले सकता है। इसके अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इओयू के एडीजी नयर हसनैन खान को दिल्ली बुलाया है। वे एडीजी और एनटीए के शीर्ष अधिकारी के साथ नीट परीक्षा पर समीक्षा करेंगे, जो 25 जून को हो सकती है।

ईओयू ने रिपोर्ट में बताया है कि बीते पांच मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा से एक दिन पूर्व ही पेपर लीक हो गया था। ईओयू ने बीते शुक्रवार यानी 21 जून तक जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है, जिसे शनिवार को उसने शिक्षा मंत्रालय को सौंपी। ईओयू ने इसमें गिरफ्तार 13 आरोपितों के बयानों की प्रति भी जमा की है, जिनमें नीट अभ्यर्थी शामिल हैं। ये सभी अभी पटना के बेऊर जेल में बंद है।

# एंटी पेपर लीक कानून लागू, आधी रात को नोटिफिकेशन, 10 साल जेल, 1 करोड़ का जुमार्ना

उज्ज्वल दुनिया सं

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की सख्ती से रोकथाम के लिए शुक्रवार रात पेपर लीक कानून लागू कर दिया गया। यह कानून इसी साल फरवरी में पारित हुआ था, सरकार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसे 'लोक परीक्षा कानून 2024' (पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट 2024) नाम दिया गया है। इसके लागू से प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। संगठित रूप से इस तरह का अपराध करने पर एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है।



नीट पेपर लीक और यूजीसी-नेट परीक्षा कैंसिल होने को लेकर देशभर में हंगामा है। इस बीच सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पेपर लीक रोकने के लिए कड़े कानून को लागू कर दिया है। केंद्र सरकार ने 'लोक परीक्षा कानून 2024' अधिसूचित किया है। इस कानून का मकसद प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक और नकल को रोकना है। इसके तहत 15 गतिविधियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से किसी में भी शामिल होने पर जेल जाने या बैन होने या भारीभरकम जुमार्ने की की सजा मिल सकती है।

पेपर लीक कानून के दायरे में वे सभी परीक्षाएं हैं जिन्हें सार्वजनिक परीक्षा निकाय आयोजित करते हैं या फिर ऐसे संस्थान आयोजित करते हैं जो केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। इसमें कई बड़ी परीक्षाएं शाामिल हैं। कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे की प्रतियोगी परीक्षा, बैंकिंग भर्ती परीक्षा और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल हैं।

## नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के देवघर से छह आरोपित गिरफ्तार

देवघर/रांची, झारखंड

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले के तार झारखंड से भी जुड़ने लगे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने देवघर से छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र स्थित एम्स के नजदीक झुनू सिंह के मकान में किरायेदार बनकर रह रहे थे। सभी आरोपित पटना के शास्त्रीनगर थाना (काण्ड संख्या-358/2024) में दर्ज मामले में संदिग्ध हैं।

हालांकि, रेड करने आयी पटना पुलिस ने देवघर पुलिस को बताया था कि यह सभी साइबर ठगी के आरोपित हैं। देवघर पुलिस को शनिवार को इस बात का पता चला कि असल में सभी नीट पेपर लीक मामले में पकड़े गये हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के नालंदा जिले के छविलापुर थाना क्षेत्र स्थित बलदार विगहा निवासी पंकु कुमार, परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिन्टु उर्फ बालदेव कुमार, नुरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा निवासी काजु उर्फ प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अजीत कुमार और राजीव कुमार उर्फ कारू शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक पेपर लीक के सरगना संजीव मुखिया के नीचे अमित आनंद और नीतीश काम कर रहे थे। अमित आनंद लाइजनर का काम करता है। नीतीश और अमित आनंद दोस्त हैं। सिकंदर ने अनुराग और आयुष जैसे कई अभ्यर्थियों को पास कराने का ठेका लिया था। चिंटू के मोबाइल पर पेपर के जवाब आए थे। चिंटू ने जवाब पिंटू को दिए और फिर प्रिंटर साथ लेकर चल रहे पिंटू ने सारे सवालों के जवाब प्रिंट किए। चिंटू-पिंटू के जरिए भेजे गए सवालों के जवाब रातों-रात पटना के लर्न एंड प्ले स्कूल भेजे गए, जहां पहले से मौजूद अनुराग और आयुष जैसे छात्रों ने जवाब का रट्टा मारा और अगली सुबह एग्जाम देने गए।

30 लाख में नीट पेपर खरीदा और 40-40 लाख में बेचा






## विशेषज्ञ समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार की श्रृंखला में पहला कदम : शिक्षा मंत्री

उज्ज्वल दुनिया सं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षाओं के संचालन की निगरानी के लिए गठित विशेषज्ञ समिति को परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम बताया है। केंद्रीय शिक्षा प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पारदर्शी, छेड़छाड़ मुक्त और शून्य त्रुटि परीक्षाएं एक प्रतिबद्धता है। विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार, सभी संभावित कदाचारों को समाप्त करने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और एनटीए में सुधार करने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम है। छात्र हित और



उनका उज्ज्वल भविष्य हमेशा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए सात विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति दो महीने के भीतर मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। विशेषज्ञ पैनल के गठन का कदम राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच उठाया गया है।

इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन सात विशेषज्ञों के पैनल का नेतृत्व करेंगे। टीम के अन्य सदस्यों में एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एमेरिटस प्रो. राममूर्ति के, पीपल स्ट्रॉन्ग के सह-संस्थापक और कर्मयोगी भारत के बोर्ड सदस्य पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के छात्र मामलों के डीन प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल शामिल हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई 12 जुलाई को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में ईडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

हेमंत सोरेन की ओर से ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया। हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था।



इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

ईडी की ओर से संबंध की अवहेलना मामले में शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था लेकिन वे चार तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि, बाद में यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है लेकिन हेमंत सोरेन पिछली तिथि को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

हेमंत सोरेन का इस मामले में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी की ओर से उनके प्रोडक्शन के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन में ईडी की ओर से अनुरोध किया गया कि आरोपित हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं, उन्हें इस मामले में प्रोडक्शन कर उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इस संबंध में ईडी की ओर से सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी।






## नहाने के दौरान नदी में डूबने से दो छात्राओं की मौत

रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव के पास शनिवार को कोयनारा नदी में डूबने दो छात्राओं की मौत हो गई। मृतकों में मुरहू थाना क्षेत्र के दरला जामटोली निवासी जीवन तिडू की पुत्री असरिता तिडू (15 ) और रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव की जेम्स कोनगाड़ी की बेटी जेनल रानी कोनगाड़ी (25 ) शामिल हैं। असरिता खूंटी के एसडीए स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा थी, जबकि जेनल रांची से बीएड कर रही थी।






## राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड के छह खिलाड़ी शामिल

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली और हरियाणा एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 30 जून तक हरियाणा के पंचकूला में 63वीं राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन होना है।

इसके लिए छह सदस्यीय झारखंड एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें चार महिला और दो पुरुष प्लेयर्स शामिल हैं। झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी एथलीटों को शुभकामनाएं दी हैं।

### महिला वर्ग

संघमित्रा महथा (गिरिडीह)- 5,000 और 10,000 मीटर।

बसंती कुमारी (पश्चिमी सिंहभूम)- 5,000 और 10,000 मीटर।

प्रियंका केरकेट्टा (रांची)-लंबी कूद।

विधि रावल (पूर्वी सिंहभूम)- 400 मीटर।

### पुरुष वर्ग

जसपाल सिंह (रामगढ़)- 20 किलोमीटर पैदल चाल।

रामानंद सिंह (देवघर)-शॉटपुट।

## धोखाधड़ी मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता के बीच हुआ समझौता

उज्ज्वल दुनिया सं

**रांची।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े धोखाधड़ी मामले में दोनों पक्षों के बीच शनिवार को समझौता हुआ। डिस्ट्रिक्ट लेवल सर्विस अथॉरिटी (डालसा) रांची में हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष अमीषा पटेल और अजय कुमार सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से उपस्थित हुए।

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में समझौता हुआ। चेक बाउंस के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह जानकारी अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयालक्ष्मी ने दी। इससे पूर्व चेक



बाउंस मामले में दोनो पक्षों के बीच सुलह हो चुका है। नौ मार्च को रांची सिविल कोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच पांच किस्तों में पूरा पैसा 2.75 करोड़ रुपये लौटाने के शर्त पर समझौता हुआ था। अमीषा पटेल ने अब तक शिकायतकर्ता को 1.51 करोड़ रुपये दे चुकी है। 1.24 करोड़ रुपये देना अभी बाकी है। समझौते के तहत समय पर पैसा दिया जा रहा है।

# झारखंड के युवा वर्ग संघर्ष करें, अपना हक व अधिकार के लिए संगठित रहें :सांसद चंद्रप्रकाश

- बलिदान दिवस का संदेश गांव स्तर तक वर्तमान पीढ़ी को जानने की आवश्यकताः विधायक सुनीता
- आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया




उज्जवल दुनिया संवाददाता
प्रभाकर दुबे

**रजरप्पा।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश में पार्टी द्वारा 22 जून को पूरे विधानसभा स्तरीय बलिदान दिवस मनाया गया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु बुध बाजार स्थित पार्टी प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधानसभा के विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी शामिल हुए, समारोह स्थल पर अतिथियों ने झारखंड के वीर शहीदों भगवान बिरसा मुंडा, शहीद चाँदभैरव शेखभिखारी,सिद्धू कान्हू, विनोद बिहारी महतो,शहीद निर्मल महतो सहित दर्जनों शहीदों के फोटो चित्र पर माल्यार्पण किया गया श्रद्धांजलि दी गई एवं नमन किया गया।मौके पर उपस्थित हजारों की संख्या में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण अनगिनत शहीदों के कुबार्नी के बल पर हुआ है। आंदोलनकारी काफी संघर्ष और बलिदान हमारे पूर्वजों ने दिया है, तब हमारे खनिज संपदा से भरा पूरा झारखंड राज्य का निर्माण हो पाया।वर्तमान के युवा वर्ग को समझाने की आवश्यकता है, राज का निर्माण हुआ है और झारखंड की दिशा-दशा तय करने के लिए युवा वर्ग संगठित रहे अपना हक और अधिकार के लिए संघर्ष करें तथा झारखंड में चल रहे लूट-खसोट की सरकार को हटाने का काम किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड की जनता काफी त्राहिमाम है। राज्य के विकास में पूरी तरह से राज्य सरकार विफल रही है। यहां की सरकार काफी निकम्मी है। राज्य के युवाओं को ठगने का काम किया है। रोजगार मुहैया कराने में पूरी तरह से विफल रही है। महिलाओं को मान सम्मान और सुरक्षा देने में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। यहां की जनता को ठगने और लूटने का काम कर रही है, 100 यूनिट बिजली देने का वादा करके पीछे हट गई है और वर्तमान में 200 यूनिट मुफ्त देने की झारखंड सरकार घोषणा कर रही है। यह केवल घोषणा की सरकार बन चुकी है।जनता को ठगने का काम कर रही है , राज्य की जनता को पूरी तरह से गुमराह कर रही है। आगामी 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में ऐसी निकम्मी और वादा खिलाफी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें। कार्यकर्ता झारखंड का निर्माण कैसे हुआ कब हुआ संघर्ष के बल पर कैसे मिला आम लोगों तक पहुंचाने का काम करें बलिदान दिवस कार्यक्रम का अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने की एवं संचालन दिलीप महतो ने किया प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो ने की इस मौके पर रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश महतो दुलमी में प्रभारी नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो केंद्रीय सदस्य इंतखाब आलम विनोद वर्मा, हकीम अंसारी भानु प्रकाश महतो अरविंद सिंह लाल बिहारी महतो चंद्रशेखर महतो राजेश महतो देव महतो अंगद महतो नित्यानंद महतो युगल किशोर भुवनेश्वर महतो दिवाकर नायक पिंकी देवी शांति देवी दयासागर प्रसाद ममता सोनी आशा देवी सरिता देवी रविंद्र महतो राजीव मेहता राज किशोर महतो सुरेश पटेल मीना देवी नीना सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बलिदान दिवस को प्रखंड से गांव स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता

**रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 22 जून को आजसु पार्टी द्वारा बलिदान दिवस मनाया जा रहा है। हम शहीदों को नमन करते हैं। याद करते हैं। आज के पीढ़ी को बलिदान के इतिहास को समझने और जानने की आवश्यकता है। निर्मल महतो के शहादत दिवस पर 8 अगस्त 2024 को झारखंड के राजधानी रांची में राज्य स्तरीय विशाल कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें लाखों लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस की जानकारी प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर पर पहुंचाने का काम करें।**

एक नजर

## एक महीने के पश्चात पुनः जरूरतमंदों की सेवा में शुरू की निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक संचालन समिति के प्रमुख सदस्यों की विगत एक महीने की परेशानियों के कारण बाधित पुस्तक एवं कपड़ा बैंक का संचालन शनिवार से पुनः शुरू किया गया है। बताया गया कि बीते एक डेढ़ महीने संचालन समिति के सदस्य भुवनेश्वर मेहता, अनामिका श्रीवास्तव, पंकज कुमार एवं विश्वरंजन सिन्हा के निजी जीवन में काफी विपरीत परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिस कारण पिछले चार वर्षों से क्षेत्र के जरूरतमंदों की सेवा में संचालित निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक पिछले एक महीने तक बाधित रहा। पुनः लगभग एक महीने के पश्चात समिति के सदस्यों ने निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक में श्रमदान कर साफ–सफाई कर इसका संचालन शुरू किया। मौके पर विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि बैंक के संचालन में क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों का सहयोग रहा है। जिससे क्षेत्र की जरूरतमंद जनता को काफी लाभ हुआ है। इन चार वर्षों में संचालन समिति ने कई परेशानियों को पार करते हुए बैंक का संचालन सफलता पूर्वक किया है। आगे भी आप सबों के सहयोग से बैंक का संचालन सफलता पूर्वक संचालित किया जाता रहेगा। जिन्हें जरूरत नहीं वो दे जाएं, जिन्हें जरूरत हो वो ले जाएं का नारा बुलंद करते हुए समिति के सदस्यों ने निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक के सफल संचालन हेतू आवश्यक चर्चा कर रणनीति बनाई। जिसमें कहा गया कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाजसेवा है। ज्ञात हो कि बैंक के संचालन में किसी से भी आर्थिक सहयोग नहीं ली जाती है। आपसी सहयोग से सेवा भाव कर जरूरतमंदों तक उन्हें उनकी जरूरत की वस्तु पहुंच जाए बस समिति इसी मोटिव से कार्य करती है। बताया गया कि पूर्व की भांति ही संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक संचालित होगा। इस समयावधि से अलग अगर किन्ही को आवश्यकता हो तो, फोन नंबर पर समिति के सदस्यों से संपर्क कर बैंक का लाभ उठा सकते हैं।

## हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास की सजा

**गुमला।** पीडीजे ध्रुव चंद्र मिश्र की अदालत में शुक्रवार को रायडीह नवाटोली निवासी वृद्ध रंथु मुंडाहत्या कांड के दो आरोपी गांव के ही सुधीर मुंडा व बलराम मुंडा को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया है. इसके अलावा 15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है. जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है. घटना 31 मार्च 2021 है घटना की रात्रि रंथु अपने घर में खाना खाकर सो रहा था इसी दौरान सुधीर मुंडा व बलराम मुंडा समेत तीन अन्य अज्ञात लोग उसके घर आये और जबरन घर का दरवाजा खोलवा कर रंथु को घर से बाहर ले गया और परिजनों को टांगी का भय दिखा कर घर के अंदर बंद कर दिया. इधर रंथू को घर के बाहर निकाल कर दोनों अभियुक्तों ने टांगी व पत्थर से कूच कर हत्या कर दिया. घटना के बाद मृतक का बेटा रामचंद्र मुंडा घर के पीछे के दरवाजा से बाहर आकर देखा, तो उसके पिता की मौत हो गई थी. इधर घटना के बाद रामचंद्र ने सुधीर व बलराम समेत अन्य तीन अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराया था।

## शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती:अंबा प्रसाद



### विधायक ने छात्राओं के बीच बांटा साइकिल, कहा- शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करें बच्चे

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसएस प्लस2 टू हाई स्कूल पतरातु में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि पतरात प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद ने 393 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है। ऐसे में बच्चों से यह अपेक्षा है कि वे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले और शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है, शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा छात्राओं ने विधायक अंबा प्रसाद के हाल में रिलीज हुए कर्म पर्व जिया हरसाई गीत पर डांस प्रस्तुत सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके पूर्व स्कूल प्रबंधन ने विधायक अंबा प्रसाद का जोरदार स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मुखिया गिरजेश कुमार, अमित साहू, जयंत तुरी, सीताराम मुण्डा, याकूब राय, नईम अंसारी, वासुदेव राम, जय सिंह, हरिदास साव, चंदन साव, डॉ. अशोक प्रसाद, कमलेश राम, रामकेवल सिंह, शौकत खान, अमर सिंह, कन्हैया रजक आदि मौजूद थें।

## गिद्दी अस्पताल के समीप स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल के दिन बहुरेंगे : अरुण सिंह

# प्रतिमा स्थल परिसर सहित विभिन्न कॉलोनीयों की नालियों का भी होगा जीर्णोद्धार चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**गिद्दी।** एकेसी गिद्दी के समीप अवस्थित स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा परिसर स्थल का होगा जीर्णोद्धार और इसके दिन भी बहुरेंगे। एनसीओइए सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य अरूण कुमार सिंह की पहल पर सीसीएल अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को अरगड्डा एसओसी गौरव तिवारी द्वारा चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल के परिसर का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान अरगड्डा एसओसी गौरव तिवारी ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद परिसर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कहा कि चंद्रशेखर आजाद परिसर में पेवर ब्लाक, बागवानी, बैठने की व्यवस्था, प्रतिमा स्थल पर शेड, टाइल्स लगाने का कार्य कराया जाएगा। जबकि 23 जुलाई तक पेवर ब्लाक, बागवानी, बैठने की व्यवस्था, प्रतिमा स्थल पर टाइल्स लगाने का कार्य करवा दिया जाएगा। जबकि शेड निर्माण 23 जुलाई के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गिद्दी चौक अंबेडकर स्थल का भी सुंदरीकरण किया जाएगा। इसके पूर्व अरगड्डा एसओसी ने गिद्दी कालोनी के नालियों की स्थिति का जायजा अरुण कुमार सिंह के कहने पर किया गया। उन्होंने बताया कि बरसात को देखते हुए कॉलोनी की जाम हुई नालियों की साफ-सफाई करने के लिए संवेदक को निर्देश दिया गया है। वहीं एनसीओइए सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य अरूण कुमार सिंह ने बताया कि जब से स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित हुई है। तब से महान स्वतंत्रता सेनानी की उपेक्षा हो रही थी। इस संबंध में अरगड्डा महाप्रबंधक का ध्यानाकृष्ट कराया गया। इसपर अरगड्डा महाप्रबंधक ने सकारात्मक पहल करते हुए एसओसी को स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया है। अरगड्डा एसओसी ने जीर्णोद्धार को लेकर ओवरसीयर को स्टेएंट बनाकर यथाशीघ्र कार्य चालू कराने को कहा गया है। मौके पर सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य अरूण कुमार सिंह, ओवरसीयर नागेश, समाजसेवी संत सिन्हा, धीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

## सुरक्षा विभाग के जवानों के एक दल ने भूली क्वार्टर में चोरी कर रखे गए अवैध कोयला को लेकर की छापामारी

- *दो टिपीन ट्रकों में करीब 30 टन से अधिक अवैध लदा कोयला किया गया जब्त*
- *जमा अवैध कोयले को आसपास के फैक्ट्रीयों में अवैध कोयला खपाने वालों द्वारा सप्लाई कर दिया जाता है*

**गिद्दी।** सिरका कोलियरी के भूली क्वार्टर में सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सुरक्षा प्रहरियों द्वारा कोयला चोरी की रोकथाम और अवैध कोयला बरामदगी के लिए छापामारी अभियान चलाया गया। बताया जाता है कि कई दिनों से सिरका खदान के आस-पास से कोयला चोरी कर भूली क्वार्टर और बंद पड़े केडीकंपनी के पास विभिन्न खुले जगहो पर कोयला को जमा कर ठिकाने लगाने का काम कोयला तस्करों द्वारा पुलिस की सांठ गांठ से कर दिया जाता है। जिसे लेकर सीसीएल सुरक्षा विभाग ने जोरदार कार्रवाई करते हुए 30 टन से अधिक कोयला लदे दो टिपीन ट्रकों को जप्त कर कोलियरी में जमा किया गया। सुरक्षा जवानों की छापामारी से कोयला चोरी कर जमा करने वाले लोगों के बीच हड़कंप व्याप्त है। कोयला जब्ती दल में सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार श्रीवास्तव, सुरक्षा इंस्पेक्टर सह सिरका प्रभारी राजू राम, हवलदार गंगा राम, प्रहरी शंकर समेत पूरे अरगड्डा क्षेत्र के सुरक्षा में लगे जवान मौजूद थे।

## बिहार का ईटा भट्ठा मालिक द्वारा भरनो के 17 मजदूरों को लाखों रुपए मजदूरी नहीं देने से मजदूर परेशान



गुमला। गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड के अंबुवा गांव के 17 मजदूरों से ईट भट्ठा मालिक सिंकदर राय –शिवम ईट भट्ठा मालिक ने मजदूरों का 2,35,086? मजदुरी भुगतान नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मजदुरों ने अपने मजदूरी करने के लिए लिखित आवेदन दे कर अपनी अपनी मजदुरी भुगतान कराने के लिए गुहार लगाया है। मजदूरों ने अपने आवेदन में कहा कि हमें 2022 में बिना हिसाब किताब किए मालिक ने घर भेज दिया तथा उसने कहा कि हम आप लोगों का हिसाब किताब करके जो भी आप लोगों का मजदुरी भुगतान निकलेगा खाता में डाल देंगे। लेकिन तब से लेकर अब तक ईट भट्ठा के मालिक ने सिर्फ टलावा देने का काम किया है। अब तो हम सभी मजदूरों का फोन भी उठाना बंद कर दिया है और अगर उठाता है तो वही बात कहता है कि दो दिन या चार दिन में डाल देंगे भुगतान लेकिन अब तक नहीं डाला है। जिसे हम सभी मजदूर काफी परेशान है, उन्होंने अपने मजदूरी भुगतान दिलाने की गुहार लगा रहे हैं , फिर भी उक्त शिवम ईट भट्ठा मालिक जो हरदेव पट्टी गांव थाना सिवाय पट्टी जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) के फोन पर बात चीत करने के लिए फोन किया गया , तो मालिक सिकंदर राय ने फोन पर बात चीत के दौरान एक साप्ताह के अंदर सभी मजदूरों का मजदुरी भुगतान करने की बात कहा है। अगर एक साप्ताह में सभी 17 मजदूरों का मजदुरी भुगतान ईठ भट्ठा मालिक द्वारा नहीं किया गया तो , इस मामले को हम मजदूर गुमला श्रम अधिक्षक और गुमला उपायुक्त को आवेदन दे कर सभी मजदूरों का मजदुरी भुगतान कराने की मांग करेंगे। जिन जिन मजदुरों का बकाया मजदुरी भुगतान नहीं किया गया है उनका नाम इस प्रकार है 1–बुधेशवर उरांव –12,900 2–जगेशवर उरांव –5076 3–कैलाश उरांव पत्नी 4–पदेशिया उरांव–दोनों का मिला कर 88,000, 5–बिमल उरांव –10000, 6–देवपाल उरांव –20, 300, –लक्ष्मण उरांव –7000, अमित उरांव –5000,सुखेशवर उरांव –7600, बिरसा मुंडा –14000, सुभाष उरांव–13,700,पुने उरांव– 22,250, बहुरा उरांव– 18,110,रबि उरांव –18,600?,तथा सत्यनारायण उरांव– 11,150, जगेशवर उरांव 18,250 –सुनीता उरांव –18,250 है जिनका मजदुरी भुगतान अब तक ईठ भट्ठा मालिक सिंकदर राय –शिवम ईट भट्ठा मालिक बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के रहने वाले हैं नहीं दिए हैं।

## गुमला जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्थापना सह अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की और उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त 14 में से 12 आवेदनों को अनुमोदित किया गया है। उग्रवादी हिंसा से संबंधित अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु एक आवेदन पर स्वीकृति प्रदान की गई । विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों का प्रथम /द्वितीय /तृतीय एम.एस.सी.पी. हेतु प्राप्त 6 आवेदनों पर स्वीकृति परदान की गई एवं एक आवेदन पर पुनः विचार करने के पश्चात निर्णय लिया जाएगा । वहीं कार्यरत कर्मियों का सेवा समपुस्टी हेतु प्राप्त एक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रधान लिपिक से कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति हेतु प्राप्त 4 प्रस्तावों एवं 13 उच्च वर्गीय लिपिक से प्रधान लिपिक के पद पर प्रोन्नति हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं एमएससीपीएस के तहत 11 चौकीदार नियुक्ति एवं 03 पंचायत सचिव के नियुक्ति हेतु प्राप्त पर प्रस्तावों पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके पश्चात शिक्षा विभाग अंतर्गत ट्रांस्फर पोस्टिंग के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर,डीआरडीए निदेशक, सिविल सर्जन गुमला, डीएसपी गुमला, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, डीपीआरओ (पंचायत) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला में शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला, रेंज ऑफिसर,लोहरदगा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन्य प्राणी प्रमण्डल, राँची। परियोजना निदेशक कळ-ऊअ, जिला कल्याण पदाधिकारी। मेरी लकड़ा, जिला परिषद् सदस्य, चैनपुर। बसंती खड़िया, जिला परिषद् सदस्य, बसिया। पवन उराँव, जिला परिषद् सदस्य, विशुनपुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त को अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा विभिन्न समुदायों को परियोजना संचालन एवं अन्य कार्यों हेतु दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वीकृति से संबंधित जानकारी दी।

## नकटीझरिया ग्राम के शत प्रतिशत श्रमिकों का बनाया गया जॉब कार्ड



गुमला। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के रायडीह प्रखंड स्थित कोब्जा पंचायत के नकटीझरिया ग्राम के भ्रमण के पश्चात उक्त गांव के ग्रामीणों को सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को निदेर्शात्मक चिट्ठी जारी की गई। जिसमें सिविल सर्जन, गुमला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गुमला, जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला, जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला, अग्रणी जिला प्रबंधक (छऊट), गुमला, जिला नियोजन पदाधिकारी, गुमला, जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला, श्रम अधीक्षक, गुमला, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गुमला, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रायडीह, अंचल अधिकारी, रायडीह, डी०पी०एम०, जे०एस०एल०पी०एस०, गुमला, डी०पी०एम०, स्वास्थ्य विभाग, गुमला, डी०पी०एम०, यू०आई०डी०, गुमला, जिला समन्वयक, आवास (ग्रा०), गुमला, जिला समन्वयक, आर०से०टी०, (बी०ओ०आई०), गुमला, सहायक परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), फेलो (स्वास्थ्य), गुमला, जिला समन्वयक, आयुष्मान भारत, गुमला आदि शामिल हैं। उक्त सभी अधिकारियों को उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया है कि दिनांक 24 जून 2024 को नकटीझरिया ग्राम में कैंप लगाते हुए ग्रामीणों को अपने विभाग अंर्तगत संचालित सभी योजनाओं से आच्छादित करें। इसी क्रम में उपायुक्त के निर्देश के उपरांत नकटीझरिया ग्राम के शत प्रतिशत श्रमिकों का जॉब कार्ड बनाने का भी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त ग्राम में पूर्व में 25 नागरिकों का जॉब कार्ड बनवाया गया था एवं उपायुक्त के निर्देश के पश्चात शेष बचे नागरिकों का भी मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड बनाया गया है। जिसमें 26 नए श्रमिकों का जॉब कार्ड बनाते हुए उनके बीच जॉब कार्ड का वितरण भी कर दिया गया है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना वात्सल्यम-1


उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची ।** दादा-दादी परिवार की मजबूत नींव होते हैं। उनका सम्मान करने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने वात्सल्यम द्द 'दादा-दादी दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने एसडीजी 15: 'भूमि पर जीवन' को ध्यान में रखते हुए, 'बायो रिद्म-द सांग ऑफ लाइफ' थीम पर प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता और दादा-दादी के प्रति प्यार, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट किये। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई तत्पश्चात गणेश वंदना और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्राचार्या ने स्कूल मैगजीन भी रिलीज किया। उन्होंने पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा शुरू की गई कौशल हब कार्यक्रम के सहायक सौंदर्य चिकित्सक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया। मानव जीवन के विभिन्न चरणों को, तितली के जीवन चक्र की गाथा से जोड़कर दिखाया गया। इन चरणों में एक सुंदर तितली के अंडे से प्रारंभिक चरण तक के संघर्ष को दिखाया गया, जो दशार्ता है कि मानव जीवन भी कई बाधाओं का सामना करता है जिन्हें प्रत्येक व्यक्ति को अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ता से पार करना पड़ता है। इस कार्यक्रम ने दादा-दादी और बच्चों के बीच प्रेम के रिश्ते को उजागर किया। रंग-बिरंगी पोशाकों में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की सफलता दादा-दादी की मुस्कानों से लगाई जा सकती थी, जो अपने पोते-पोतियों को प्रदर्शन करते देख अभिभूत हो गए। यह दिन उनके लिए निःसंदेह एक यादगार क्षण बन गया। साथ ही पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत, सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा उनके प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्या, परमजीत कौर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और बढ़ते खर्चों की इस दुनिया में जीवित रहने के लिए, हम आमतौर पर अपने बच्चों की प्फ इतनी अधिक चाहते हैं कि वे बड़े होने पर अधिकतम कमा सकें। इसके बजाय हमें इन्हेरीटेंस ऑफ इनवेल्युएबल क्वालिटी (प्फ) पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर हम उनके दिमाग में केवल पैसा और सफलता ही डालेंगे, तो वे हर रिश्ते को बहुत भौतिकवादी दृष्टिकोण से तौलेंगे और अंततः पारस्परिक संबंधों में कभी सफल नहीं हो पाएंगे। हमें उन्हें ऐसे मूल्य देने की जरूरत है जो सफलता और पैसे को समाहित कर सकें।

## संक्षिप्त खब्बर

### दारू प्रखंड में मनरेगा के तहत गड्ढा खोदो वृक्ष लगाओ अभियान



**दारू ।** प्रखंड के सभी पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत गड्ढा खोदो अभियान की शुरूवात की गई । इस अभियान के तहत प्रखंड के दारू , इरगा ,हरली, रामदेव खैरिका, जिनगा, मेडकुरी, कबिलासी, , पुनाई और दिगवार पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून राशिद, मनरेगा बीपीओ स्वाति वर्मा सहायक अभियंता मनीष कुमार ने लगभग 50 एकड़ जमीन पर आम बागवानी योजना के लिए स्थल निरीक्षण करते हुए स्वयं गड्ढा खोद कर योजना का प्रारंभ किया । बीपीओ ने बताया कि आम बागवानी योजना लेने वाले लाभुकों जल्द से जल्द गड्ढा करके पौधो को लगाए साथ ही पोधो की सही से देखभाल भी किया जाए ताकि सरकार द्वारा जिस उदेश्य से भगवानी कराई जा रही है उसका उदेश्य पुरा हो सके।

### अचलजामो में वर्जपात से चार मवेशियों की मौत



**विष्णुगढ़।** शुक्रवार के दिन बरसात के दस्तक के साथ ही वज्रपात से प्रखंड क्षेत्र में घटनाएं घटी। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामो में शुक्रवार को तेज बारिश के साथ हुई वर्जपात से चार मवेशियों की मौत हो गयी। इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक प्रखंड क्षेत्र में दोपहर से ही तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान हुई वर्जपात में अचलजामो के नन्दकिशोर महतो के तीन मवेशी एवं कैलाश महतो के एक मवेशी की मौत हो गयी।

### बादम पंचायत में शुरू हुआ चापाकल बोरिंग



बड़कागांव। पेयजल समस्या को देखते हुए विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर पूरे प्रखंड में चापाकल बोरिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बादम पंचायत के कई क्षेत्र में चापाकल बोरिंग कार्य चल रहा है। वहीं विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि बोरिंग होने से अब लोगों को पेयजल समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित

# आपके नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र एक नई गाथा की ओर अग्रेषित होगी:चंद्र प्रकाश जैन

### हजारीबाग यूथ विंग मल्टीपरपज सेवा करती है: जायसवाल




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाली संस्था हजारीबाग यूथ विंग ने शनिवार को बड़ा बाजार जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव के हॉल परिसर में नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम सबसे पहले यूथ विंग के सदस्य की धर्मपत्नी बिनीता खण्डेलवाल के द्वारा रोली चावल से तिलक कर उनका स्वागत किया गया, इसके बाद संस्था के कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह जीत न केवल उनके कठोर परिश्रम और नेतृत्व का परिणाम है,बल्कि यह हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के द्वारा शॉल प्रदान किया गया। इसके उपरांत संस्था के सभी सदस्यों ने मोमेंटो एवं फूलों का गुलदस्ता देकर नवनिर्वाचित सांसद श्री जायसवाल का स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमोद खंडेलवाल के द्वारा किया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष जय प्रकाश खण्डेलवाल, विकास केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारणी सदस्य बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, उदित कुमार, प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन, शानू सिंह, राहुल सिंह, मो. ताजुद्दीन प्रवेक जैन, गुंजन मद्धेशिया सहित कई लोग का सहयोग रहा। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने यूथ विंग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समाज में कई लोग सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं पर सभी कोई एक मोटा और एक ही दिशा को लेकर कार्य करते हैं परंतु हजारीबाग यूथ विंग मल्टीपरपज सेवा के लिए हर वक्त तैयार रहती है। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र खण्डेलवाल, राहुल खंडेलवाल, पवन रावत खंडेलवाल, अशोक ताम्बी, नीरज अग्रवाल, दिलीप जायसवाल, दीपक जैन, विजय जैन, आशीष निधि, पवन जैन, सुनील अजमेरा, अमित कुमार, जितेंद्र जैन, मनोज जैन, चंदन सिंह देबू जैन, अतिशय जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी हजारीबाग सदर से किसी अल्पसंख्यक को उम्मीदवार बनाये:साजिद

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा प्रदेश कार्यालय रांची में एक अहम प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में गई,जबकि बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री अख्तर अली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा चुनाव में हुई हार-जीत की समेकित समीक्षा एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र का चयन कर उम्मीदवारों की सूची चयन करने हेतु बैठक बुलाई गई थी।इस आलोक में जिला अध्यक्ष को निर्देश दिए गए थे कि अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्र से अल्पसंख्यक प्रत्याशी (तीन नामों के साथ) बैठक में सुची सौंपें।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उपस्थित होकर बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्म सभी वर्गों को सम्मान देने का कार्य करती है, हम सभी लोगों को मिलजुल कर देश के विकास के लिए संगठित होकर निरंतर कार्य करना है,बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने सभी सम्मानित पदाधिकारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से अल्पसंख्यक विभाग कि भुमिका रही निश्चित तौर पर काफी सराहनीय रहा इसे आगामी विधानसभा चुनाव में भी इसे दोहराने की जरूरत है और झारखंड प्रदेश में इंडिया गठबंधन कि मजबूत सरकार पुनः बनाने का सफल प्रयास जारी रखना है। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि लोकसभा की कामयाबी आप सभी जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों को समर्पित है आप सबों के मेहनत ने संगठन को सशक्त और मजबूत बनाया जिसके पश्चात अब सुखद परिणाम देखने को मिला रहा है। बैठक में विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे सबों ने अपनी -अपनी सूची प्रदेश नेतृत्व को सौंपा।हजारीबाग अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष को संयुक्त रूप से सुची को सौंपते हुए कहा कि हजारीबाग में सदर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 (प्रतिशत) अल्पसंख्यक आबादी है । इस सीट पर एच.एच.रहमान कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीत चुके हैं और संयुक्त बिहार में कृषि ,कानून एवं वफ्त बोर्ड मामले के मंत्री रहते हुए हजारीबाग छोटानागपुर को गौरवंतित किया है हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से किसी अल्पसंख्यक को कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ाएगी तो निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी कि जीत होगी! हजारीबाग में अल्पसंख्यक सदैव निस्वार्थ भावना से कांग्रेस पार्टी के लिए दशक से वोट देने का कार्य करते आ रहे है वह स्पष्ट रूप से सराहनीय है अब समय आ है कि कांग्रेस पार्टी हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से किसी अल्पसंख्यक को आगामी चुनाव में उम्मीदवार बनाए।

### करैत सांप के डसने से मासूम की मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बसारिया में जहरीला करैत सांप के डंसने से 8 वर्षीय रितिक कुमार पिता राजेश प्रसाद की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार 21 जून की रात में परिवार के सभी सदस्य भोजन करके सोने चले गये थे। इसी बीच करीब 11 बजे रात को घर में सो रहे बच्चे को सांप ने डंस लिया। सर्प दंश के बाद बच्चे की रोने की आवाज सुनकर परिवार के सभी सदस्यों जाग गये। जिसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य बरकट्ठा ले गये। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं गांव गांव मातम माहौल है।

# हिंदू प्रचारक इंजीनियर अमन और अजय सिंह के गिरफ्तारी के बाद परिवार से मिलने पहुंचे सांसद, साथ में मौजूद रहे बिहार भाजपा नेता मनीष कश्यप

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के हिंदू प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार और अजय सिंह को महूदी के रामनवमी जुलुस निकालने को लेकर हुए प्रशासन के साथ झड़प के केस में जेल भेजे जाने के बाद शनिवार को हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल उनके यशवंत नगर स्थित घर पहुंचे। यहां सांसद मनीष जायसवाल ने उनके परिवार वालों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ बिहार भाजपा के नेता मनीष कश्यप भी मौजूद रहे। यहां मीडिया से वार्ता करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की अमन और अजय सिंह हिंदू प्रचारक है ना की एक अपराधी। लेकिन इनसे अपराधी की तरह पुलिस ने किसके इशारे पर व्यवहार किया, ये राज्य सरकार को बताना चाहिए। इंजीनियर अमन कुमार को बिहार की राजधानी पटना से जाकर हजारीबाग पुलिस गिरफ्तार करती है जो को एकदम समझ से परे है। उन्होंने कहा की ये सिर्फ एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति के तहत किया गया कुत्सित कार्य है। वहीं मनीष कश्यप ने कहा की अमन कुमार निर्दोष है तथा उसे पर साजिश के तहत फैब्रिकेटेड केश करके फसाया गया है। हम लोग उसी को बचाने के लिए हजारीबाग पहुंचे हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जैसा कि सांसद महोदय ने बताया है कि जुलुस शांतिपूर्वक वहां से गुजर रही थी। इस दौरान यह सब कुछ होता है, तो कहीं ना कहीं सभी कुछ संदेहसपद है तथा अमन हिंदू हित की बात करता है इसलिए उसे आज फसाया गया है।

## आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया, बरही विस प्रभारी राजसिंह चौहान शामिल

# राज्य आंदोलनकारी समाज के मुख्य धरोहर : राजसिंह

उज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** बरही प्रखंड के आजसू पार्टी कार्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान व संचालन पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार साव ने किया। जिसमे मुख्य रूप से झारखंड अलग राज्य आंदोलन के आंदोलनकारी विजय सिंह, मिथलेश सिंह, सरजू सिंह, किशोर ठाकुर, लखन सिंह, युगल शर्मा, डॉ आर के नटवर आदि उपस्थित रहे। सभी आंदोलनकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके आदर्शो एवं मूल्यों को सुनकर सभी लोग प्रेरित हुए। आजसू बरही विस प्रभारी राजसिंह चौहान ने कहा कि पार्टी की स्थापना राज्य की दिशा और दशा बदलने की लिए की गई है। वर्तमान झारखंड सरकार झारखंडी जनमानस और विचारधारा के साथ खिलवाड़ कर रही है। पार्टी के निर्देश पर आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जा रहा है, समाज के यह धरोहर है। कार्यक्रम के दौरान आजसू विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान के साथ बरही प्रखंड अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार, पदमा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार राणा, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष निर्मल प्रसाद, पंसस जीतू ठाकुर, पंसस विकाश सिंह, अजय कुमार सिंह, सुरेश प्रजापति, उज्वल सिंह, रविरंजन सिंह, बसंत कुमार शर्मा, अरुण सिंह, नवीन कुमार सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बड़कागांव में आजसू पार्टी का 38 वां स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया



बड़कागांव। आजसू पार्टी का 38 वां स्थापना दिवस बड़कागांव स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में हर्षोउल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा वं संचालन कामेश्वर महतो ने किया ।कार्यक्रम मे मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु ने संबोधन में कहा कि मैं बड़कागांव के हर वर्ग के लोगों का कभी भरोसा टूटने नहीं देंगे, हर कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ की हड्डी होती है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि सभी कार्यकर्ता को एक समान लेकर चलूंगा। मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करना। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, मुखिया अनिकेत नायक, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, नागेश्वर तुरी, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, दिनेश महतो, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद, चन्द्रनाथ महतो, प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता, तापेश्वर कुमार ह्लतापसह्ल कृष्णा साव, सुरेश प्रसाद दांगी, तुलेश्वर राम, नवलेश यादव, घनश्याम कुमार दांगी, रामेश्वर महतो, श्याम निराला, हुलास प्रसाद दांगी, उमेश प्रसाद दांगी, सुरेश गिरी, सेवक प्रसाद, अजय कुमार, मुखिया प्रभु महतो, सुनील कुमार, गणपति साव, संतोष सिन्हा, अर्जुन महतो, अजित कुमार दांगी, खेमलाल महतो, राजेश्वर महतो, पप्पू प्रसाद मेहता, नारायण महतो, महेन्द्र विश्वकर्मा, कैशर आलम, आवेश अंसारी, मो. रब्बानी, गुड्डन सिंह, गजा सिंह, मो. फिरोज आलम, नंदकिशोर महतो, पंकज कुमार मेहता, दीपक कुमार, गोपाल महतो, देवलाल महतो, रंजीत महतो, निर्मल महतो, जागेश्वर गंझु, निरोज करमाली, राथो गंझु, बालदेव महतो, शंकर मिश्रा, रफीक अंसारी, कौलेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीडीओ अमित कुमार ने बिरसा हरित ग्राम योजना की शुरूआत



उज्जवल दुनियां संवाद दाता

**केरेडारी।** केरेडारी बीडीओ अमित कुमार ने 22 जून को बेलतू पंचायत से बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना का शुरूआत किया! योजना की शुरूआत बीडीओ अमित और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन शर्मा ने जमीन में पौधो रोपण के लिए पीट खोद कर किया! साथ हीं पीट खुदाई कर इस अभियान को गति प्रदान किया! बेलतू पंचायत से यह योजना शुरू होने के साथ हीं प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना की शुरूआत हो गई !मौके पर उपस्थित कर्मियों को तीव्रता से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया! इसके साथ हीं पंचायत में चल रहे अबुआ आवास और बिरसा कूप निर्माण का भी निरीक्षण किया! बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना के तहत सौ एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है पर वर्तमान में 71 एकड़ भूमि पर यह योजना शुरू किया जा रहा है!

## सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने से पीएचडी प्रवेश भी अधर में, शीघ्र स्थिति स्पष्ट करे शिक्षा मंत्रालय : एनएसयूआई

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज ने कहा कि सीएसआईआर तथा यूजीसी नेट समेत अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी से परीक्षा एजेंसी की क्रेडिबिलिटी पर सवाल उठ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही इस मामले की सीबीआई से जांच कराकर अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाए। अभिषेक ने कहा कि नेट की परीक्षा रद्द होने से देश भर के छात्रों में संदेह, भ्रम और निराशा फैल गई है। इस वर्ष से पीएचडी कोर्स में एडमिशन सिर्फ और सिर्फ सीएसआईआर - यूजीसी नेट के स्कोर के आधार पर होने थे। लेकिन परीक्षा रद्द होने से पीएचडी में एडमिशन का मामला लटक गया है। नीट-यूजी की परीक्षा में अनियमितता के बाद अब नेट की परीक्षा में गड़बड़ी सामने से अभ्यर्थी निराश हैं। एनएसयूआई शिक्षा मंत्रालय से पत्र लिखकर मांग करते हुए कहा है कि इस संबंध में शिक्षा मंत्रालय और संबंधित एजेंसियों से इस संबंध में स्थिति को त्वरित रूप से स्पष्ट करने की मांग करती है, ताकि छात्रों मन में अपने भविष्य को लेकर व्याप्त गहरी शंकाएं दूर हो सके। लगातार होने वाली इस प्रकार की अनियमितताओं की जांच कराकर कठोर दंड सुनिश्चित करना चाहिए। संबंधित एजेंसियों को स्थिति शीघ्र स्पष्ट करनी चाहिए, जिससे पीएचडी के अभ्यर्थियों का भी किसी प्रकार से नुकशान न होने पाए। साथ ही परीक्षा पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी हो यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## बसरिया के गोपी दांगी सात दिनों से है लापता

उज्जवल दुनिया संवाददाता



### हमारे भैया को ढूंढने में करें मदद, सभी से लगाई मदद की गुहार: शीतल वर्मा

**चौपारण।** प्रखंड के बसरिया पंचायत के ग्राम बसरिया निवासी गोपी कुमार दांगी पिता स्वर्गीय रामेश्वर दांगी 7 दिनों से लापता हैजिसका दिमागी हालत कभी-कभी सही नहीं रहता थो बहन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताई कि हमारे भैया मुंबई में काम करते थे जो मुंबई के ग्रांड रोड से लापता हो गए हैं जबकि 17 जून 2024 दिन सोमवार तक 9693059173 इस मोबाइल नंबर से बात हुआ थोउसी दिन उसके बाद से मोबाइल बंद बताने लगा और बात नहीं होने लगीउसके बाद मुंबई में उसे ढूंढने का प्रयास एक दूसरे के माध्यम से किया गयोनही मिलने पर आवेदन हमलोग चौपारण थाना में भी दिए हुए हैंबताते चले की गोपी कुमार दांगी विवाहित व्यक्ति है जो अपने घर को चलाने के लिए इकलौता पुत्र है जब से यह लापता हुआ है इसके घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हैऔर पूरे परिवार को रो-रोकर बुरा हाल हैइसके परिवार में इसकी मां, पत्नी और दो छोटे-छोटे बेटियां एक बेटे और दो अविवाहित बहने हैं शीतल वर्मा शिक्षित होने के नाते सोशल मीडिया के माध्यम से भी ढूंढने का प्रयास कर रही है और सभी लोगों से ढूंढने के लिए मदद का गुहार लगा रही हैगोपी दांगी की पहचान उम्र 32 वर्ष,सांवला रंग, माथे पर बालों का चंदलापन होना, नाकों के बीच एक तिल का होना और पैरों में चोट होने के कारण भचक कर चलनो।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने किया सम्मानित

उज्जवल दुनिया संवाददाता




### आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति को लेकर पेश किया नुक्कड़ नाटक, खूब मिली सराहना

**हजारीबाग।** झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर परिसर में आयोजित ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम में आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नृत्य, गायन के साथ साथ जिसे दर्शकों से खूब सराहना मिली वह था नशा मुक्ति को लेकर पेश किया गया नुक्कड़ नाटक। दरअसल इस नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि किस तरीके से मादक पदार्थों से हमारे शरीर को नुकसान पहुंचता है और कैसे हम अपनी काबिलियत को खोते चले जाते हैं। साथ ही नशा कैसे हमारे जीवन को बर्बाद कर देता है और कैसे हमें नशा से बचना चाहिए, नाटक के जरिए यह भी बताया गया। इस नाटक को देखने वाले दर्शकों ने कहा कि वाकई यह नाटक जिस तरीके से विद्यार्थियों ने पेश किया है, वह काबिले तारीफ है। साथ ही कहा कि ऐसे नुक्कड़ नाटक सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी दिखाए जाने की जरूरत है। इस नुक्कड़ नाटक से ना सिर्फ नशा से मुक्ति की प्रेरणा मिलती है बल्कि हमें दूसरों को भी नशा से रोकने की भी सीख मिलती है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में 22 घंटे बिजली रही गुल

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह से लेकर शनिवार ग्यारह बजे तक यानी 22 घंटे बिजली गुल रही।बिजली नहीं मिलने से लोगों की काफी परेशानी बनी रही। हालांकि दिन में हल्की बारिश हुई जिससे लोगों को कुछ राहत तो मिली, लेकिन बिजली नहीं रहने पर लोगो को दोहरी भीषण गर्मी में गर्मी का दंश झेलना पड़ा।प्रखंड क्षेत्र में इस तपती गर्मी में बिजली की आंख मिचौली लगातार जारी जो एक समस्या बनी हुई है।बिजली उपभोक्ताओं के मोबाइल और इनवर्टर डिस्चार्ज हो जाने से काफी परेशानी झेलना पड़ा।बिजली नहीं रहने पर सबसे ज्यादा असर बच्चे जो, समय पर स्कूल जाने पर तैयार नहीं हो सके।एक तरफ भीषण गर्मी में बेवक्त बिजली कटौती से लोगों को रहना मुश्किल हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ व्यवसायी वर्ग के लोगों को बिजली की आंख मिचौली से काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वैसे एक तरफ भीषण आग उगलती गर्मी, दूसरी तरफ बिजली नही,जिससे लोग बेहाल हो गए साथ ही इंटरनेट सेवा का उपयोग नहीं कर पाने से लोग काफी परेशान हो गए।

### नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में प्रातः 10 बजे मादक पदार्थ व नशा मुक्ति को लेकर जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी व समाजसेवी सीके पांडेय के नेतृत्व जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी नें नशामुक्ति से होने वाले कुप्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में खासकर युवा वर्ग में नशा करने की लत लग गई है. जिससे छुटकारा पाना एवं एक दूसरे को नशा के कुरितियों से दूर रहने को लेकर प्रेरित करने कि जरूरत है.वंही जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय ने नशा मुक्ति को लेकर कहा कि नशा करने को लेकर लोगों को सजग रहने की जरूरत है.व नशा से दूर रहने की जरूरत है.कार्यक्रम में त्रिपुरारी पाण्डेय,संजय पाण्डेय,संजय कुमार गुप्ता,प्रदीप पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय,जयराज पासवान,रिंकू माली,मिथलेश गुप्ता,पंकज पाण्डेय के अलावे लोग शामिल थें।

### 203 कोबरा बटालियन बरही में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**बरही।** 203 कोबरा बटालियन बरही हजारीबाग में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर बटालियन के पवन कुमार सिंह कमाण्डेट, गौरव कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण, उपस्थित कार्मिको तथा उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मास्टर योगा ट्रेनर द्वारा सभी उपस्थित योगार्थी को योग करवाने के साथ-साथ योग का महत्व समझाया तथा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग होने के कारण अपने स्वस्थ्य जीवन हेतु योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कमांडेंट पवन सिंह ने कहा कि योग का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, मन, शरीर और आत्मा की शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस प्रदान करना है, योग हमारे शरीर को तरोताजा भी रखता है ।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पेंशन शिविर का किया उद्‌घाटन

# 2 करोड़ 11 लाख के ऋण का किया गया वितरण

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**चतरा।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। मंत्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा दीप प्रचलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ सुरेश उरांव ने किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आज राज्य में विकास के कार्यों की झलक राज्य के लोगों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान के रूप में देखने को मिल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा और हमारे सरकार का मुख्य उद्देश्य हर हाथ को काम हर चेहरे पर मुस्कान, खेतों में हरियाली और शिक्षित विकशित समाज की स्थापना है। उन्होंने आगे बताया कि आज राज्य सरकार के द्वारा लोगों को सर्वजन पेंशन योजना कल आप देने के मामले में एक मिसाल पेश किया गया है। आज पेंशन के लिए लोगों को कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ रहा है। कार्यालय उनके घर तक पहुंच कर उन्हें पेंशन का लाभ देने का काम कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड अपना अलग कृतिमान स्थापित किया है। इसका देन है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब मजदूर तपके के लोग के बच्चे भी उच्च पदों पर आसीन हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने इस बेहतर कार्य को निरंतर जारी रखेगी। राज्य के हर एक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। शिविर में मनरेगा योजना के तहत 20 लोगों के बीच कूप निर्माण का स्वीकृति पत्र, 17 मजदूरों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड, 50 अबुआ आवास योजना के लाभ को स्वीकृति पत्र, 5 लाभुकों के बीच अंबेडकर आवास योजना की स्वीकृति पत्र, पेंशन योजना के 15 लाखों के बीच स्वीकृति पत्र और उन्नत का पहिया योजना के तहत 26 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इसके अलावा दो बच्चों को अन्नप्राशन, दो महिलाओं को गोद भराई, चार विकलांगों के बीच ट्राई साइकिल एक विकलांग के बीच व्हीलचेयर और विभिन्न समूहों के बीच एक करोड़ 71 लाख रुपया का ऋण वितरण किया गया। इसके अलावा सामुदायिक रोजगार के तहत 71 लख रुपए का ऋण का वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के द्वारा 10 लोगो के बीच बकरा बकरी का वितरण किया गया। वहीं राजस्व विभाग के द्वारा 12 लोगों का करेक्शन स्लिप और 10 दाखिल खारिज पत्र दिया गया। आपूर्ति विभाग के द्वारा चना दाल और ग्रीन कार्ड का वितरण किया गया। 20 ऊर्जा मित्रों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। इस मौके पर वन विभाग के सौजन्य से हंटरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में मंत्री सहित विभिन्न पदाधिकारी के नाम से पौधारोपण किया गया। वहीं दर्जनों लोगों के बीच पौधा का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला विशुत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, प्रमुख ममता कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, रजनीकांत सिंह, समरेश सिंह पिंटू सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सुलभ शौचालय में चल रहे दुकान को बंद करने का निर्देश



उज्जवल दुनिया संवाददाता/ राहुल कुमार

### चौक में स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने शनिवार को सिमरिया चौक में स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय में चल रहे अवैध दुकान के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उसे अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने दुकानदार से इस दुकान का आवंटन संबंधित कागजात लेकर कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। दरअसल दुकान के संचालक का कहना था कि उन्हें यह दुकान जिला परिषद के द्वारा आवंटित किया गया है। जबकि शौचालय पंचायत मद से निर्मित है और उसके देखरेख की जिम्मेवारी भी पंचायत को ही है। ऐसे में जिला परिषद ने शौचालय के दुकान को किस प्रकार आवंटित किया है यह जांच का विषय है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें शौचालय में दुकान संचालित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जांच पड़ताल के लिए शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद दुकानदार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण में सीओ धर्मेंद्र दुबे और बीडीओ विनय कुमार सहित चौक के दुकानदार उपस्थित थे।

## हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान किए गए प्रचार-प्रसार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

### अन्य दैनिक खर्च का निर्वाचन व्यय लेखा एवं पंजी की अंतिम जांच 29 जून को

**हजारीबाग।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 14 हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गए निर्वाचन व्यय पंजी का अंतिम निरीक्षण तिथि एवं स्थान के साथ निर्वाचन व्यय लेखा समर्पित करने हेतु सभी अभ्यर्थियों/ अभिकताओं एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित पदाधिकारियों के लिए 29 जून को 10 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक समाहरणालय सभाकक्ष में एक दिवसीय Facilitation Training Programme का आयोजन किया गया है। सभी अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्ता व्यय पंजी निरीक्षण की अंतिम निर्धारित तिथि को निर्वाचन के दौरान प्रचार प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय के साथ मतगणना तिथि तक व्यय राशि को अपने व्यय लेखा पंजी में विधिवत संधारित कर साथ में मूल अभिश्रयों (Vouchers) एवं बैंक खाता के अद्यतन विवरणी के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराने को कहा गया है। संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक, दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जाँच के कम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation Register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष निर्धारित अंतिम जाँच तिथि के दिन समर्पित करने को कहा गया है तथा समेकित प्रतिवेदन को स्कैन कर तथा प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग / व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराने को कहा है। निर्वाचन व्यय से संबंधित अंतिम जाँच के आवश्यक जानकारी हेतु दिनांक 25 जून 2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन से नया समाहरणालय के सभाकक्ष में एक बैठक आहूत की गयी है, जिसमें सभी अभ्यर्थियों/ अभिकताओं एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को एक वारंटी को अभियुक्त चंदन कुमार भारती सा० चेडरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया है। विष्णुगढ़ पुलिस ने आरोपी की तलाश बहुत पहले से कर रही थी। इस संबंध में बताया गया कि विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 202/25 धारा 376,313,406,420,504,506/34 के तहत करवाई की गई है।

## सांसद का धन्यवाद यात्रा पहुंचा बरही

कोरियाडीह के ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### हजारीबाग सांसद ने क्षेत्र के विकास को लेकर लोगो से सहयोग का किया अपील, किया सीधा संवाद

**बरही।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल इन दिनों अपने लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का आभार व्यक्त करने धन्यवाद यात्रा पर हैं। उनका धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को बरही विधानसभा क्षेत्र पहुंचा तो उनके साथ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करके बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण और बरही प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव पहुंचकर मतदाताओं का आभार जताया। इसी कड़ी में देर रात्रि करीब 11 बजे सांसद मनीष जायसवाल का काफिला धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह गांव पहुंचा। जहां स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। सभा का संचालन युवा पत्रकार सह समाजसेवी अजय कुशवाहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार प्रसाद ने किया। मौके पर महिला नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, नवलकिशोर सिंह, पंकज वर्णवाल, मनोज उपाध्याय, बिपिन सिन्हा, चन्दन कुमार, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुमार कुशवाहा, राजकुमार प्रसाद, राजेन्द्र उर्फ राजन, जागेश्वर प्रसाद, निर्मल प्रसाद, केशो महतो, अरुण कुमार मेहता, रामजी प्रसाद, सुधीर कुमार, उमेश प्रसाद, झरी महतो, विकाश यादव, अजीत प्रसाद, सुधीर कुमार, पप्पु प्रसाद, अशोक प्रसाद, मंटु कुमार, मोहन प्रसाद, देवी, सिला देवी, रूपमणी देवी, सहोदरी देवी, निरिया देवी, यशोधा देवी, आरती देवी,शांति देवी, नगिया देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम में दिखा बच्चों का उत्साह

## प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय का उद्देश्य : डॉ. मुनीष गोविंद

### रिमझिम बारिश में नहीं डिगा प्रतिभागियों का उत्साह

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर में ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ साथ हुनरबाज युवा शामिल हुए और अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। बता दें आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया। हजारीबाग सहित रामगढ़ व अन्य जिलों के सैंकड़ों विद्यार्थियों व युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और रिमझिम बारिश के बावजूद उनके हौसले कम नहीं हुए। इस दौरान गायन, नृत्य, कविताएं और नुक्कड़ नाटक पेश किए गए। कार्यक्रम को लेकर बात करते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि हजारीबाग समेत आसपास के क्षेत्रों में कई ऐसी प्रतिभाएं छिपी हुई है, जिसे उचित प्लेटफार्म मिले तो वे सिर्फ अपने जिला ही नहीं बल्कि राज्य और देश का नाम कर सकते हैं। वहीं मौके पर विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ साथ बड़ी तादाद में प्रतिभागी व दर्शक मौजूद थे।

सांसद एवं पूर्व विधायक द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक

## जीटी रोड निर्माण कार्य में तेजी, भरे गए गड्ढे, किया गया पिचिंग



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** सांसद मनीष जायसवाल एवं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जनसमस्या के समाधान के लिए तत्पर हैं। बीते गुरुवार को बरही अनुमंडल के राष्ट्रीय राजमार्ग के चौडीकरण से उत्पन्न समस्या के समाधान को लेकर संबंधित विभागों के आलाधिकारियों से सर्किट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद राजकेशरी निर्माण कंपनी द्वारा बरही बाईपास, चौपारण बाजार, सिंघरावा मोड़ के पास बने गड्ढे को भरा गया। साथ ही पिचिंग कार्य भी किया गया। अब राहगीरों को चलने में राहत महशुश होगी। जगह जगह गड्ढा होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी हो रही थी, परस्पर सड़क दुर्घटना हो रहा था। जिसे देखते हुए एनएचएआई के पीड़ी सुबोध भारती व राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड वीपी केके मिश्रा के निर्देश पर कार्य किया जा रहा है।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर चिपकाया इश्तियार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर शनिवार को पोस्टर चिपकाया है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रखंड अंतर्गत भेलवारा के ग्राम बेलाटांड निवासी मधु देवी पति मुकेश मल्हार ने अपने देवर राकेश मल्हार पिता स्व० चंदर मल्हार पर यौन शौषण का आरोप अपनी बहन के साथ लगाते हुए विष्णुगढ़ थाना में 18 फरवरी को मामला दर्ज कराया है।दर्ज मामले में कहा है कि 14 फरवरी को रात्रि ग्यारह बजे वह जबरन मेरी छोटी बहन को मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने घर ले जाकर कमरे में उसके साथ यौन शौषण किया है।उन्होंने बताया कि मेरे पास मेरी बहन का उम्र से संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र उपन्नब्ध नहीं है। मैं गर्भवती हूं और विगत करीब दो माह पूर्व मेरी देखभाल करने के लिए मेरी बहन मेरे घर आई हुई थी। पिछले दो माह से मेरे घर पर रह रही है। बहन सरस्वती पूजा देखने सहेलियों के गयी थी।इसी समय करीब रात ग्यारह बजे आरोपी महुवाटांड में मिला और बोला कि तुम्हारा जीजाजी फोन कर रहा है और तुम्हारी बहन घर में अकेली है इस लिए तुमको घर बुला रहा है। उसके बाद उसने मेरी बहन को घर छोड़ने की बात कहकर मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने घर पर ले गया। उस वक्त वहां पर कोई नहीं था और अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा और साड़ी को गला में फंसाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। कमरे का दरवाजा बंद करके मुंह को दबाकर जबरन मेरी बहन का यौन शोषण किया है। देर रात को मेरी बहन ने घर आकर मुझे सारी आपबीती घटना सुनाई।इस सम्बंध में विष्णुगढ़ कांड संख्या 31/24 दिनांक 18 फरवरी 2024, धारा 376 भादवि(आईपीसी) एवं चार लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्राथमिकी के विरुद्ध युक्त कांड में फरार रहने के कारण कांड के अनुसंधानकर्ता एवं पुलिसकर्मी के द्वारा अभियुक्त इश्तिहार के घर पर जाकर ढोल पिटवा कर चौक चौराहे एवं सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर चिपकाया गया।

# नई फसल आ गई, फिर भी भाव दिखा रहा लहसुन

## किलो तक लेने वाले पचास सौ ग्राम लेकर चला रहे काम

उज्जवल दुनिया संवाददाता/ गीतांजलि



**चतरा।** जून आधा बीत चुका है। बाजार में लहसुन की नई फसल आ गई है। लेकिन अभी तक इसकी कीमत नहीं घटी है। इस समय भी बाजार में औसत किस्म का लहसुन तीन सौ से चार रुपये किलो बिक रहा है। यदि बढ़िया क्वालिटी का लहसुन खोजेंगे तो इसके लिए आपको और दाम चुकाना होगा।लाल लहसुन 300 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।अब सर्दी का सितम वैसा नहीं रहा जो पूस में था। फिर भी लहसुन का भाव चढ़ा ही हुआ है। सब्जी व्यापारी रामप्यारी साव बताते हैं कि इस बार लहसुन की पैदावार कम है, इसलिए दाम चढ़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर लहसुन की पैदावार कम हुई है, बाहर से भी लहसुन नहीं आ रहा है जिसके कारण भाव कम नहीं हो रहे हैं।पिछले वर्ष पूस और माघ महीने में लहसुन की कीमत सौ रुपए प्रति किलो के आसपास थी।हालांकि उस समय लहसुन की नई फसल बाजार में आई तक नहीं थी।

### क्या कहती है गृहणियां

**टंडवा निवासी रंजना कहतीं हैं कि लहसुन के आसमान छूते दाम ने किचन का सारा हिसाब किताब गड़बड़ा दिया है।अब तो लहसुन के पत्ते पीसकर सब्जियों में डालना पड़ रहा है ताकि जायका बना रहे। सिमरिया निवासी गीत कहतीं हैं कि सरकार को लहसुन आयात कर बाजार में बढ़ते लहसुन के दाम को कंट्रोल करना चाहिए। कालाबाजारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।**

### ऊंचे भाव जानकर जल्दी लहसुन कोड़ दे रहे किसान

लहसुन के दाम क्या बढ़े,किसान अपने अपने खेतों से लहसुन कोड़ बाजार में लाने लगे हैं।ताजे लहसुन की कीमत स्थानीय बाजार में तीन सौ रुपए प्रति किलो है।हालांकि ताजा लहसुन वजन में काफी भारी होता है।
ग्राहकों का कहना है कि पुराना लहसुन तो रुला ही रहा है।नया लहसुन भी खरीदने की हिम्मत नहीं दे रहा है।

## सरारती तत्वों ने गाव की शान्ति भंग करने की कोशिश किया : मोहम्मद फारूक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुदी गांव में मोहम्मद फारूक की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। जिसमें कुछ दिन पहले कुछ शरारती तत्वों ने शांति भंग करने के लिए रात के अँधेरे में लोगों को बहला फुसला कर नया कमेटी बनाने का प्रयास किया जिसे मौजुदा महुदी की कमेटी और महुदी के आवाम ने नाकारते हुए बरखास्त कर दिया और गाँव के आवाम ने इसका पुरा बिरोध किया। आवाम ने कहा कि पुरा गाँव और कमेटी पुरी तरह से एक है अगर दोबारा इस तरह का हरकत किया गया ।

संक्षिप्त खबरें

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में मना योग दिवस



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ–साथ शिक्षकों ने भी योग किया। योग शिक्षक आकाश कुमार सेठ, योग के राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक यादव और तनुश्री ने बच्चों को पद्मासन, शीर्षासन, मंडूकासन, ग्रीवा संचालन, वज्रासन, भद्रासन, शुष्कासन, उष्ट्रासन, वक्रासन सहित अन्य आसान कराया। इसके अलावा ध्यान में नाड़ी शोधन, प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम, विलोम सहित कई आसन कराए। विद्यालय परिसर योगमय हो गया था। योग शिक्षक आकाश सेठ ने नियमित रूप से योगा करने के लिए बच्चों को सलाह दी। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, कुंदन राणा, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, चंदन पांडेय, संजय तिवारी, जयप्रकाश सिंह, सीमा जैन, सपना शर्मा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, सरोज पांडेय, रेणु सेठ, अलका सिंह, रूबी वर्मा, स्वीटी सिंह, लवली कुमारी, अनुष्का कुमारी, शशि राज, सुपर्णा डे समेत अन्य शिक्षक, बच्चे और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## पॉलिटेक्निक में आयोजित किया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**झुमरीतिलैया :–** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के प्रांगण में संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार के नेतृत्व में बड़े ही उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस योग दिवस के अवसर पर योग गुरु योगाचार्य प्रदीप सुमन एवं सुषमा सुमन के द्वारा संस्थान के कंप्यूटर इंजीनियरिंग माइनिंग इंजीनियरिंग इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं एनसीसी के छात्र छात्राओं एवं संस्थान के सभी व्याख्याता गण तथा कर्मचारी गण को विभिन्न योगासन कपाल भारती,अनुलोम विलोम वृक्षासन कराया गया। और उनके लाभ के संबंध में योगाचार्य सुषमा सुमन ने विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार ने छात्र–छात्राओं को योग के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि जीवन में नियमित रूप से योगासन जरूरी है। एकाग्रता के लिए योग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है वही कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान के व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार व्याख्याता मनोज यादव,भूपेंद्र कुमार अखिलेश कुमार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर संस्थान के प्रधान सहायक एवं समस्त कर्मचारी गण शामिल हुए।

## कैलाश राय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**झुमरीतिलैया :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम महर्षि पतंजलि के चित्र पर विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह सचिव अनुराग सिंह कोषाध्यक्ष नवल कुमार समिति सदस्य कुंज बिहारी त्रिवेदी और मुंशी यादव के द्वारा माल्यार्पण किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। पश्चात प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने योग की महत्ता पर वक्तव्य देते हुए कहा कि योग आज लोगों की आवश्यकता है। समय लद गया जब लोग योग को शौक से किया करते थे। आज जन–जन की आवश्यकता बन गया है योग। सभी चिकित्सा पद्धतियों से हारा हुआ इंसान योग का सहारा लेकर स्वस्थ हो रहा है। अत: आज हम संकल्प लें कि प्रत्येक दिन योग अवश्य करें। मौके पर उपस्थित सचिव अनुराग सिंह ने वक्तव्य देते हुए कहा कि योग हमें नीरोग रखने का सशक्त माध्यम है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार सह कोडरमा सासंद अन्नपूर्णा देवी किया भव्य स्वागत

# 10 वर्ष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर दिया : अन्नपूर्णा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**डोमचांच(कोडरमा)।** डोमचांच के एम.आर मार्केट में बीते शुक्रवार को रात्रि तकरीबन 8:30 बजे भाजपा कार्यकताओं ने महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार सह कोडरमा सासंद अन्नपूर्णा देवी का भव्य स्वागत किया। सबसे पहले कार्यकताओं ने मंत्री के ऊपर फूलों की बारिश की साथ ही फूलों का गुलदस्ता देकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। केन्द्रीय केबिनेट मंत्री बनने के बाद सबसे पहला दौरा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का था। डोमचांच में कार्यकताओं को सबोधित करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मै लोकसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता की ऋणी हूँ जिन्होंने मुझपर भरोसा जताया है तथा अपने पार्टी कार्यकर्ता कि भी आभारी हूँ जिन्होंने दिन रात एक करके कार्य किया है। साथ ही



उन्होंने कहा कि केन्द्र में तिसरी बार यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व भाजपा की सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर काफी जोर दिया है।आने वाले समय में इसका परिणाम देश के लोग देख पाएंगे। एक और बाद उन्होंने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी विगत 10 वर्षों से बेटी बढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ की दिशा में जिस तरह कार्य कर रहे हैं वह हम सबों के लिए घर की बात है और मुझे जो भी उनके नेतृत्व में जिम्मेवारी मिली है उसे धरातल पर लाना मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी , प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव,भाजपा नेता महेंद्र वर्मा, रमेश हर्षदर, राजेश सिंह, डोमचांच मंडल अध्यक्ष मुकेश राम,परमेश्वर यादव, भारत नारायण मेहता, महेंद्र यादव संजय मेहता, हिमांशु कुमार भाजपा आईटी सेल अभियंता प्रेमांशु कुमार,नितेश मोदी सुजीत कुमार, मिथलेश यादव,अमरदीप मुखिया संजय कुमार मेहता,राजेंद्र यादव यादव, विनय मोदी, सुरेश विश्वकर्मा, भागवत खटिक, संजीव कुमार, अखिल सिन्हा, सुनील सिन्हा मुन्ना सिंह के अलावे सैकड़ों तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव जीतने के बाद पहली बार कोडरमा पहुंचीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जगह-जगह स्वागत

**मरकच्चो :–** लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी पहली बार शुक्रवार की देर शाम कोडरमा जिले के बरियारडीह व नवलशाही पहुंचीं।इस दौरान गिरिडीह सड़क मार्ग से आने में उनका जगह–जगह स्वागत किया गया। इस दौरान बरियारडीह मोड़ व नवलशाही चौक पर पहले से जुटे भाजपा नेताओं व कार्यकर्तायों के द्वार गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। साथ ही उनके स्वागत में जमकर आतिशबाजी भी की गयी. इसके अलावे मंत्री का स्वागत डोमचांच, कोडरमा में भी किया गया। मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी जिंदाबाद, मंत्री अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल उपाध्यक्ष किशोर यादव,सांसद प्रतिनिधि साधु जी उर्फ बासुदेव यादव,कृष्णा साव,टिंकू यादव,पंकु साव,उमेश शर्मा,मनोज प्रकाश साव समेत बड़ी भारी संख्या में लोग मौजूद थे।



# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोगों ने किया योगाभ्यास,डीसी विधायक, और एसपी ने लोगों को बताया योग का महत्व

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :** 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोडरमा ब्लॉक मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज और एसपी अनुदीप सिंह समेत तमाम वरीय अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने योग प्रशिक्षकों की मौजूदगी में योगाभ्यास किया। पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षकों ने करीब 1 घंटे तक विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया.इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और युवा भी शामिल हुए कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और भारत माता की जय के साथ लोगों ने योग करना शुरू किया। इस मौके पर लोगों ने नियमित योग करने की शपथ भी ली।कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने योग को वैश्विक मंच देने में अहम भूमिका निभाई है और आज पूरा विश्व 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। कोरोना काल में भी लोगों ने योग को अपनाकर खुद को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाई।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने भी लोगों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी और उन्हें नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों को भी फिट रखने के लिए योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**कोडरमा में वैदिक मंत्रोच्चार और भारत माता की जय के नारों के साथ लोगों ने योगाभ्यास किया. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में आम लोगों के साथ विधायक, डीसी और एसपी ने भी किया योग**



## रेल ट्रैक पर भैंस कटने से ट्रेनों की गतिसीमा पर लगा ब्रेक 2 एक्सप्रेस ट्रेन सहित कई ट्रेनों की गतिसीमा थम-थम पर चली

**झुमरीतिलैया :** रेलवे नई दिल्ली से हावड़ा ग्रैंड कोड लाइन पर 160 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन चलाने की तैयारी में जुटा है।इसके लिए बंगाल, झारखंड, बिहार और यूपी के रास्ते हजारो किलोमीटर ट्रैक के दोनों साइड दीवार भी लगा दिया है।ताकि मवेशी और आदमी ट्रैक के अंदर नही पहुचे। लेकिन कुछ–कुछ क्षेत्रों में धोड़ी–थोड़ी जगह दीवार में छोड़ा गया है। जिससे मवेशी पार हो जाते है।कोडरमा–गझण्डी रेलखंड,कोडरमा–परसाबाद रेलखंड और कोडरमा–पिपराडीह रेलखंड में 8 से 10 मवेशी चपेट मे आ चुके है। इस वजह से मवेशी अगर ट्रैक पर रह जाता है तो परिचालन रोकना पड़ता है। और थोड़े साइड रहने पर ट्रेनों की गतिसीमा घटाकर 130 किलोमीटर के बजाय 20 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से चलाया जाता है। शुक्रवार को कोडरमा–गझण्डी रेलखण्ड पर एक भैंस चपेट में आ गया । इस वजह से 12818 आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 18480 नई दिल्ली पूरी समर स्पेशल सहित आधा दर्जन मालगाड़ियों को 11 बजे से 11:30 बजे तक गतिसीमा कम कर चलाया गया।

## 29 जून विशेष लोक अदालत को लेकर डोमचांच प्रखंड सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**डोमचांच(कोडरमा)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में शनिवार को डोमचांच प्रखंड सभागार में 29 जून को विशेष लोक अदालत सफल बनाने को लेकर लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
जागरूकता शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोमचांच अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पांडेय मौजूद थे। पूरे राज्य में भूमि एवं राजस्व के मामले पर विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जून को हो रहा है। विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि विशेष लोक अदालत भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने के लिए एक विशेष मंच है। इसका उद्देश्य भूमि एवं राजस्व संबंधी विवादों को समझौता करवाकर कम समय में निपटारा करना है। विशेष लोक अदालत में बताया गया कि नियमित न्यायिक प्रक्रिया की तुलना में विशेष लोक अदालतों के मामलों का निपटारा तुरंत होता है। पारंपरिक न्यायालय की तुलना में यहां पर लागत कम आती है। न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहती है। यहां पर विवादों का समाधान समझौते के माध्यम से किया जाता है, जिस पार्टियों के बीच रिश्ते बनाए रखने में मदद मिलती है। विशेष लोक अदालतें भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी से और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम करने और लोगों को त्वरित न्याय दिलाने में सहायक होती है। साथ उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगने जा रहा है इसके लिए भी प्रखंड एवं अंचल स्तर से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। मौके पर अंचल निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी प्रफुल्ल सिंह, राजस्व उप निरीक्षक मनीष कुमार, राजीव रंजन, सुरेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र चौधरी, केदार यादव, किशोर यादव, अनिल कुमार, सनोज कुमार, प्रेम कुमार, के अलावे महिला पर्यवेक्षाका जयंती कुमारी ,एलिजाबेथ तथा सेविका शकुंतला मेहता, गंगोत्री सिंह अंजलि मुखर्जी, सविता गुप्ता, कुमारी सरगम सिंह, सुनीता पांडेय, सुषमा यादव, संध्या कुमारी सुनीता मेहता, श्वेता सिंह, गुड़िया कुमारी अंजू देवी तथा पीएलवी सुब्रत कुमार मुखर्जी, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य प्रदीप सिंह, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# चार दिवसीय भारत निपुण समागम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का समापन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :–** डायट बेकोबार में चार दिवसीय भारत निपुण समागम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोडरमा जिला के समस्त प्रखंड के 100 शिक्षकों को शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण व उसके प्रयोग में दक्षता प्राप्त करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जहां डायट प्राचार्य सीता कुमारी द्वारा किया गया वहीं समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार ने भाग लिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अलग-अलग भाषाओं एवम गणित विषय से जुड़े शिक्षण अधिगम सामग्री का अवलोकन किए। टीएलएम बनाने वाले शिक्षकों ने उनके समक्ष प्रस्तुतिकरण भी किए। टीएलएम और इसके प्रेजेंटेशन देखकर डीएसई गदगद नजर आए। सामग्री



अवलोकन के पश्चात डीएसई कुमार ने मौके पर मौजूद एपीओ के के चांद,डायट के राजेंद्र कुमार,एमटी शाहजहां मिर्जा,एमटी जमील अख्तर, एमटी रेणु कुमारी,संध्या कुमार,आईईपीएल के प्रतिनिधि संदीप कुमार,संपर्क फाउंडेशन के नीतीश कुमार सिंह,डायट प्रभारी विजय कुमार , संकाय सदस्य अमित कुमार,राजेश कुमार, सुमंत कुमार,अजीत कुमार आजाद के साथ टीएलएम का जिला स्तरीय प्रदर्शनी के साथ-साथ राज्य स्तरीय प्रदर्शनी कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा किए एवं सबसे सुझाव मांगे। डीएसई ने कहा कि जिलास्तर पर जो टीएलएम तैयार हुई है उसका एक प्रदर्शनी का आयोजन 24 जून को किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में कोडरमा सहित चंदवारा, जयनगर, सतगावां, डोमचाच और मरकच्चो प्रखंड का अलग स्टॉल की व्यवस्था होगी। संबंधित प्रखंड के टीएलएम का प्रदर्शनी के दौरान प्रथम,द्वितीय एवम तृतीय पुरूस्कार के लिए विशेष ज्यूरी द्वारा चयन किया जाएगा। सभी विषयों के लिए तीन-तीन उत्कृष्ट टीएलएम का चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित टीएलएम को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन झारखंड के टाना भगत स्टेडियम रांची में किया जाएगा। टीएलएम के साथ-साथ जिला के 100 शिक्षक जिनके द्वारा टीएलएम तैयार किया गया है वे आवश्यक रुप से शामिल होंगे। वहीं डायट के प्राचार्य ने कहा कि टीएलएम सामग्री निर्माण से शिक्षकों में नया जोश देखने को मिला। यह अभ्यास लगातार बनी रहनी चाहिए। इसका उपयोग से स्कूलों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी।

## चार दिवसीय भारत निपुण समागम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का समापन

**कोडरमा :–** डायट बेकोबार में चार दिवसीय भारत निपुण समागम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोडरमा जिला के समस्त प्रखंड के 100 शिक्षकों को शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण व उसके प्रयोग में दक्षता प्राप्त करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जहां डायट प्राचार्य सीता कुमारी द्वारा किया गया वहीं समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार ने भाग लिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अलग-अलग भाषाओं एवम गणित विषय से जुड़े शिक्षण अधिगम सामग्री का अवलोकन किए। टीएलएम बनाने वाले शिक्षकों ने उनके समक्ष प्रस्तुतिकरण भी किए। टीएलएम और इसके प्रेजेंटेशन देखकर डीएसई गदगद नजर आए। सामग्री अवलोकन के पश्चात डीएसई कुमार ने मौके पर मौजूद एपीओ के के चांद,डायट के राजेंद्र कुमार,एमटी शाहजहां मिर्जा,एमटी जमील अख्तर, एमटी रेणु कुमारी,संध्या कुमार,आईईपीएल के प्रतिनिधि संदीप कुमार,संपर्क फाउंडेशन के नीतीश कुमार सिंह,डायट प्रभारी विजय कुमार , संकाय सदस्य अमित कुमार,राजेश कुमार, सुमंत कुमार,अजीत कुमार आजाद के साथ टीएलएम का जिला स्तरीय प्रदर्शनी के साथ-साथ राज्य स्तरीय प्रदर्शनी कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा किए एवं सबसे सुझाव मांगे। डीएसई ने कहा कि जिलास्तर पर जो टीएलएम तैयार हुई है उसका एक प्रदर्शनी का आयोजन 24 जून को किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में कोडरमा सहित चंदवारा,जयनगर, सतगावां,डोमचाच और मरकच्चो प्रखंड का अलग स्टॉल की व्यवस्था होगी। संबंधित प्रखंड के टीएलएम का प्रदर्शनी के दौरान प्रथम,द्वितीय एवम तृतीय पुरूस्कार के लिए विशेष ज्यूरी द्वारा चयन किया जाएगा।

# एनसीसी 45 झारखंड बटालियन में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :–** एनसीसी 45 झारखंड बटालियन हजारीबाग हेडक्वार्टर के तत्वाधान में बागीटाँड़ स्थित एनसीसी कार्यालय मैदान में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो बच्चों ने अपनी भागीदारी निभाई। योग गुरु प्रदीप सुमन एवं सुषमा सुमन ने सभी कैडेटों को योग के बारे में बताते हुए योग कराया। तथा योग के बारे में लोगों को जागृत किया। साथ ही साथ उन्होंने सभी कैडेटों से शपथ भी कार्रवाई की लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए प्रतिदिन योग करेंगे। वहीं कर्नल विजय कुमार ने कहा कि 10 वां योग दिवस पर हम





अपनी ओर से सभी देशवासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हैं। और मैं आभार प्रकट करता हूं योग गुरु प्रदीप सुमन और सुषमा सुमन का जिन्होंने हमारे इस कार्यालय कैंपस में आकर इन बच्चों को योग के प्रति जागरूक किया और योग सिखाया। वही कर्नल विजय कुमार ने दोनों योग गुरु को बुके देकर और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी बच्चों के लिए जूस और नमकीन की व्यवस्था की गई थी। सभी बच्चे योग करके आनंदीत दिखे। इस योग कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूबेदार मेजर रमेश प्रसाद राय, व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, व्याख्याता मनोज कुमार यादव, सूबेदार एसबी भगत , सूबेदार सुदीप सरकार, सूबेदार आलोक कुमार, सूबेदार ए एन ठाकुर नायब, सूबेदार चंद्रहार नायब, सूबेदार घसीटाराम, हवलदार विकास कुमार सिंह, हवलदार मनोज कुमार, हवलदार वीरेंद्र कुमार वर्मा, हवलदार रंजन कुमार, हवलदार सुमित बड़ा, हवलदार अजीत कुमार वार्डन रीता देवी आदि उपस्थित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू ने की एनपीयू में तालाबंदी

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू) ने नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों को बाहर कर तालाबंदी कर दी और कई घंटो तक मुख्य द्वार पर धरना दिया। छात्र नेताओं ने कहा कि पदाधिकारियों द्वारा मनमानी तरीके से विश्वविद्यालय को संचालित किया जा रहा है। जब मन तक परीक्षा तिथि घोषित कर देते हैं और जब मन उसे स्थगित कर छात्रों को परेशान करते हैं। सत्र 2023-27 और 2022-26 की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा परसो से शुरू होनी थी मगर आज उसे अचानक रद्द कर दी गयी। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि हमने विश्वविद्यालय से कई बार एनसीसीएफ की शिकायत कर उससे कार्यभार लेने की मांग थी। मगर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया। मौके पर राहुल मिश्रा, समीर तिवारी, प्रवीण, आशुतोष, कार्तिक आदि दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों सौंपा डीइओ को मांग पत्र

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात करके 8 सूत्री मांग पत्र सौंफा गया। मांगपत्र में गैर सरकारी विद्यालय, जो कृषि कार्य के नाम पर जमीन क्रय कर व्यावसायिक उपयोग में ला रहे है, उससे सरकार की राजस्व की हानि हो रही है। वे सभी गैर सरकारी विद्यालय व्यवसायिक राजस्व निर्धारित कर करके सरकार को व्यावसायिक राजस्व दें, सभी विद्यालय में ट्रेंड टीचर का प्रबंध हो, सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरा और अग्निशमन यंत्र लगाना सुनिश्चित करें, निजी विद्यालयों में गरीब छात्रों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर नामांकन की जांच कर शत प्रतिशत नामांकन कराया जाय एवं इसकी सूची भी विद्यालयवार सार्वजनिक की जाय। कई निजी विद्यालयों के भवन सरकारी नियमों को ताक पर रखकर बनाए जा रहे हैं, जहां कोई सुरक्षा का मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। एक्सलेंस ऑफ सीएम अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य संबधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाय, सभी सरकारी विद्यालयों में बिजली की समुचित व्यवस्था हो, निजी विद्यालयों की बसों में ओवरलोड और तेज रफ्तार पर अंकुश लगाया जाय, सभी विद्यालयों में एमडीएम के भोजन को मेनूवार बनवाने की व्यवस्था की जाय। मौके पर शमीम अहमद राइन वरिष्ठ कांग्रेसी गिरजा राम, मिथिलेश कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, रिजवान खान, रूद्र शुक्ला, सोनू खान, अमुक प्रियदर्शी, संतोष गुप्ता सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से छात्र की मौत

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** सदर थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव निवासी नरेंद्र कुमार के पुत्र 16 वर्षीय अश्विनी कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अश्विनी कुमार शनिवार की शाम अपने दोस्तों के साथ अपने घर के नजदीक तालाब में नहाने गया था। नहाने के क्रम में तालाब में डूब कर उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते के बाद सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। अश्वनी कुमार पोखरहा गुरुगोबिंद सिंह स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ाई करता था।

## बिजली, पानी, बालू खाद, बीज के लिए भाजपा का आक्रोश रैली

# मेदिनीनगर सम्हारणालय का घेराव कर किया गया आक्रोस प्रदर्शन

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** पलामू में विकराल बिजली, पानी, बालू, खाद, बीज और चरमराई हुई स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे जन मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पलामू के तत्वाधान में आक्रोश रैली निकाली गई और सम्हारणालय का घेराव कर आक्रोस प्रदर्शन किया गया गया। आक्रोश रैली की शुरूआत मेदिनीनगर रेड़मा काली मंदिर के सामने इरिगेशन ऑफिस के मैदान से हुई जो की रेड़मा चैक ओवर ब्रिज होते हुए कचहरी में प्रवेश की और समाहरणालय पहुंचकर भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं सहित बिजली पानी एवं बालू की समस्या से त्रस्त आम जनों ने आक्रोश प्रदर्शन किया एवं समाहरणालय का घेराव कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समाहरणालय का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की कटौती और बूंद बूंद पानी के लिए तरसते लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल के जलापूर्ति मंत्री होते हुए भी पलामू के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लोग बिजली-पानी के लिए लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं और सरकार बेफिक्र है। बालू की समस्या इतनी विकराल हो चुकी है कि बोरा से बालू लाने पर भी प्रशासन उनसे पैसे वसूल रही है पलामू चारों ओर से नदियों से घिरा हुआ है फिर भी लोग बालू के लिए तरस रहे हैं और यहां के बालू को सरकार बाहर भेज कर बेच रही है। सारे निर्माण कार्य ठप पड़ चुके हैं और स्थानीय मजदूर पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। डाल्टनगंज विधायक आलोक चैरसिया ने कहा कि अगर इस आक्रोश प्रदर्शन के बाद सरकार नहीं चढ़ती है और बिजली पानी बालू खाद्य बीज एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं करती है तो आगे इससे भी बड़ा आंदोलन के लिए सरकार तैयार रहे लोग घर बनाने के लिए भी बालू लाते हैं तो स्थानीय प्रशासन उनको पड़कर उनसे पैसे वसूलते हैं और पैसे वसूली कर मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को कमीशन पहुंचाया जाता है। भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है किसी भी अंचल कार्यालय में बिना पैसे दिए कोई कार्य नहीं होता है जनता को यह जानने की जरूरत है कि आज जमीन को लूटने में अगर किसी का हाथ है तो वह अंचल कार्यालय के अधिकारियों का है। पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने चंपई सोरेन सरकार पर कई तरह के संगीन आरोप लगाए. कहा कि चंपई सोरेन की सरकार जनता के लिए सबसे जरूरी बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा देने में विफल रही है. भीषण गर्मी में बिजली और पानी नहीं मिलने से आम लोग हलकान-परेशान हैं. सरकार की नीयत में ही बेइमानी है. इससे सरकार के प्रति जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है सीएम चंपई सोरेन राज्य के विकास की जगह अपने परिवार और चहेते विधायकों के विकास में लगे हुए हैं। विधायक छतरपुर पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की लूट मची है। रघुवर सरकार में जहां रोज 22 घंटे बिजली मिलती थी, चंपई सोरेन के शासन में जनता पानी और बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कर समिति के सदस्य विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर नारायण पांडे, कर्नल संजय सिंह, श्याम नारायण दुबे, विनोद सिंह, अजय तिवारी,दुर्गा जौहरी, मंगल सिंह, विजय ओझा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडे, अभिमन्यु तिवारी, शिवकुमार मिश्र, सोमेश सिंह, धीरेंद्र दुबे, विजय ठाकुर, रूप सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, सुमन सिंह, रूबी सिंह, शंकर गुप्ता, अविनाश सिंह छोटू, सुनील पांडे, शशि भूषण पांडे ,जवाहर चंद्रवंशी, विजय पाठक, बबन राम, अमरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## आहार की जमीन पर भू-माफिया की नजर

**विश्रामपुर (उज्वल दुनिया)।** केंद्र व राज सरकार द्वारा जल संचयन को लेकर आहार, पोखर, तालाब आदि का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। हर वर्ष मनरेगा सहित अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, ताकि वर्षा के पानी का संचयन हो और जल स्तर बना रहे। आहार, पोखर, तालाब से किसानों के द्वारा बड़े पैमाने पर सिंचाई आदि का कार्य किया जाता है। मगर भू माफिया बेखौफ ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी व निजी आहर, पोखर, तालाब को भर कर व प्लॉटिंग कर बेच रहे हैं। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र की भोले-भाले लोगों को थोड़े रुपए की लालच देकर यह सब कराने में सफल हो रहे हैं।

ऐसा ही विश्रामपुर प्रखंड के गुरहा गांव स्थित साया आहर के साथ हो रहा है। यह आहार एनएच 39 बाईपास के किनारे लगभग पांच एकड़ रकबा में अवस्थित है, जिसका आधा हिस्सा गैरमजरुआ और आधा रैयती है। गांव के लगभग 20 किसानों की आहर में जमीन है। भूमिया द्वारा कुछ किसानों को लालच देकर लगभग तीन एकड़ जमीन की प्लाटिंग कर ली गई है। इस आहार से लगभग 50 एकड़ भूमि सिंचित होती थी। भू माफियाओं के द्वारा आहार की जमीन खरीद लिए जाने के कारण किसानों की सिंचाई कार्य प्रभावित होंगे।

## सफाई कर्मियों का शोषण कर रही है बालाजी कंपनी

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** उपायुक्त की बैठक में सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि वे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन जाकर वहां मरीजो व उनके परिजनों को हो रही असुविधा को दुरुस्त कराएं। उपायुक्त के निर्देश पलामू सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह प्रतिदिन सुबह सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में अस्पताल में हो रही असुविधा को दुरुस्त करवाने में जुट गए हैं। शनिवार को अस्पताल में बालाजी कंपनी के सफाई कर्मियों ने सिविल सर्जन से मिलकर कहा कि सफाई कर्मियों को कंपनी द्वारा काफी कम पैसा छह हजार महीना दिया जा रहा है। वह भी समय पर नहीं दिया जाता है। दो-तीन महीने पर वेतन दिया जाता है। इस वजह से उनके लिए परिवार को चलाना काफी मुश्किल हो गया है। उनकी बातों को सुनकर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वह उनकी बातों को उपायुक्त के पास रखेंगे। जल्द ही सफाई कर्मियों की समस्या का समाधान किया जायेगा। बताते चले कि आजकल मजदूर की भी मजदूरी 200 रुपये नहीं है। दिहाड़ी मजदूर को भी काम करने पर प्रतिदिन 450 रुपये मिलते हैं। सदर अस्पताल के सफाई कर्मी अस्पताल में मेहनत से दिन रात सफाई करते हैं। इसके बाद भी उन्हें बालाजी कंपनी द्वारा ठगने का काम किया जा रहा है। प्रतिदिन 200 रुपये के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है। बालाजी कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने पैसा काम मिलने की शिकायत श्रम विभाग के पदाधिकारीयो से भी की हैं। परंतु ऐसा लगता है कि बालाजी कंपनी का श्रम विभाग के पदाधिकारीयो से सेटिंग है, जिसके कारण श्रम विभाग के पदाधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## यवहार न्यायालय परिसर में मनाया गया योग दिवस

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के तत्वावधान में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में योग ट्रेनर की उपस्थिति में सभी न्यायिक अधिकारियों, न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता, व पीएलभी ने योग किया। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने कहा कि योग प्रतिदिन करने से व्यक्ति निरोग रहता है व शरीर फिटनेस बना रहता है। साथ ही कार्य करने की क्षमता भी बढ़ती है। इससे कई प्रकार की बीमारियों स बचा जा सकता है। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह, राजकुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार, संजय सिंह यादव, निशिकांत, रजिस्ट्रार कमल प्रकाश, रोजलिना बारा, रीतू कुजूर, रश्मि चन्देल, अनिल शर्मा, अनिल मिश्रा, रवि भूषण, गायत्री पाठक, राजीव पांडेय, शशि शेखर, संजीव सिंह, सीमा कुजूर, सोनू कुमार चैधरी, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, शिवेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जेवर दुकानदार से चार लाख की लूट

**छतरपुर (उज्वल दुनिया)।** अयांश फैंसी ज्वेलर्स के मालिक से अज्ञात लुटरों ने लगभग 4 लाख रुपये के ज्वेरात की लूट की। दुकान के मालिक चंदन कुमार सोनी ने बताया कि छतरपुर के मदनुपर में शंकर साव के मकान में उनकी दुकान है। करीब सात बजे शाम में जब वे अपने आवास जा रहे थे तब ऊंटवानाला के समीप पीछे से बाइक से तीन लूटरे आये और पिस्टल कनपटी में सटा दी। इसके बाद उनकी बाइक की चाबी, मोबाइल और बैग में रखे 60 ग्राम सोना, तीन केजी चांदी को छीन कर जपला रोड की ओर भाग गये। भुक्तभोगी बाइक को लेकर पैदल ही छतरपुर थाना पहुंचा और पुलिस को लूट की सूचना दी। सूचना मिलते ही छतरपुर थाना के एसआई राहुल कुमार और एक अन्य पुलिस की टीम ने पीछा किया लेकिन लूटेरों को कुछ पता नही चला। राहुल कुमार ने बताया कि दुकानदार का मोबाइल जो छीन लिया था उसका लोकेशन से छतरपुर उदयगढ़ मोड़ के आगे तक बताया। लेकेशन के आधार पर पीछा किया गया। लेकिन लूटेरों भाग निकले। दुकानदार चंदन कुमार सोनी मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के शिवसागर थाना के मंलवार गांव के रहने वाला है।

## शिक्षकों की मर्जी से चल रहे है सरकारी विद्यालय



**हेरहंज (उज्वल दुनिया)।** झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा बच्चे व बच्चियों को शिक्षा अधिग्रहण करने के उद्देश्य से कई तरह की महत्वपूर्ण योजना चलाई गई है। जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में कठिनाई न हो। राज्य सरकार द्वारा यह भी सुविधा की जा रही है कि मौसम को देखते हुवे सभी सरकारी एवं गैरसरकारी संचालित स्कूलों का समय सारणी में बदलाव भी करते आ रही है। ताकि बच्चों को धूप,लू व ठंठ से बचाया जा सके। झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव द्वारा 21 जून को अधिसूचना जारी कर समय में बदलाव करते हुवे 30 जून तक सुबह 07 बजे से अपराह्न 01 बजे तक व 01 जुलाई से सुबह 09 बजे से अपराह्न 03 बजे तक अगले आदेश तक संचालित की जाएगी। लेकिन प्रखंड संकुल संसाधन केन्द्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय केडू के सहायक शिक्षक नंदकिशोर माली,श्यामा सिंह,राजकुमार की मनमर्जी से विद्यालय चल रहा है। वहीं शनिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर जिला परिषद सदस्य चंचला देवी ने राजकीय मध्य विद्यालय केडू का निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान 11रू30 बजे स्कूल में ताला लटका पाया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार से पूछे जाने पर बताया कि मैं उत्क्रमित उच्च विद्यालय केडू में बच्चों के नामांकन हेतु गए थे। और इधर मुझसे बिना सूचना दिए शेष शिक्षक ताला लगा कर घर निकल गए। यह बिल्कुल गलत है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता से पूछे जाने पर बताया कि इस बाबत इसकी जांच की जाएगी।

## गड्ढे में तब्दील हुआ चैनपुर मेन

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** चैनपुर मेन रोड का हाल खस्ता है। न जाने कितनी बार इस सड़क से विधायक-सांसद से लेकर मंत्री और अधिकरियों तक का आना-जाना होता है। लेकिन फिर भी इस सड़क की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। करीब एक वर्ष से यह सड़क जर्जर स्थिति में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात की पहली बारिश में ही सड़क की स्थिति इतनी बदतर हो जायेगी कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जायेगा। चैनपुर थाना मोड़ से लेकर समर तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। कई बार इस रास्ते से गुजरने पर मोटरसाइकिल से लेकर छोटे-बड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गये हैं। एक्सीडेंट में कई लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन रोड निर्माण विभाग आंख मूंदकर इसे देख रहा है। स्थानीय लोग कई बार विधायक, सांसद व मंत्री से इसकी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया है।

## अभाविप ने फूंका विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला



**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभय वर्मा के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो की नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में एनसीसीएफ कंपनी का कार्यकाल एक साल पूर्व ही पूरा हो जाने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन उससे कार्य करा रहा है। तीन दिन पूर्व से एनसीसीएफ कंपनी ने कार्य करना बंद कर दिया है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी संसय की स्थिति में हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा 24 तारीख से परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी गई थी। परंतु अब तक एडमिट कार्ड भी जारी नहीं हो सका है। इससे विद्यार्थी काफी परेशान हैं। परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन हो गया है। न समय पर प्रवेश है न परीक्षा है और न परिणाम हैं। परीक्षा की तिथि घोषित होने से छात्र संसय की स्थिति में हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों को छात्रों के भविष्य से कोई मतलब नहीं हैं। हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ हैं। गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाता है तो विद्यार्थी परिषद सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। इस मौके पर परिषद के सोशल मीडिया संयोजक राजन कश्यप, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा, अभिषेक तिवारी, अभय कुमार राहुल कुमार, कौशल मिश्रा, उत्कर्ष तिवारी, आशीष राज, रंजन यादव राहुल कुमार चेरो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस को आज पांकी के हरना में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के पांकी विधानसभा प्रभारी विकेश शुक्ला ने कहा कि 24 साल के युवा झारखण्ड में हजारों अलग राज्य के आंदोलनकारियों की कुबार्नी आज निरर्थक जा रही है। केन्द्रीय सचिव विजय मेहता ने कहा कि झारखण्ड नवनिर्माण के लिए एक बार फिर आंदोलन की जरूरत है। इस मौके पर तुलसी शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अकमल खान, सिद्धांत सिंह, रशिद अहमद, अमरेश महतो, नवल कुमार, अभय सिंह, अनिल ठाकुर, मुकेश सिंह, रबिन्द्र पाठक, नारायण सिंह, बरकत हुसैन, सतीश कुमार सिंह, मिलन सोनी, रामबली यादव, काजु सिंह, हसीब अन्सारी, डॉ. नागेंद्र कुमार बर्मा, मुखिया राकेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## मोटरसाइकिल के धक्के से साइकिल सवार की मौत

**मेदिनीनगर (उज्वल दुनिया)।** चैनपुर थाना क्षेत्र में शाहपुर ग्रामीण बैंक के पास शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में विजय चैधरी नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार विजय चैधरी चैनपुर थाना क्षेत्र के बंधुआ गांव का रहने वाला था। शनिवार की सुबह विजय चैधरी अपने घर से साइकिल पर सवार होकर शाहपुर लोहा दुकान में काम करने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में शाहपुर ग्रामीण बैंक के पास एक मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मार दिया जिससें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मोटरसाइकिल और चालक को पकड़ कर थाना ले गयी।

## डंडई प्रखंड में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक, कई बीडीसी का किया गया फर्जी हस्ताक्षर

### बीडीओ बोलें यदि फर्जी हस्ताक्षर हुआ है तो पंचायती राज के संबंधित एक्ट के तहत किया जाएगा कानूनी कार्रवाई



**डंडई ( उज्वल दुनिया)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को पंचायत समिति सदस्य के समीक्षा बैठक में प्रमुख कान्ति देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो के नजर के सामने अनुपस्थित कई पंचायत समिति सदस्यों का बैठक के रजिस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर कर दिया गया। जो पंचायती राज से संबंधित एक्ट का घोर उल्लंघन है। यदि बैठक में कई पंचायत समिति सदस्यों के बदले उनके पति या पुत्र बैठक में शामिल हो रहें हों तो उनपर प्रमुख और बीडीओ को ध्यान आकृष्ट करना चाहिए। नहीं तो सरकार का सिस्टम फेल हो जाएगा। जनप्रतिनिधियों के बदले उनके पति और पुत्र को बैठक में शामिल देख प्रमुख और बीडीओ इसके प्रति मौन साधे रहे। ऐसा लगा कि सरकार के नियमों को अनदेखी करते हुए सब साठ गांठ से बैठक को संपादित किया जा रहा है। फर्जी हस्ताक्षर करने वालों में सोनेहरा पंचायत के दक्षिणी भाग के पंचायत समिति सदस्य तारा देवी के पति कृष्णा पासवान, जरही पंचायत के पूर्वी भाग के बीडीसी रुपमणी देवी के पुत्र पवन कुमार गुप्ता डंडई पूर्वी भाग के पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख अंजली देवी के प्रति रामाशीष प्रसाद सहित अन्य का नाम शामिल है। वही तसरार पंचायत के पंचायत समिति सदस्य देवंती देवी के बदले उनके पति अशोक राम अपने को बीडीसी लिखते हुए अपना नाम अशोक राम का हस्ताक्षर कर दिया है। जो रजिस्टर पर अंकित है। दरअसल प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडई के पत्रांक 628 दिनांक 19/06/2024 के आलोक में प्रमुख क्रांति देवी के अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक चल रही थी । जहां पर कई पंचायत समिति सदस्य अनुपस्थित थे। उनके बदले में उनके पति व पुत्र बैठक में शामिल हुए थे और वह पंचायत समिति सदस्य का फर्जी हस्ताक्षर करने में नहीं हिचके। शायद पहले के बैठकों में भी ऐसा होता रहा होगा जिस कारण पदाधिकारियों के समक्ष भी फर्जी हस्ताक्षर करने में कोई झिझक नहीं रही। फर्जी हस्ताक्षर के संबंध में बीडीओ जागो महतो ने कहा कि यदि फर्जी हस्ताक्षर हुए हैं तो पंचायती राज विभाग के संबंधित एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जो लोग बैठक में अनुपस्थित हुए हैं उनका स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। वहीं प्रमुख कांति देवी ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य की समीक्षा बैठक के रजिस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर करना गलत बात है। फर्जी हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों पर विधि संगत कार्रवाई करने की जायेगी। वहीं बैठक में मनरेगा, शिक्षा ,कृषि, स्वास्थ्य, पेयजल 15 वें वित्त, लघु कुटिर उद्योग सहित सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर करते हुए समीक्षा की गई। आ रही समस्याओं पर बीडीओ ने उपस्थित संबंधित विभाग के पदाधिकारी को समस्याओं को दूर करते हुए योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य लाल मुन्नी गुप्ता, अरविंद कुमार पासवान , तेज बहादुर सिंह, मनीष चौधरी, अखिलेश पासवान ,पंचायत सचिव नरेश ठाकुर, सुनील कुमार राजेंद्र कुमार दास, सुदर्शन राम, रोजगार सेवक प्रमोद प्रजापति, बृजमोहन कुमार, दिनेश कुमार रवि, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी थाना प्रभारी जनार्दन राउत सहायक अभियंता राहुल कुमार, बीटीएम सत्येंद्र कुमार माली सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संपादकीय

# पूंजीवादी व्यवस्था में उत्पन्न होने वाले खतरों को डॉ हेडगेवार ने पहिचान लिया था

आज पूरे विश्व में पूंजीवाद की तूती बोल रही है। लगभग समस्त देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं को पूंजीवाद के सिद्धांत के आधार पर चला रहे हैं। मुक्त बाजार अथवा मुक्त उद्यम प्रणाली पूंजीवाद का दूसरा नाम है, जो उत्पादक संसाधनों पर निजी स्वामित्व के हक को मानते हुए देश में आर्थिक विकास को गति देने की नीति को अपनाती है। पूंजीवादी सिद्धांत के जनक कहे जाने वाले एडम स्मिथ का कहना था कि अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक धनकुबेर पैदा होने चाहिए, इससे अंततः वह देश विकसित देश की श्रेणी में शामिल हो सकता है। अतः देश में धनकुबेर पैदा करने में शासन द्वारा आर्थिक नीतियों को उद्योगपतियों के हित में बनाया जाना चाहिए। इस सम्बंध में एडम स्मिथ ने ह्लवेल्थ आफ नेशनह्ल नामक सिद्धांत भी प्रतिपादित किया था, जिसमें यह कहा गया था कि बाजार को चलाने में किसी अदृश्य शक्ति की भूमिका होती है। इस अदृश्य शक्ति में शासन की नीतियों को भी शामिल किया जा सकता है। पूंजीवादी सिद्धांत पर आधारित आर्थिक नीतियों को अमेरिका में बहुत उत्साहपूर्वक लागू किया गया था। 1950 के दशक के बाद अमेरिका में इन सिद्धांतों के अनुपालन के पश्चात अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर बहुत तेजी से आगे बढ़ी और शीघ्र ही अमेरिका विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो गया था। हालांकि, इस आर्थिक विकास के परिणामस्वरूप देश में आर्थिक असमानता भी उतनी ही तेज गति से बढ़ती है क्योंकि देश में आर्थिक नीतियों को एक वर्ग विशेष को आगे बढ़ाने की दृष्टि से विकसित किया जाता है, इससे अमीर और अधिक अमीर होते चले जाते हैं एवं गरीब और अधिक गरीब होते चले जाते हैं।

विश्व में साम्राज्यवाद का सिद्धांत सबसे पुराना माना जाता है। शक्ति एवं प्रभुत्व बढ़ाने की राज्य की नीति मानी जाती रही है और इसकी समय समय पर वकालत भी की जाती रही है। कुछ क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष रूप से अधिग्रहण करके एवं कुछ क्षेत्रों पर राजनैतिक एवं आर्थिक नियंत्रण करके कुछ राज्य अपने वर्चस्व को बढ़ाते रहे हैं। ब्रिटिश शासन ने भी इसी सिद्धांत का अनुसरण करते हुए दुनिया के कई देशों पर अपना राज्य कायम कर लिया था। इस सिद्धांत के अनुपालन से भी जिन राज्यों पर सत्ता स्थापित की जाती है उन राज्यों के नागरिकों को दोयम दर्जे का नागरिक बना लिया जाता है और उनका शोषण किया जाता है। इस शासन प्रणाली में भी गरीब और अधिक गरीब हो जाते हैं और राज्य करने वाले देश के नागरिक शोषित राज्यों के संसाधनों का अति शोषण करते हुए इन्हें अपने हित में उपयोग करते हैं और वे स्वयं अमीर से और अधिक अमीर बनते चले जाते हैं।

पूंजीवाद के सिद्धांतों का अनुपालन करने वाले कुछ देशों, विशेष रूप से अमेरिका के विकसित देश हो जाने के पश्चात, ने भी बाद के समय में साम्राज्यवाद का चोला पहिन लिया था। इन पूंजीवादी देशों ने छोटे छोटे गरीब देशों के संसाधनों पर व्यापार के माध्यम से अपना हक जताना प्रारम्भ कर दिया था। शोषण करने वालों के केवल नाम बदल गए थे, क्योंकि राज्यों के स्थान पर अब पूंजीपति इन देशों के नागरिकों एवं संसाधनों का शोषण करने लगे थे। एक तरह से पूंजीवाद स्वयं ही राजा बन बैठा। वैसे भी पूंजीवाद के सिद्धांतों के आधार पर चलने वाली अर्थव्यवस्था में येन केन प्रकारेण लाभ कमाना ही मुख्य लक्ष्य होता है, चाहे इसके लिए किसी वर्ग अथवा देश का शोषण ही क्यों न करना पड़े।

एक आर्थिक प्रणाली के रूप में पूंजीवाद की उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में मानी जा सकती है। इंग्लैंड में 16वीं से 18वीं शताब्दी तक, कपड़ा उद्योग जैसे बड़े उद्यमों के औद्योगिकीकरण ने एक ऐसी प्रणाली को जन्म दिया जिसमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए संचित पूंजी का निवेश किया गया और उद्योगपतियों ने मजदूरों का शोषण प्रारम्भ कर अधिक लाभ अर्जित करना प्रारम्भ किया। इस प्रकार किसी एक व्यक्ति को पूंजीवाद का आविष्कार करने वाला नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि पूर्ववर्ती पूंजीवादी प्रणालियां प्राचीन काल से ही अस्तित्व में थीं।

चूंकि पूंजीवादी सिद्धांतों के अनुपालन में कुछ देश तेजी से विकास कर रहे थे एवं कुछ अन्य देशों का अति शोषण हो रहा था और पूंजीवाद एक तरह से विश्व के कई देशों में फैल रहा था अतः पूंजीवाद के साम्राज्यवाद के पद चिन्हों पर आगे बढ़ने के कारण डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1920 में नागपुर में आहूत किए जाने वाले कांग्रेस के अधिवेशन में प्रस्ताव समिति के सामने एक प्रस्ताव रखने का प्रयास किया था। इस प्रस्ताव में दो विषयों का उल्लेख किया गया था। एक, कांग्रेस को यह वादा करना चाहिए कि वह अंग्रेजों से भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के नीचे कुछ भी स्वीकार नहीं करेगी और दूसरे, पूरे विश्व को पूंजीवादी नीतियों से मुक्ति दिलायी जाएगी। परंतु, दुःख का विषय है कि उस समय के कांग्रेस के नेताओं ने डॉक्टर हेडगेवार के उक्त प्रस्ताव को प्रस्ताव समिति से आगे बढ़ने ही नहीं दिया एवं यह प्रस्ताव कांग्रेस अधिवेशन में भी प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

# ब्रिटेन के सबसे धनी हिंदुजा को जेल

डॉ. अशोक कुमार भार्गव


बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर वाली कहावत को चरितार्थ किया है, ब्रिटेन के हिंदुजा परिवार ने। ब्रिटेन के सबसे धनी भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार को स्विस कोर्ट ने सजा सुनाई है। कोर्ट ने यह सजा, उन्हें अपने निजी सेवकों को बंधक बनाए रखने, उन्हें स्विस कानून के अनुसार न्यूनतम से भी बहुत कम वेतन देने, 16 से 18 घंटे नियमित काम लेने के आरोप प्रमाणित होने के बाद सुनाई है। भारतीय मूल के कारोबारी प्रकाश हिंदूजा उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार साल की सजा, उनके बेटे और बहू को 4-4 साल की सजा से दंडित किया गया है। उनके मैनेजर नियाजी को भी 18 माह की सजा दी गई है। हिंदुजा परिवार पर आरोप था कि उन्होंने अपने घरेलू सेवकों के पासपोर्ट छीनकर अपने पास रख लिए थे। उन्हें भारतीय मुद्रा में भुगतान किया जाता था, ताकि वह नौकरी छोड़कर भाग नहीं जाएं। निजी सेवकों से 16 से 18 घंटे काम कराया जाता था। उन्हें कोई छुट्टी नहीं दी जाती थी। स्विस कानून के अनुसार न्यूनतम वेतन का दसवां हिस्सा ही उन्हें हिंदुजा परिवार द्वारा भुगतान किया जा रहा था। हिंदुजा परिवार के किसी भी सदस्य की पुकार पर सेवकों को तुरंत सेवाएं देनी होती थीं। भय के माहौल में नौकरों को रखा गया था। घर में काम करने वाले निजी सहायकों को 2.38 लाख रुपए वार्षिक का भारतीय मुद्रा में भुगतान किया जा रहा था। हिंदुजा परिवार अपने कुत्तों के रख-रखाव और खाने पर 8 लाख रुपये वार्षिक भारतीय मुद्रा में खर्च कर रहा था। निजी सहायकों को विला से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती थी। हिंदुजा परिवार ब्रिटेन का सबसे बड़ा कारोबारी है। मीडिया, आईटी कंपनी और रियल एस्टेट में काम कर रहे, इस कारोबारी के पास 1.67 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। हिंदुजा परिवार अपने घरेलु सेवकों जो उनकी 16 से 18 घंटे तक लगातार सेवा करते थे। उनका इस तरह से शोषण किया जाना आश्चर्यचकित करने वाली घटना है। जेनेवा की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। हिंदुजा परिवार की इस तरह की करतूतों को जानकर हर कोई हैरान है। कोई अपने निजी सहायकों के साथ इस तरह का व्यवहार कर सकता है? प्रकाश हिंदुजा की उम्र 78 साल की है। उनकी पत्नी की उम्र 75 साल की है। उनके बेटे अजय और बहू की सेवा में रहने वाले निजी सहायकों का उनके द्वारा ही इस तरह का शोषण किया जाएगा। कोर्ट में जब इस मामले के सारे तथ्य उजागर हुए। तब कोर्ट भी हैरान रह गई। हिंदुजा परिवार के निजी सहायक रसोईया और घरेलू कामकाज करते थे। उन निजी सहायकों से 16 से 18 घंटे तक बिना किसी छुट्टी के काम लिया जाता था। निजी सहायकों और उनके बीच में कोई भी लगाव नहीं पनपा। स्विस कानून के अनुसार न्यूनतम मजदूरी का दसवां हिस्सा ही उन्हें दिया जा रहा था। जिनेवा स्थित झील के किनारे जिस विला में वह रहते थे, वहां पर नौकरों के लिए रहने और खाने-पीने के लिए भी कोई इंतजाम नहीं रखा गया। जानवरों की तरह विला के बेसमेंट या फर्श पर उनके घरेलू नौकर रहने और सोने के लिए विवश थे।

लाखों करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक यदि इस तरह का व्यवहार अपने निजी सहायकों के साथ करेंगे, इस पर सहज रूप से विश्वास नहीं होता है। विशेष रूप से भारतीय मूल के कारोबारी यदि इस तरह का व्यवहार करें, तो यह समझ से परे है। हिंदुजा परिवार पैसा कमाने और पैसा बचाने के लिए यदि इस तरीके के अमानवीय कृत्य करता है। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। भारत से लोगों को बुलाकर उन्हें भारतीय समुदाय के होने का विश्वास दिलाकर विदेश में बसे अरबपति-खरबपति उद्योगपति, अपने समुदाय के साथ इस तरह का विश्वासघात करते हैं। उन्हें इस तरह की सजा मिलनी ही चाहिए। यह कितने असंवेदनशील हैं, इस बात का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है।

जो निजी सहायक इनकी 16 से 18 घंटे तक सेवा करते थे, उनके साथ इस तरह का व्यवहार तो कसाई भी नहीं करता है। जैसा यह उद्योगपति परिवार कर रहा था। भारत में कहावत है, नाम बड़े और दर्शन छोटे। प्रकाश हिंदुजा के परिवार को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। हर साल अरबों-खरबों रुपए की कमाई करते हैं। करोड़ों रुपए का टैक्स चुकाते हैं।

उसके बाद भी इनमें इतनी भी मयार्दा नहीं है, कि वह अपने निजी सहायकों की मौलिक आवश्यकताओं और जरूरतों को पूरा कर सकें। कुत्ते पर ज्यादा खर्च करना और नौकरों को बंधक बनाकर उनसे काम लेने की इस घटना पर बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। ऐसे बड़े आदमी होने का कोई मतलब भी नहीं है, जिसमें कोई इंसानियत ही ना हो। स्वार्थ में इतने अंधे हो, पैसे बचाने के लिए वह इतने निचले स्तर तक चले जाएं। 78 साल के प्रकाश हिंदुजा जो भारतीय मूल के हैं। भारतीय संस्कारों को जानते हैं। वह अरबों-खरबों की संपत्ति को अर्जित कर लें। जब उनकी मृत्यु होगी, सारी संपत्ति यहीं रह जाएगी। उसका वारिश भी उस समय कौन होगा, यह भी उन्हें पता नहीं होगा। इसके बाद भी अपने ही निजी सहायकों का इस तरह का शोषण, भारतीय संस्कारों के ठीक विपरीत है। इस उम्र में यदि इस तरह की उनकी हरकतें हैं, तो इन्हें भारतीय मूल का भी नहीं कहा जा सकता है।

# न्यायिक कटघरे में आरक्षण सीमा


नीरज कृष्ण

> भारत की आरक्षण नीति की जड़ें स्वतंत्रता-पूर्व युग से जुड़ी हैं, जहाँ अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) द्वारा सामना किए जा रहे सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर करने के प्रयास किए गए थे

भारत की जटिल राजनीतिक परिदृश्य में, आरक्षण की नीति सर्वाधिक विचारणीय और स्थायी विषयों में से एक है। सामाजिक न्याय और समानता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्मित यह नीति, अपने कार्यान्वयन के बाद से राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य को गहन रूप से प्रभावित करती रही है। यद्यपि इसने ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के उत्थान को सुगम बनाया है, यह विवाद का केंद्र बिंदु भी रहा है और प्रायः राजनीतिक चालबाजी और सत्ता के लिए सहारे के रूप में काम करता है।

भारत की आरक्षण नीति की जड़ें स्वतंत्रता-पूर्व युग से जुड़ी हैं, जहाँ अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) द्वारा सामना किए जा रहे सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर करने के प्रयास किए गए थे। भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार और हाशिए के समुदायों के प्रबल हिमायती डॉ. बी.आर. आंबेडकर ने आरक्षण की अवधारणा को संवैधानिक ढांचे में समाहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन समुदायों को शिक्षा, रोजगार और राजनीति में निष्पक्ष प्रतिनिधित्व प्रदान करना था, जिससे उन्हें सदियों के दमन और बहिष्कार से मुक्त होने में सक्षम बनाया जा सके।

दशकों से, आरक्षण नीति भारत की चुनावी राजनीति से गहरा रूप से जुड़ी हुई है। राजनीतिक दल, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) द्वारा दर्शाए गए महत्वपूर्ण वोट बैंक को पहचानते हुए, अक्सर समर्थन जुटाने के लिए आरक्षण के वादे का इस्तेमाल करते रहे हैं। यह रणनीति चुनाव अभियानों के दौरान विशेष रूप से स्पष्ट रही है, जहां आरक्षण कोटे का विस्तार, संशोधन या संरक्षण करने के वादे केंद्रीय विषय बन जाते हैं।

भारतीय राजनीति के जटिल और प्रायः अशांत परिदृश्य में, आरक्षण नीतियों ने एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद विषय के रूप में एक स्थायी स्थान प्राप्त कर लिया है। ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से आरंभ की गईं, भारत की आरक्षण प्रणाली शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी नौकरियों और विधायिकाओं में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित प्रतिशत सीटें आवंटित करती है। यद्यपि, इन नीतियों के मूल उद्देश्य को कभी-कभी राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए इनके रणनीतिक उपयोग से ग्रहण लग जाता है।

स्वतंत्रता-पूर्व युग में किए गए पूना पैक्ट जैसे उपायों के साथ, भारत में आरक्षण प्रणाली की जड़ें गहरी हैं। स्वतंत्रता के बाद, भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 15(4), 16(4) और 46 के माध्यम से वंचित वर्गों के सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण व्यवस्था को संस्थागत बनाया। 1980 की मंडल आयोग की रिपोर्ट, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27% आरक्षण की सिफारिश की थी, ने इन नीतियों के दायरे का विस्तार किया।

1980 के दशक के उत्तरार्द्ध में, मंडल आयोग की सिफारिशों ने एक निर्णायक मोड़ को चिन्हित किया। इन सिफारिशों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया था। 1990 में लागू करने पर, इन सिफारिशों ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों और जवाबी कार्रवाई को जन्म दिया, जिसने इस नीति के गहन ध्रुवीकरणकारी स्वरूप को रेखांकित किया। यद्यपि, उन्होंने ओबीसी वर्ग के राजनीतिक महत्व को सुदृढ़ किया, जिसके परिणामस्वरूप राजनीतिक गठबंधनों और मतदाता आधारों का पुनर्गठन हुआ।

समय के साथ, भारत के राजनीतिक परिदृश्य में विविधता आने के साथ, आरक्षण नीतियों की भूमिका में भी परिवर्तन आया है। जो प्रारंभ में एक सकारात्मक कार्रवाई योजना के रूप में शुरू हुआ था, वह अब एक प्रभावशाली राजनीतिक उपकरण बन गया है।

भारतीय राजनेताओं ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए आरक्षण नीतियों का तेजी से उपयोग किया है।इस रणनीति में महत्वपूर्ण मतदाता आधार बनाने वाले विशिष्ट समुदायों को आकर्षित करने के लिए बढ़े हुए आरक्षण प्रतिशत का वादा करना या लागू करना शामिल है।ऐसा करके, राजनेताओं का लक्ष्य इन समुदायों की वफादारी और वोट सुरक्षित करना होता है, जिससे अक्सर अल्पकालिक चुनावी लाभ होता है।

तमिलनाडु देश में सबसे अधिक आरक्षण कोटा रखने वाले राज्यों में से एक है, जहां अनुसूचित जाति,




अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ी जातियों के लिए 69% सीटें आरक्षित हैं। राज्य की द्रविड़ पार्टियों ने पिछड़े वर्गों और दलितों के बीच अपने समर्थन आधार को मजबूत करने के लिए आरक्षण प्रतिशत में लगातार वृद्धि की है।

मराठा समुदाय, महाराष्ट्र में, लंबे समय से आरक्षण की मांग करता रहा है। 2018 में, राज्य सरकार ने मराठों को 16% आरक्षण दे दिया, जिससे कुल आरक्षण 68% हो गया, जो सुप्रीम कोर्ट की 50% की सीमा को पार कर गया। इस कदम को सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा मराठा वोट बैंक को सुरक्षित करने के प्रयास के रूप में देखा गया।

राजस्थान में गुर्जर समुदाय की आरक्षण की मांग के चलते भारी अशांति फैल गई। राज्य सरकार ने अंततः गुर्जरों और अन्य समुदायों को सबसे पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) श्रेणी के तहत 5% आरक्षण प्रदान किया, जो फिर से 50% की सीमा से अधिक हो गया।

हरियाणा में जाट समुदाय का आरक्षण के लिए आंदोलन 2016 में हिंसक प्रदर्शनों में परिणत हुआ। राज्य सरकार ने जवाब में जाटों को नई बनाई गई पिछड़ा वर्ग (सी) श्रेणी में 10% आरक्षण देकर जवाब दिया।

न्यायालय ने फिर एक बार आरक्षण की सीमा के प्रति अपना जोफैसला सुनाया है, उस पर बहस ही नहीं, बल्किराजनीति भी तेज हो सकती है। यह एक बड़ा बदलाव है कि पटना उच्चन्यायालय ने गुरूवार को राज्य में सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षणसंस्थानों में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियोंके लिए आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने कीबिहार सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया है।

अदालत ने आरक्षणमें वृद्धि की सांविधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाईकरते हुए यह फैसला सुनाया है। याचिकाकताओं का तर्क था कि राज्यसरकार द्वारा आरक्षण सीमा में की गई वृद्धि उसके विधायी अधिकार सेअधिक है। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रनकी अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बिहार सरकार को फिर सोचने और नएकदम उठाने के लिए प्रेरित किया है। अदालत दृढ़ है कि कुल आरक्षणकी सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

गौरतलब है किपिछले नवंबर में बिहार सरकार ने दो आरक्षण विधेयकों के लिए एकगजट अधिसूचना जारी की थी। एक अधिसूचना से सरकारी सेवाओं मेंरिक्तियों को भरने के लिए आरक्षण कोटा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65प्रतिशत कर दिया गया। ठीक ऐसी ही बढ़ोतरी एससी, एसटी, ईबीसीऔर ओबीसी के लिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए की गई।इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिएअतिरिक्त 10 प्रतिशत आरक्षण को मिला दें, तो बिहार में कुल आरक्षणकी सीमा 75 प्रतिशत तक पहुंच जाती। हालांकि, अब बिहार सरकार कोपरेशानी उठानी पड़ेगी, ज्यादा आरक्षण देने की उसकी कोशिशों परअंकुश लग गया है। एक छोटी सी जमात ऐसी है, जो आरक्षण याआरक्षण की सीमा बढ़ाने के पक्ष में नहीं है, पर जिस हिसाब से लोगोंकी महत्वाकांक्षा और जरूरतें बढ़ी हैं, उस हिसाब से आरक्षण की सीमाबढ़ाना ज्यादातर राज्य सरकारों के लिए मजबूरी बनता जा रहा है।

अनेकराज्यों में आरक्षण की नई मांग हो रही है। विरोध-प्रदर्शन तक किए जारहे हैं, अतः आरक्षण की राजनीति करने वालों के लिए यह समयअनुकूल है, पर जरूरत राजनीति से ऊपर उठकर देखने की है। दरअसल,आरक्षण के इस पूरे विवाद को विस्तार से समझने और सुलझाने कीजरूरत है। न्याय की दहलीज पर आरक्षण के कुछ फैसले बार-बारठिठक क्योंम जाते हैं?

बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में आरक्षण की सीमाबढ़ाने में समस्या है, पर तमिलनाडु में सीमा पार जाकर आरक्षण दिया जारहा है। आरक्षण जरूर होना चाहिए और उसमें एकरूपता भी होनीचाहिए राज्यों में बहुत अलग-अलग आरक्षण सीमा उचित नहीं है। जहांतक संविधान में समानता के मौलिक अधिकार के उल्लंघन का प्रश्न है,तो उसे आरक्षण के संदर्भ में नहीं उठाना चाहिए। जहां भी जरूरत है,आरक्षण जरूर मिले, पर उसके नियमों में एकरूपता हो। परिस्थितिविशेष में इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ के मामले में 50 प्रतिशत कीअधिकतम आरक्षण सीमा तय की गई थी, पर अब उससे आगे बढ़ने कीजरूरत है। अगर राज्य सरकारों को आरक्षण बढ़ाने का अधिकार नहीं है,तो केंद्र सरकार ही आगे बढ़कर जरूरी कानूनों में संशोधन करे, ताकिअदालतों में आरक्षण की सीमा पर सवाल की नौबत न आए।

सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई भारत की आरक्षण नीति विवादों से घिरी रही है। इसके विरोधी यह तर्क देते हैं कि यह नीति जाति व्यवस्था को समाप्त करने के बजाय उसे जड़ से मजबूत करती है, और योग्यता के आधार पर चयन की प्रक्रिया को कमजोर कर, पात्रता की अनुभूति को बढ़ावा देती है. दीर्घकालिक प्रभावशीलता को लेकर भी चिंताएं हैं, कुछ का मानना है कि यह नीति सामाजिक-आर्थिक असमानता के मूल कारणों का समाधान नहीं करती बल्कि केवल अस्थायी राहत प्रदान करती है.

दूसरी ओर, समर्थक सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण को एक आवश्यक उपकरण मानते हैं. उनका तर्क है कि इस तरह के उपायों के अभाव में, वंचित समुदाय गरीबी और भेदभाव के चक्रव्यूह में फंसे रहेंगे. वे दावा करते हैं कि यह नीति केवल क्षतिपूर्ति के बारे में नहीं है बल्कि एक ऐसे समतल मंच के निर्माण के बारे में है जहां सभी नागरिकों को सफलता प्राप्त करने के समान अवसर प्राप्त हों।

पिछले कुछ वर्षों में, आरक्षण नीति ने नई चुनौतियों और रूपांतरों का सामना किया है। वर्ष 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) कोटे की शुरूआत, जो आर्थिक मानदंडों के आधार पर सामान्य वर्ग के व्यक्तियों को आरक्षण लाभ प्रदान करता है, एक महत्वपूर्ण परिवर्तन था। इस कदम को उन लोगों की शिकायतों का समाधान करने के प्रयास के रूप में देखा गया, जो स्वयं को पारंपरिक जाति-आधारित आरक्षण प्रणाली से वंचित पाते थे।

अधिकाधिक, न्यायपालिका ने आरक्षण नीति के ढांचे को निर्धारित करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के अंतर्गत ह्लक्रीमी लेयरह्ल अवधारणा पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय जैसे ऐतिहासिक फैसलों का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना रहा है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में वंचित वर्गों तक पहुंचे, न कि इन समुदायों के अपेक्षाकृत सुविधसम्पन्नलोगों तक।

हाशिए के समुदायों के उत्थान के लिए सकारात्मक कार्रवाई की नीतियों को लागू करना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। यद्यपि, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ये नीतियां अपने मूल उद्देश्य से भटक न जाएं और मात्र राजनीतिक लाभ के उपकरण के रूप में परिवर्तित न हो जाएं। आरक्षण प्रणाली की प्रभावशीलता और उसके दीर्घकालिक प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक व्यापक समीक्षा की आवश्यकता है।

सरकार को समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों को अपनाना चाहिए, जो किसी विशिष्ट समुदाय को अनुचित लाभ प्रदान किए बिना सामाजिक न्याय सुनिश्चित करे। यह सुनिश्चित करने के लिए मजबूत न्यायिक निरीक्षण आवश्यक है कि आरक्षण नीतियां संविधान के अनुरूप हों और उनका कार्यान्वयन कानून के दायरे में रहे।सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने और आरक्षण प्रणाली के प्रति सार्वजनिक समझ को बेहतर बनाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। इस जटिल मुद्दे पर सार्थक चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए वस्तुनिष्ठ विश्लेषण और तथ्यात्मक आंकड़ों पर आधारित सार्वजनिक शिक्षा आवश्यक है।

यह स्पष्ट है कि आरक्षण नीतियों का राजनीतिकरण भारत में सामाजिक न्याय और चुनावी राजनीति के बीच जटिल संबंध को दशार्ता है। यद्यपि ऐतिहासिक अन्यायों को दूर करने के लिए आरक्षण एक महत्वपूर्ण उपकरण है, लेकिन इसका रणनीतिक उपयोग दीर्घकालिक सामाजिक न्याय लक्ष्यों को कमजोर कर सकता है।भारत के निरंतर विकास के लिए, सकारात्मक कार्रवाई और योग्यता के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। यह दृष्टिकोण सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देगा और प्रभावी शासन सुनिश्चित करेगा।

# डॉ. मुखर्जी: निष्काम, निस्वार्थ, निष्कपट राज-योगी

विष्णुदत्त शर्मा

जम्मू- कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 23 जून को बलिदान दिवस है। कश्मीर से विरोधाभासी प्रावधानों की समाप्ति के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया, लेकिन चाहकर भी उनका यह स्वप्न उनके जीते जी पूरा नहीं हो पाया और रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बाद तब पूरा हुआ जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने अगस्त 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35-। को समाप्त करने का बिल पारित कराया। लेकिन डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का भारत और भारतीयों के लिए योगदान सिर्फ जम्मू-कश्मीर तक सीमित नहीं है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व का समग्र विश्लेषण उन्हें उन युग-पुरुषों में स्थापित करता है, जो वर्तमान की देहलीज पर बैठकर भविष्य की सामाजिक और राजनीतिक गणनाओं का आंकलन करने में समर्थ थे। पचास के दशक में, जनसंघ की स्थापना के मंगलाचरण के दौर में भारत की भावी राजनीति और सामाजिक व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने जो चिंताएं व्यक्त की थीं, वो आज पूरी विकरालता और भयावहता के साथ सिर उठाती दिखाई देती हैं।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंगाली भद्रलोक के ऐसे प्रभावशाली परिवार में जन्मे थे, जो उस समय बंगाल में अपनी बौद्धिकता के लिए विख्यात था। मात्र 33 साल की उम्र में डॉ. मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए थे। इतनी कम उम्र में कुलपति बनने वाले वो पहले भारतीय थे। उनके पिता भी कलकत्ता विश्वविद्यालय में कुलपति रह चुके थे, लेकिन डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने यह मुकाम अपनी योग्यता और विद्वता से हांसिल किया था। शिक्षा के शिखर से उतरकर भारतीय राजनीति में उनका पदार्पण गहन राष्ट्रीय उद्देश्यों के लिए हुआ था। डॉ. मुखर्जी उस समय बंगाल में जारी मुस्लिम लीग की विभाजनकारी और सांप्रदायिक राजनीति से काफी नाराज और विचलित थे। मुस्लिम लीग की राजनीति बंगाल को एक और विभाजन की ओर ले जा रही थी। मुस्लिम लीग सुनियोजित तरीके से ब्रिटिश-शासन की मदद से भारत के पूर्वी हिस्सों में हिन्दुओं को हाशिए पर ढकेल रही थी। डॉ. मुखर्जी ने संकल्प लिया था कि मुस्लिम लीग की कट्टरता के खिलाफ वो हिन्दू-समाज को जागृत करेंगे। इस लड़ाई को वो सामाजिक और राजनीतिक, दोनों मोर्चों पर लड़ना चाहते थे। इसी के मद्देनजर उन्होंने बंगाल में सक्रिय कृषक प्रजा पार्टी के प्रमुख फजल-उल-हक और बंगला के जाने-माने महाकवि काजी नजरूल इस्लाम के साथ इस काम को आगे बढ़ाया।

हिन्दू एकता और देश की अखंडता पर आसन्न खतरों ने उन्हें हिंदू महासभा की ओर आकर्षित किया, जिसका नेतृत्व वीर सावरकर करते थे। 1939 में वो हिंदू महासभा के अध्यक्ष बन गए। अध्यक्ष के रूप मे उन्होंने घोषणा की कि संयुक्त भारत के लिए तत्काल समग्र स्वतंत्रता हांसिल करना हिंदू महासभा का मूल उद्देश्य है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी ने भी हिंदू महासभा में उनकी सक्रियता का स्वागत किया था। गांधी जी चाहते थे कि पंडित मदनमोहन मालवीय के निधन के बाद हिंदू-समाज के नेतृत्व के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति को आगे आना चाहिए। गांधी जी डॉ. मुखर्जी को मदनमोहन मालवीय के विकल्प के रूप में देखते थे और उनके राष्ट्रवादी रूख तथा निष्ठा पर पूरा भरोसा करते थे। हिन्दू महासभा में शामिल होने के बाद जब डॉ. मुखर्जी गांधी जी से मिलने पहुंचे, तो दोनों के बीच दिलचस्प संवाद हुआ। डॉ. मुखर्जी ने गांधी जी से कहा कि आप मेरे हिन्दू महासभा में शामिल होने पर खुश नही होंगे, तो गांधीजी ने उनसे कहा था कि द्द सरदार पटेल हिन्दू मनोमस्तिष्क से ओतप्रोत कांग्रेसमैन हैं, आप हिन्दू महासभाई हो, जिसका ह्रदय कांग्रेस का है। यही देश के हित में है। महात्मा गांधी के कहने पर ही पं. नेहरू ने डॉ. मुखर्जी को अपनी कैबिनेट में शामिल किया था। पं. नेहरू की कैबिनेट में रहते हुए डॉ. मुखर्जी ने कई बड़े काम किए। पं. नेहरू भी उनके कामों के कायल थे, लेकिन पाकिस्तान, कश्मीर या शरणार्थियों जैसे मसलों मे दोनों के बीच व्यापक और गहरी राजनीतिक असहमति थी। धारा 370, हिंदू कोड बिल और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों पर भी पं. नेहरू से उनकी पटरी कभी भी नहीं बैठ पाई। ये ही वो कारण हैं, जो अन्ततः नेहरू कैबिनेट से उनके इस्तीफा का कारण बने।

आजादी के पहले बंगाल में मुस्लिम लीग के प्रभुत्व के विरुद्ध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जबरदस्त संघर्ष किया और देश को होने वाले नुकसान से बचा लिया। विभाजन के समय भी डॉ. मुखर्जी ने देश की जनता और नेतृत्व को आगाह किया था- पाकिस्तान साम्प्रदायिक समस्या का कोई हल नही हैं। इससे वह और उग्र होगी, जिसका परिणाम गृहयुद्ध होगा। हमें इससे आंखें नहीं मूंदना चाहिए कि पाकिस्तान की लालसा का स्त्रोत वस्तुतः शासन सत्ता के रूप में इस्लाम की पुनःप्रतिष्ठा करने की इच्छा है। 1953 में जनसंघ के पहले अधिवेशन में उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की कश्मीर नीति का विरोध करते हुए कहा था कि एक देश में दो विधान,दो निशान, दो प्रधानकृनही चलेंगे,. नहीं चलेंगे। नेहरू-सरकार की नीतिों से असहमत होने के बाद लोकसभा में दिया गया उनका भाषण ऐतिहासिक है। अगस्त 1952 में लोकसभा में काश्मीर के मुद्दे पर भाषण देते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा था- दुनिया को यह पता होना चाहिए कि भारत महज एक थ्योरी या परिकल्पना नहीं है, बल्कि एक यथार्थ है...एक ऐसा देश जहां हिन्दू, मुसलमान, ईसाई और सभी बिरादरी के लोग बगैर किसी भय के समान अधिकारों के साथ रह सकेंगे। यही हमारा संविधान है,जिसे हमने बनाया है और पूरी शिद्दत, निष्ठा और ताकत से लागू करने जा रहे हैं। डॉ. मुखर्जी मानते थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं... इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वो मानते थे कि विभाजन संबंधी परिस्थितियां ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से उत्पन्न हुई थीं। वे कहते थे- आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं... हममें कोई अंतर नहीं है... हम एक ही रक्त के हैं, एक ही भाषा,एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है...।डॉ. मुखर्जी महान शिक्षाविद्, निरभिमानी देशभक्त, राजनीतिक चिंतक और सामाजिक द्दष्टा थे।

## बोकारो जिला युवा कांग्रेस कमेटी भंग

बोकारो : लगातार निष्क्रियता एवं सांगठन कि जिम्मेदारी का निर्वाहन ना हो पाने के कारण बोकारो जिला युवा कांग्रेस कमिटी को भंग कर दिया गया है। इस बाबत झारखंड युवा कांग्रेस प्रभारी इशिता सेढा के निर्देश पर अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है। इसके लिए इशिता ने लेटर जारी कर दिया है।

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

## योग करने से बच्चे तनाव मुक्त रहते हैं और उन्हें जीवन में सफलता मिलती है : बृज मोहन लाल दास, प्राचार्य

बोकारो : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियो एवं शिक्षको ने काफी उत्साह से भाग लिया । इस अवसर पर सभी ने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रों एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी तथा बच्चों को योग की महता के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि योग करने से बच्चे तनाव मुक्त रहते हैं और उन्हें जीवन में सफलता मिलती है। आज के असंतुलित जीवन शैली में योग का महत्व बहुत बढ़ गया है, क्योंकि हर जगह विभिन्न परीक्षा प्रतियोगिताएं हो रही है। जिससे बच्चे तनाव में रह रहे हैं। उनकी तनाव को दूर करने के लिए योग बहुत जरूरी है मौके पर विद्यालय के योग शिक्षक प्रशांत कुमार ने विभिन्न योग आसन , प्राणायाम, लोम- विलोम, मुद्रासन, ताड़ासन, वज्रासन, वक्रासन, कुक्कुडासन, धनुरासन, शीर्षासन आदि की प्रस्तुति की। बच्चों ने बहुत ही उत्साह से आसनों को किया। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षिका आभा कुमारी ने किया । इस अवसर पर बाल शेखर झा, गौतम सिंह , राजेश स्वरूप नाथ, स्वाति, रूबी कुमारी, ज्योति वाला, रूबी यादव, नीलम झा, ममता कुमारी स्वाति, पुतुल मंडल सहित शिक्षक उपरस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंद्रपुरा के ऑफिसर क्लब में योग , परिचर्चा, ध्यान एवं गान कार्यक्रम संपन्न



(चंद्रपुर) : दामोदर घाटी निगम ,(डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के ऑफिसर्स क्लब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार की देर संध्या योग , परिचर्चा, ध्यान एवं गान कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के संबोधन में वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि सफल जीवन जीने के लिए योग अत्यंत जरूरी है। योग , परिचर्चा, ध्यान एवं गान विहंगम सृजन से मनुष्य को जोड़ता है। उन्होंने योग शिक्षक दीपक कुमार महतो और संगीत गायक प्रमोद कुमार, अनुराग गिरी के कला की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम से लोग मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं और अपने दिनचर्या के कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करते हैं । उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वे नियमित योग करें और शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ होकर परिवार, समाज और संस्थान की सेवा करें। कार्यक्रम मे श्री ठाकुर के माताजी शैल्य ठाकुर ने भी भक्ति गीत गाकर लोगों को मोहित कर लिया। समारोह में ठाकुर की धर्मपत्नी भव्या ठाकुर ने संबोधित करते हुए योग के गुण पर चर्चा की और लोगों से अपील किया कि वे नियमित रूप से योगा करें ।समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन श्री डी सी पांडेय, महाप्रबंधक अविजीत घोष, उप महाप्रबंधक संजीव कुमार, दिलीप कुमार, महावीर ठाकुर, दीपक कुमार, आर आर ओझा, हरि मुकुंद प्रजापति, आर पी सिंह, सत्येंद्र कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी, सूर्य कुमार दलाई, रविंद्र कुमार, अजय कुमार ,विजय कुमार , अक्षय कुमार श्रीवत्स, मोहम्मद साबिर हुसैन आदि शामिल थे.

## टुंडी थाना क्षेत्र के तारटांड़ के युवक के लापता होने की 6 महीना पूर्व टुंडी थाने में की गई थी शिकायत, अचानक युवक की मौत की खबर पर टुंडी थाना पहुंचे सैकड़ों लोग



टुंडी : टुंडी थाना क्षेत्र के राजाभीठा पंचायत अंतर्गत तारटांड़ के एक युवक लालु महतो उम्र लगभग 25 वर्ष, पिता सखी चंद्र महतो की लापता होने की लिखित शिकायत परिजनों ने टुंडी थाना में दिसंबर 2023 में की थी। परिजनों ने बताया की दो युवक उसे चेन्नई दैनिक मजदूरी करने के लिए ले जाने की बात कह कर साथ ले थे। जिसके बाद लालु महतो से कोई संपर्क नहीं होने पर परिजनों ने टुंडी थाना में शिकायत की थी। 6 महीना बीत जाने के बाद भी टुंडी पुलिस के अनुसंधान के दौरान अभी तक युवक का पता नहीं लग पाया और अंततः टुंडी पुलिस द्वारा 20 जून को परिजनों को सूचना दी गई की उक्त युवक लालु महतो का चेन्नई में शव बरामद किया गया है। जिसके बाद परिजन एवं अन्य सैकड़ो ग्रामीण 21 जून शुक्रवार को टुंडी थाना पहुंचे और टुंडी पुलिस पर जांच एवं उक्त युवक की खोजबीन में रुचि नहीं लेने का आरोप लगाया। जिसे लेकर घंटो वार्ता होने के बाद प्रशासन की खर्चे पर टुंडी पुलिस और परिजन चेन्नई पहुंचकर शव की पहचान एवं डीएनए टेस्ट कराकर शव को घर लाने पर तथा उक्त दोनों आरोपी युवक को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने पर सहमति बनी और प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिया गया। तभी परिजनों के साथ ग्रामीण वापस गांव लौटे। इस दौरान लालु महतो की पत्नी समेत दो छोटे-छोटे बच्चे और माता पिता टुंडी थाना में दहाड़ मारकर रो रहे थे। इस मौके पर मुख्य रूप से राजाभीठा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि निमाय सिंह, खइडरर केंद्रीय उपाध्यक्ष रविकांत मंडल, नीरज कुमार,शंकर महतो, प्रकाश महतो, गुलाब महतो, रूपलाल महतो, डालू राम महतो, भोलानाथ महतो, राजेश महतो,खगेश्वर चौधरी, बादल मंडल,भागीरथ महतो,अनिल महतो आदि मौजूद थे।

## युवाओं ने समर्पित बलिदान दिवसके रूप में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया



टुंडी : टुंडी मुख्यालय के समीप डाक बंगला परिसर में टुंडी प्रखण्ड व पूर्वी टुंडी प्रखण्ड आजसू पार्टी प्रखण्ड कमेटी के द्वारा शनिवार को युवाओं को समर्पित ह्यबलिदान दिवसह्न के रूप में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया । जिसका संचालन प्रखंड सचिव प्रेम सिन्हा ने किया इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, विधानसभा प्रभारी अनुप कुमार पाण्डेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हलधर महतो, सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय शामिल हुए, इस दौरान क्षेत्र के युवाओं को अलग राज्य आंदोलन के इतिहास से अवगत कराया गया। इस मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।मौके पर धर्मेन्द्र सिंह, विक्रम भारद्वाज, प्रखण्ड अध्यक्ष रामचन्द्र राणा, सचिव प्रेम सिन्हा, कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष सोनु मण्डल, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मिथुन मण्डल, ओबीसी प्रखण्ड अध्यक्ष शिवम जायसवाल, किसान मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष दुलाल दे, रूपेश पाण्डेय, प्रखण्ड अध्यक्षा दिव्या सिंह, संजय मण्डल, कुंदन सिंह कोषाध्यक्ष पप्पू मण्डल, टुम्पा मुखर्जी, अनूप चौधारी, पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो समेत बड़ी संख्या में आजसू कार्यकर्ता शामिल थे

## बाबा साहब वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राजकीय महिला पोलेटेकनिक कालेज में नशामुक्ति जागरुकता शिविर आयोजित



उज्ज्वल दुनिया

बोकारो : बाबा साहब वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राजकीय महिला पोलेटेकनिक कालेज, बोकारो में नशामुक्ति जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव अनिरुद्ध कुमार, बंकिम सिंह एवं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बी.पी गुप्ता, बशिष्ठ अतिथि कालेज प्राचार्य डॉ,रमेश कुमार मुख्य वक्ता डॉ .सत्यदेव राम एवं डॉक्टर एस के रवि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि आज के समय में झारखंड के 40% जुआ नशीले पदार्थों का आदि हो चुकी है। इसको लेकर सरकार ने अनेक तरह का कार्यक्रम चालू किया है। आज के युवाओं को नशीले पदार्थ से बचाने के लिए एक मुहिम की तरह काम करना होगा । उन्होंने कहा कि आजकल के युवाओं को मालूम नहीं कि वह किस अंधेरे की ओर जा रहे हैं । इसके लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। लोगों को बताना होगा कि नशा जीवन का नाश करता है साथ ही परिवार का भी नाश कर देती है। नशामुक्ति के लिए बोकारो सदर अस्पताल एवं बोकारो जेनरल हस्पताल में 24*6 नशा उन्मूलन केन्द्र चालू है । इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रमेश कुमार ने कहा की सभा समाज के लिए स्वस्थ शरीर की जरूरत है। लेकिन आज के युवा पीढ़ी गलत राह में भटक जाने कारण देश और राज्य का विकास में बहुत बड़ा योगदान नहीं हो रहा है। घर परिवार के आर्थिक सामाजिक जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए समाज को जागरुक होकर इसके खिलाफ जन आंदोलन करने की जरूरत है। इस अवसर पर वरिय व्याख्याता विनोद कुमार दास,सी ओ मनोज कुमार, समेत कालेज के सभी छात्राऐं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नशा उन्मूलन का संकल्प लिया गया.

## विधायक ने किया महिला कॉलेज के नव निर्मित भवन का उद्घाटन



उज्जवल दुनिया

बोकारो : बोकारो महिला कॉलेज सेक्टर पांच में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान द्वारा नव निर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो विधायक सह झारखण्ड विधान सभा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने किया। वहीं कॉलेज के प्राचार्या मंजु सिंह व महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यअतिथि का स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने बोकारो महिला कॉलेज के पुस्तकालय के डिजिटलीकरण की सराहना की। साथ ही उन्होने विधायक मद से यहा पुस्तक देने का अश्वासन दिया। प्राचार्या डां मंजू सिंह ने विद्यार्थियों के लिए खेल कूद के प्रबंधन में सहयोग का आग्रह किया, जिसपर उन्होने सहमती जतायी। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ केएन भारती, डॉ. प्रभावती कुमारी, डॉ. निलीमा मिश्रा, डॉ पुनमदेव, डॉ. योगेन्द्र प्रसाद, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. शशि शेखर पाठक, डॉ. गणेश सिंह, डॉ. गायत्री गिरि, डॉ. विरेन्द्र सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. मुकुल कुमारी,समाज सेवी शशि भूषण प्रसाद, इन्दू कुमारी, मीना ,रोजी परवीन के अलावे रूसा के बोर्ड ऑफ गर्वनर दीपांकर दास, केके बोराल आदि उपस्थित थे.

## अनुराधा सिंह डीएवी सेक्टर-6 की प्रधानाध्यापिका बनी



उज्ज्वल दुनिया

बोकारो : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में अनुराधा सिंह ने प्रधानाध्यापिका पद को सुशोभित किया । इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम हवन यज्ञ का आयोजन किया गया । अनुराधा सिंह ने हवन यज्ञ के साथ कार्य क्रम में भाग लिया । इस कार्यक्रम में झारखंड जोन-जी के ए.आर.ओ श्री विपिन राय, विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बी. एस. जायसवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद भी उपस्थित थे । अनुराधा सिंह डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में 14 वर्षों तक अपना सेवा दे चुकी है । काफी अनुशासनप्रिय, मेहनती एवं डायनेमिक तथा अनुभवी प्रधानाध्यापिका है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा की । उनके कुशल निर्देशन में विद्यालय प्रगति पथ पर अग्रसर करेगा । अनुराधा सिंह अर्थशास्त्र विभाग से एम.ए, बी.एड की उपाधि प्राप्त की है । कार्य भार संभालने से पूर्व सभी विभागों का अवलोकन किया । कार्ययोजना बनाकर गतिविधियों के बेहतर आयोजन पर बल दिया । विद्यालय उनके कुशल निर्देशन में अग्रसर होगा । इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण मौजूद थे.

## महाराजगंज लछुरायडीह में शनिवार को कालाराय बाबा भोक्ता पूजा का आयोजन किया गया

उज्ज्वल दुनिया



टुंडी : टुंडी प्रखंड के महाराजगंज लछुरायडीह में शनिवार को कालाराय बाबा भोक्ता पूजा का आयोजन किया गया मंदिर प्रांगण में पुजा करने के लिए श्रद्धालुओं जुटे थे। इससे पहले ग्वाला तालाब कन्हाईडीह गये और वहां पर कालाराय बाबा के भक्तों ने स्नान करने के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहाँ कालाराय बाबा भोक्ता पूजा 202 से अधिक वर्षों से मनायी जा रही है। अधिकांश ऐसे लोग जिनके शरीर में कम्बल कांटा या संतान नहीं होने पर मन्नत मांगी जाती है और मंदिर के पुजारी ग्वाला तालाब कन्हाईडीह में स्नान करने के बाद मंदिर लौटने के क्रम में मन्नत मांगे गए भक्त रास्ते में लेट के रहते हैं जिन्हें लांग कर पुजारी पार होती है उनकी मन्नत पूर्ण हो जाता है। कम्बल कांटा वाले भक्त का मन्नत पूर्ण होने के बाद गोल्की चढ़ाया जाता है। यहाँ ज्येष्ठ पूर्णिमा के रात्रि में ही पूजा की जाती है तथा आस पास के गाँव से श्रद्धालु पहुँचते है और इसी दिन से मेला लगना शुरू हो जाता है तथा दस दिनों तक मेला रहता है भक्तों ने पूजा करने के बाद चना सिझा, सूजी, पुड़ी एवं आम खाने की परम्परा हैं तथा दुसरे दिन सुबह बली की जाती है । मेला के अवसर पर गांवता सुसार समिति लछुरायडीह हाडाम पता के द्वारा एक दिवसीय संथाली यात्रा 24 जून को गोपाल रुणडा नाइट धमाका न्यू सिद्धू कान्हु ओपेरा मालदा पशिचिम बंगाल के द्वारा दुलाड़ सेंगेल ते जिवी लोक कान सारा सेंगेल ते होड़मो संथाली यात्रा किया जा रहा है तथा रविवार को सुबह बकरे की बलि देकर पारण होगा।

## पोस्टर बनाकर दिए मादक पदार्थो से दूर रहने का संदेश
## कौशल विकास केंद्र चास में छात्रों ने कागज पर उकेरा संदेश

उज्ज्वल दुनिया

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने को लेकर जारी अभियान के तहत जिले में कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चास प्रखंड के तालगेरिया स्थित कौशल विकास केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के बीच चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान से जागरूक करना और स्वयं ऐसा नहीं करना एवं दूसरों को भी ऐसा नहीं करने को लेकर प्रेरित करने की सीख देना है। इस कार्यक्रम में छात्रों ने काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने वक्तव्य/संबोधन के माध्यम से नशीले/मादक पदार्थों का सेवन हर आयु वर्ग के लोगों को नहीं करने के लिए प्रेरित किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में भी छात्रों ने एक से बढ़कर पोस्टर बनाकर नशा मुक्त भारत बनाने का संदेश दिया। वहीं, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जागरूकता रथ द्वारा भी जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर आमजनों को नशा से मुक्ति का संदेश दिया।

विभिन्न आडियो झ्र विजुअल संदेश के माध्यम से आमजनों को मादक पदार्थों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। जानकारी हो कि, राज्य सरकार मादक पदार्थों के रोकथाम को लेकर पूर्णतः संकल्पित है। आमजनों के बीच जागरूकता को लेकर राज्य सरकार ने आगामी 26 जून 2024 तक जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है.

## चुनावी तैयारी को लेकर बैठकें आयोजित करने में जनशक्ति दल सुप्रीमो नहीं हैं पीछे

उज्जवल दुनिया

विधानसभा चुनाव 2024` चुनावी तैयारी को लेकर बैठकें आयोजित करने में जनशक्ति दल सुप्रीमो नहीं हैं पीछे, महुदा क्षेत्र के कई बैठकों में शामिल हुए सूरज महतो, बोले-मूलभूत आवश्यकताओं की कमी से जूझ रहे हैं बाघमारा की जनता, इसबार बदलाव के मूड में महुदाः आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी तैयारी को लेकर जनशक्ति दल के सक्रिय सदस्यगण जहां बैठकों के कमान संभाल रहे हैं, वहीं संगठन के सुप्रीमो सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी सूरज महतो भी पीछे नहीं हैं।

श्री महतो भी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के दौरे पर निकल पड़े हैं। वे जगह-जगह बैठकें आयोजति कर क्षेत्र की जनता के साथ चुनावी रणनीति को लेकर मंत्रणा करने में व्यस्थ हैं। शुक्रवार 21 जून को वे तथा उनकी टीम महुदा जोन के कई स्थानों पर बैठकें आयोजित की। साथ ही वे व्यवसायियों से भी लगे हांथ मिल रहे हैं। इस बीच बुजूर्ग भी उनके बैठक में शामिल होकर श्री महतो को आशीर्वाद दे रहे हैं। इधर भावी प्रत्याशी श्री महतो ने बताया कि चुनावी तैयारी के प्रथम फेज से काफी उत्साहित करने वाले परिणाम मिल रहे हैं। क्षेत्र की जनता पानी, बिजली, रोजगार व खेती-बाड़ी की समस्या को लेकर परेशान हैं। पूर्व के जनप्रतिनिधियों से इन्हें काफी उम्मीदें थी, जो धरा का धरा रह गया।

## डीवीसी सीएसआर की ओर से बोकारो थर्मल आफिसर्स क्लब में शिविर आयोजित कर किया गया श्रवण जांच एवम नि:शुल्क मशीनों का वितरण



- कम सुनने वाले 250 मरीजों का किया गया जांच एवम 70 मरीजों के बीच किया गया निःशुल्क श्रवण यंत्रों का वितरण

उज्ज्वल दुनिया

बोकारो थर्मल : डीवीसी सीएसआर एवं डीवीसी अस्पताल की ओर से शनिवार को बोकारो थर्मल ऑफिसर्स क्लब में कम सुनने वालो के लिए शनिवार को श्रवण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्लांट के वरीय महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, उपमहा प्रबंधक बीजी होलकर, बोकारो थर्मल अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के उपमहाप्रबंधक डॉ.एसके झा, गोविंदपुर डी पंचायत की मुखिया चांदना मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यहां बोकारो थर्मल सहित आस पास के लगभग दो सौ पंचास कम सुनने वाले महिला पुरुष मरीजों का निःशुल्क कान की जांच किया गया। जांचोपरांत के बाद 70 लोगो के बीच निःशुल्क कान की मशीन का वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने कहा की शरीर का कोई भी अंग ठीक से काम न करे तो काफी परेशानी होती है। कान भी महत्वपूर्ण अंग है जिसकी भी नियमित जांच जरूरी है। कहे की डीवीसी सीएसआर की ओर से शिविर आयोजित कर वैसे जरूरतमंद गरीबों के बीच श्रवण यंत्रों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है जिन्हे इसकी अतिआवस्यकता है। वही डीवीसी सीएसआर के उप महा प्रबंधक बीजी होलकर ने कहा कि सीएसआर की ओर से निःशुल्क श्रवण जांच एवं श्रावण यंत्र का वितरण किया गया। डीवीसी के ओर से इस तरह के सामाजिक कार्य सदेव किए जाते रहे हैं। ताकि गरीब व जरूरत मंद लोगो को लाभ मिल सके। इस अवसर पर ईएनटी डॉ. एसएन शर्मा, बोकारो थर्मल अस्पताल के एमएस सह उपमहाप्रबंधक स्वास्थ्य विभाग के डॉ.एसके झा, गोविंदपुर डी पंचायत की मुखिया चांदना मिश्रा , टेक्नीशियन योगेश, कृष्णा कुमार, मो.कलीम अंसारी, मो.सिद्दीकी अंसारी, भैरव महतो, सुष्मिता सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे मंचसंचलन हिन्दी अधिकारी रवि सिन्हा ने किया.

## प्रखंड सभागार में चुनाव के बाद इस वित वर्ष का पहला बैठक सम्पन्न हुआ

उज्जवल दुनिया



टुंडी : शनिवार को प्रखंड सभागार में चुनाव के बाद इस वित वर्ष का पहला बैठक सम्पन्न हुआ । जिसमे टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बैठक को सम्बोधित करते हुए उपस्थित सभी विभाग के अधिकारीयों को लोगो की जन समस्या को गंभीरता से लेकर उसका त्वरित निष्पादन करने को कहा। अभी लोगो के सामने प्रचंड गर्मी में पेयजल एवं सुचारु विद्युत बहाल पर विशेष ध्यान देने को कहा । साथ ही उन्होंने लुकैया एवं डंडाटांड मेगा जला पूर्ति योजनाओ को जल्द से चालू करने को लेकर कनीय अभियंता को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बैठक में वन विभाग, टुंडी थाना का आदि विभाग के प्रतिनिधि बैठक को गंभीरता से नहीं लेने एवं उनका कोई भी प्रतिनिधि का नहीं आने से विधायक ने टुंडी बीडीओ को शो कॉज करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा की अगले माह से झारखण्ड के लोकप्रिय सरकार द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हर पंचायत में प्रारब्ध होने वाला है। उन्होंने टुंडी बीडीओ को पिछले कार्यक्रम में प्राप्त ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन का त्वरित निष्पादन कर एक सप्ताह के अंदर पूरा जानकारी देने को कहा ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त योग्य व्यक्ति योजनाओ का लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अबुवा आवास, सार्वजन पेंशन, वन पट्टा, मुख्यमंत्री सृजन योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड, किशोरी समृद्धि योजना आदि पर विशेष धयान देने को कहा। उन्होंने शिक्षा एवं बाल विकास के प्रतिनिधियों को सभी विद्यालय एवं आँगन बाड़ी केन्द्रो के खराब चापानलों एवं जिन विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है उसका सूची देने को कहा ताकि आगे की कार्यवाही जल्द से जल्द किया जा सके। मौके पर बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिय, बिस सूत्री अध्यक्ष इन्दर लाल बास्की, उपाध्यक्ष श्रवण टुडू, सदस्य अब्दुल रसीद अंसारी, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राजाउद्दीन अंसारी के अलावे विभिन्न विभाग के प्रतिनिधि शामिल थे।

# आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलीदान दिवस के रूप मे मनाया गया



मधुबन(गिरिडीह) गिरिडीह विधान सभा अन्तर्गत पीरटांड मे प्रखण्ड अध्यक्ष मेराज आलम कि अध्यक्षता मे आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलीदान दिवस के रूप मे मनाया गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला उपाधक्ष शंभु शरण सिंह मौजुद रहे । सबसे पहले सभी ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर काये कार्यक्रम कि शुरूआत कि गई । कार्यक्रम मे सभी ने पार्टी के द्वारा किए गए अंदोलन एवं पार्टी के निति शिद्धान्त के बारे मे बारी बारी से रखा गया । कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष शंभु शरण सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष मेराज आलम , प्रखण्ड सचिव प्रकाश पंडीत , कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष दिगम्बर महतो, पप्पू महतो , अनिकेत तिवारी, विजय तुरी , उपेन्द्र पंडीत , रामदेव सिंह, मुकेश वर्मा , राकेश कुमार सिंह, रंजीत चौधरी , मुरारी पंडीत आदि दर्जनो कार्यकर्ता मौजुद थे।

# चापाकल खराब रहने की सूचना पी एच डी विभाग को देने के बाद भी भीषण गर्मी में नहीं बने चापाकल



गावां । गांवा प्रखंड अंतर्गत गांवा थाना मोड़ के पास चापाकल कई महीनो से खराब पड़ा है वही दूसरा राजेंद्र चौधरी घर के समीप लेकिन विभाग इसको अनदेखा कर रही है। गांवा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने बताया कि हमने इस विषय में जे ई से बात किया, तो उन्होंने चापाकल सरकारी है या गैर सरकारी है लोकेशन के जरिए चापाकल का फोटो भेजा तो उन्होंने जवाब दिया कि इसका टेंडर होगा तब बनाया जाएगा। इन्होंने उच्च स्तरीय विभाग से मांग किया है, जल्द से जल्द खराब पड़े हुए चापाकल को बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों भीषण गर्मी में पानी पीने की सुविधा उपलब्ध होगी।जहां एक और भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं गर्मी के मौसम में यहां के लोग पानी नदी से लाकर खाना बनाने और पानी पीने का काम करते हैं , चापाकाल रहने के बावजूद भी लोग पानी के बिना तरस रहे हैं,विभाग इसे अनदेखा कर रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचडी विभाग इसकी सूचना दी गई लेकिन विभाग इसे अनदेखा कर दिया हैं ।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

- जमीनी स्तर पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करेंः- उपायुक्त

गिरिडीह । उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने एनएफएसऐ व जेएसएफएसएस योजना के तहत खाद्यान्न का वितरण, चना दाल वितरण, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, चीनी और नमक का वितरण, पीवीटीजी, जन वितरण प्रणाली, ग्रीन राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सम्बंधित पदाधिकारी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को स-समय लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत अप्रैल और मई/जून में जिले में किए गए खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जेएसएफएसएस के तहत किए अनाज वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उपायुक्त ने डोर स्टेप डिलीवरी की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डीबीएमपी और एमडीएम के तहत साल में 04 बार राशन आता है, जिसे आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालयों को उपलब्ध कराना होता है। विद्यालयों में डीएसजी के माध्यम से एमडीएम/अनाज पहुंचाया जाता है। इसका पर्यवेक्षण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा किया जाता है।

इसके अलावा ईआरसीएमएस के तहत प्रखंडवार किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में यूआईडी सीडिंग कार्य को लेकर उन्होंने अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत जिले में कार्य कर रहे विभिन्न दाल भात केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समेत संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बिजली काटने, आने जाने की कोई गारंटी नहीं,आखिर, इसकी जिम्मेवारी कौन ?

- बेलगाम अधिकारी, विधायक जी को चिंता नहीं है घर में लगे इन्वर्टर, बड़ा जेनरेटर




गिरिडीह । गिरिडीह में बिजली कटौती और आपूर्ति की मनमानी का ये आलम है।बिजली काटने का पता ही नहीं, कब बिजली चली जाएगी और अगर चली गई तो कितनी देर में आयेगी। अगर गलती से बारिश शुरू हो गई तो गारंटी है कि बारिश शुरू होते ही बिजली जाएगी लेकिन दुबारा कब आएगी इसकी गारंटी नहीं है। जब याद आयेगा या कोई फोन करके बताएगा कि भाई साहब, बारिश को रुके हुए एक घंटा हो गया है बिजली कब तक आएगी। तब जाकर कहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को याद आता है कि बिजली की आपूर्ति करनी है।

## सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री के कार्यकाल में निर्बाध बिजली की आपूर्ति रही

हालांकि इसमें बिजली विभाग के अधिकारियों या जिला प्रशासन के अधिकारियों का कोई दोष नहीं है। बेचारे सभी निर्दोष और मासूम हैं। बेचारों को पता ही नहीं चल पाता है कि बिजली कब गई और कितने देर से नहीं है। बिजली कटने का पता चल जाए तो आपको क्या लगता है ये हमारे कर्मशील और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी एक मिनट भी जनता को कष्ट में रहने देंगे क्या? उक्त बातें जिला संयोजक सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या ने कहा।

वैसे तो अधिकारी का घर और दफ्तर दोनों ही जगह इनवर्टर की सुविधा है। विधायक जी को चिंता नहीं है क्यूंकि इनके घर में इन्वर्टर के साथ साथ बड़ा जेनरेटर है। इनवर्टर बैठ गया तो डीजी चालू हो जाएगी और डीजल का पैसा सरकारी खजाने से आयेगी। जिला के पुलिस अधिकारी हों, या अनुमंडल पदाधिकारी, विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता हों। उपर्युक्त सभी के आवास एवं दफ्तर में एसी लगी है। सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल के कार्यकाल में 28 महीनों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति जिलावासियों को मिला है। 24 घंटे में केवल एक घंटा लोड सेटिंग के नाम पर कटता था। उस समय यह कैसे संभव हुआ था।

# गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन जीत के बाद पहली बार गिरिडीह पहुंची



- उन्होंने ज़िला के अधिकारियों के साथ बैठक की
- इस दौरान राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, डीडीसी दीपक दुबे अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ समेत कई अधिकारी मौजूद रहे

उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह। गांडेय विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन पहली बार गिरिडीह पहुंची। उन्होंने नया परिषदन भवन में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की।इस दौरान राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, डडीसी दीपक दुबे अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कल्पना सोरेन ने अधिकारियों से विकास योजनाओं से संबंधित जानकारी की। इस क्रम उन्होंने गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास योजनाओं की पूरी जानकारी अधिकारियों से मांगी और उनकी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकास योजनाओं के संचालन एवं आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के बाद विधायक कल्पना सोरेन क्षेत्र भ्रमण के लिए निकली।

# गिरिडीह उपायुक्त से मिले पूर्व विधायक, राजधनवार क्षेत्र का विकास पर की बात



उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह । उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से पूर्व विधायक राजधनवार मिले।

धनवार विधान सभा क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से मिलकर बालू समस्या, दाखिल खारिज, जल नल योजनाओं में लूट, मनरेगा लूट, पंचायत में योजनाओं का कार्य होने के बाद भी पैसे नही मिलना, बालू के अभाव में अबुआ आवास में परेशानी समेत कई सवालों से अवगत कराया। इस अवसर पर माले नेता राजेश सिन्हा भी शामिल थे। श्री सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में भी ऐसे ही लूट जारी है, इसको बंद करवाने के लिए प्रतिनिधि और प्रशासन के साथ आम जनता को भी जागना होगा।

उपायुक्त ने सारी बातों को सुनकर विकास करने की सकारात्मक बात कही है,साथ ही साथ कई आदिवासी,अल्पसंख्यक और गरीब क्षेत्र को जल्द बेहतर करने की बात कही है।

# भारतीय न्याय संहिता सहित तीन नये कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन




- तीनों कानून के दोनों पहलू पर हुई खुली चर्चा

उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह । आरटीआई फोरम गिरिडीह के द्वारा शनिवार को कृष्णानगर गिरिडीह में आगामी 01 जूलाई श से लागू हो रहे तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा कानून , भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकार्ड अरविंद गुप्ता, अधिवक्ता आलोक रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा एवं प्रभाकर कुमार ने तीनों कानूनों की विस्तार से जानकारी दी । इस दौरान ए.ओ.आर अरविन्द गुप्ता ने नये कानून में लाए गए सामाजिक कार्यों वाले प्रावधानों समेत बाल अपराध एवं श्रम संबंधी कानूनों पर अपनी राय व्यक्त की। अधिवक्ता आलोक रंजन ने उपरोक्त कानूनों की अच्छाइयों पर चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस कानून में और सुधार होगा तथा जनता को इससे लाभ होगा। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने चर्चा के दौरान मनरेगा, सूचना का अधिकार कानून, सेवा का अधिकार कानून, वन अधिकार कानून, खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत अन्य कानूनों पर चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों से जनता को ताकत मिली।

# उपायुक्त ने वन अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत हमर जंगल हमर अधिकार की जानकारी दी, सभी प्रखंड कार्यालयों में कैंप लगाने का निर्देश दिया

उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह ।उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने वनाधिकार अधिनियम 2006 से सम्बंधित जानकारी दी । उन्होंने बताया कि अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान, वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अनुसार 13.12.2005 से पहले वन भूमि पर आश्रित उन समुदायों और गांवों के दावों के अनुरूप व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन पर वनाधिकार पट्टा मुहैया दिलाने का अभियान है। केवल अधिकार ही नहीं, वन पट्टा धारकों की आजीविका और खुशहाली के लिए वन क्षेत्र के संसाधनों और अन्य योजनाओं के समन्वय के लिए भी यह अभियान संकल्पित है। साथ ही अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु सभी प्रखंड कार्यालयों



में विशेष कैंप का आयोजन इस सप्ताह बुधवार एवं गुरुवार को किया जाना है ।

## वन अधिकार अधिनियम, 2006 किस भूमि पर होगा लागू

दर्ज वन भूमि जैसे राजस्व गाँव में स्थित राजस्व वन भूमि; जैसे बड़े झाड़ का जंगल, छोटा झाड़ का जंगल, मंझला जंगल, जंगल झाड़ी, आदि, अलीखित, विद्यमान वन जो दस्तावेजो में दर्ज नहीं है

## वन अधिकार के प्रकार

व्यक्तिगत वन अधिकार, जिसके तहत एक परिवार के वन पर स्थित घरबरी और खेती की वन भूमि शामिल है, जो 10 एकड़ तक सीमित है, सामुदायिक वन अधिकार, जिस पर गाँव के सभी परिवारों के समान अधिकार होंगे। जैसे जंगल से वन उपज संग्रह करने का अधिकार, वनों में मवेशी चरने का अधिकार, वनों में स्थित जलाशय का उपयोग करने का अधिकार।

अबुआ बीर दिशोम आभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न जनजातीय/क्षेत्रीय भाषाओं में ट्रेनिंग के साथ-साथ संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु वेबसाईट और मोबाईल एप्लीकेशन भी तैयार किया गया है।

इसके तहत राज्य में पहली बार व्यापक स्तर पर आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को उनके दावों के अनुरूप व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन पर वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जाएगा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न विषयों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



- उपायुक्त ने बारी बारी से सभी बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह ।उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार कक्ष में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित राष्ट्रीय एवं राज्य पेंशन योजना समेत विभिन्न विषयों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा डुप्लीकेट/फेक पेंशनधारियों को पोर्टल से हटाकर प्रमाण पत्र, मृत पेंशनधारियों की राशि वसूली, सर्वजन पेंशन योजना के तहत नये लाभुकों को एनएसएपी पोर्टल पर इंट्री करने, वार्षिक भौतिक सत्यापन, मृत पेंशनधारियों का मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि योग्य लाभुकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित करें।

लंबित पेंशन भुगतान को लेकर उपायुक्त द्वारा निदेशित किया गया कि लाभुकों का लंबित पेंशन की राशि का शीघ्र भुगतान करें।

बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक बाबूलाल मरांडी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर दिए संतावना एवं आर्थिक मदद

गावां। गावां प्रखंड स्थित बीरने पंचायत के अंतर्गत रविदास टोला में बाबूलाल रविदास के बेटी और पूतह की मृत्यु चाल धसने के कर्म में बिगत 18 मई को हो गई थी शोकाकुल परिवार को संतावना देने एवं आर्थिक मदद के उद्देश्य से शुक्रवार को धनवार विधानसभा के लोकप्रिय विधायक वा निवर्तमान मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का आगमन बिरने पंचायत में हुआ। श्री मरांडी के द्वारा शोकाकुल परिवार को हर समय मदद एवं छोटे बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर प्रसिद्ध रामचंद्र ठाकुर गांव मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह कांग्रेस यादव बीरने पंचायत के पूर्व मुखिया राजकुमार यादव, बादेडीह पंचायत के पूर्व मुखिया राजकुमार यादव, ललित पाण्डेय सुरेंद्र सिंह दिनेश राजवंशी विशाल राणा गणेश हेमरम बबलू साह अंकज सिंह विशाल पाण्डेय पवन सिंह बनारस सिंह आदि थे।

# चुंआ खोदकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं थानसिंहडीह पंचायत के मुखबली गांव के लोग

- ग्रामीणों की पीड़ा कि चुनाव समय वोट मांगते हैं नेता फिर नहीं होता कोई सरोकार



चन्दन भारती

तिसरी । इस वर्ष गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, भीषण गर्मी के प्रकोप से बहुत सारे जलस्त्रोत सुख गए हैं। जिसके कारण लोगों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड का भी यही हाल है। प्रखंड क्षेत्र के कई गाँवों के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। ताजा मामला प्रखंड के थानसिंहडीह पंचायत के मुखबली गांव का है। जहाँ के लोग सुखे हुए नदी में चुंआ खोदकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने सूखे हुए नदी में लगभग 3 - 4 फुट गड्ढा खोदकर ईंट पत्थरों से उसे बांध दिया है। ताकि उसमें पानी जमा रहे और निकालने में सुविधा हो। सुबह होते ही यहां के लोग बाल्टी, डेगची, तसला आदि बर्तन लेकर नदी पहुंच जाते हैं, जहाँ एक - एक कर वे लोग पानी भरते हैं और घर लेकर आते हैं। ग्रामीणों द्वारा खोदे गए तीन गढों में से एक गड्ढे का पानी मवेशी भी पीते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मुखबली गांव के नीचे टोला में लगभग 20-25 घर है। गांव में एक पुराना कुआं भी है लेकिन बीते मार्च महीने से ही उसका पानी सूख चुका है। उन्होंने बताया कि लगभग तीन महीने से वे लोग इस नदी में दो - तीन गड्ढेनुमा चुंआ खोदकर पीने योग्य पानी जुटाते हैं। ताकि उनके परिवार और मवेशियों की प्यास बुझ सके। ग्रामीण मैनो हांसदा ने बताया कि उनके गांव में पानी की भारी किल्लत है। गर्मी और बरसात के दिनों में भी वे लोग नदी में चुंआ खोदकर ही पानी पीते हैं। उन्होंने कहा कि नेता और जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही वोट मांगने आते हैं। उसके बाद कभी भी उनकी स्थिति देखने नहीं आते।

ढेना सोरेन ने बताया कि 3 माह से वे लोग यह पानी पी रहे हैं। गांव स्थित कुआं सूख चुका है,लिहाजा नदी में ही गड्ढा खोदकर अपनी प्यास बुझाते हैं। ग्रामीण अमित कुमार, चैता मरांडी आदि ने भी बताया कि यहां के लोग बहुत दिनों से पानी के किल्लत से जूझ रहे हैं। अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने उनकी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया।

## हर घर नल जल योजना का जलमीनार बहुत दूर, नहीं मिल रहा पानी

केंद्र सरकार द्वारा जल,जीवन,मिशन के तहत हर घर नल जल योजना चलाई जा रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर को नल से जोड़कर साफ पीने योग्य पानी उपलब्ध करवाई जा सके लेकिन यहां के ग्रामीण इससे भी उपेक्षित हैं। ग्रामीण बताते हैं कि जल नल योजना के तहत बना जलमीनार दूसरे टोला में बना है। उनके टोला में अब तक जलमीनार नहीं बन पाया है।

वहीं इस संबंध में पीएचइडी विभाग के जेई मणिकांत मंडल ने बताया कि मुखबली गांव के नीचे टोला को दूसरे फेज में रखा गया है इसलिए वहां जलमीनार नहीं बन पाया है।उन्होंने कहा कि थानसिंहडीह पंचायत में कुल 15 टोला ऐसे हैं जहाँ जलमीनार नहीं बना है। योजना सेंक्शन के बाद ही

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन तथा मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा, अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य करने का निर्देश




उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह । उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान की समीक्षात्मक आयोजित की गई। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा ओडीएफ पलस सरंचनाओ यथा सामुदायिक सोकपिट, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) भस्मक निर्माण माहवारी स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के साथ पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिया। वहीं बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस व अन्य कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता में गुणवत्ता पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करें। बैठक में उपरोक्त के आलावा उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2 समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बोरबांध निवासी युवक ने चावल में डालने वाला कीटनाशक दवाई खाने से हुआ मूर्छित, लाया गया सदर अस्पताल



साहिबगंजः जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरबांध निवासी मुन्ना कुमार साह उम्र 25 साल पिता जीतू साह ने शनिवार को गलती से चावल में डालने वाली कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया जिसके कारण वह मूर्छित हो गया। उधर मूर्छित होने के बाद घर वालों को जब पता चला तो उसे उठाकर साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है। हालांकि युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है जहां सदर अस्पताल के चिकित्सक उसके इलाज में जुटे हुए हैं।

## महादेवगंज डीबीएल साइडिंग से कुलीपाड़ा निवासी युवती का पत्थर से कूचा हुआ शव बरामद, पोस्टमार्टम के लिए लाया गया सदर अस्पताल



साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज डीबीएल घाट जाने वाले रास्ते में स्थित मकई के खेत से शनिवार की सुबह एक युवती का खून से लथपथ शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वही युवती के शव को देखने के लिए भारी संख्या लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। वहीं शव मिलने की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह पूरे दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही पुलिस ने घटनास्थल से चप्पल, पत्थर व अन्य सामान बरामद किया है। वहीं युवती के शव की शिनाख्त नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा निवासी स्व. मो. दिवाली की पुत्री रुकैया खातून के रूप में हुई है। उधर मुफस्सिल पुलिस के अनुसार युवती के शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उसके साथ दुष्कर्म कर बेरहमी से सिर पर पत्थर से मारकर उसकी हत्या कर दी गई है। इधर मृतका की बड़ी बहन फिरोजा खातून व बहनोई मो. इसरार ने बताया कि शुक्रवार की रात 8 बजे वो बाजार से दही लाने जाने की बात कहकर घर से निकली थी इसके बाद फिर से घर लौटकर वापस नहीं आई। उधर जब देर रात तक वो अपने घर वापस नहीं लौटकर आई तो परिवार के सभी लोगों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। इधर शनिवार की सुबह उसका शव महादेवगंज में मिलने की सूचना मिली। वही मृतका युवती का एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी गायब है। उधर इस मामले को लेकर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## बरहेट नवाबचौक में जाम से राहगीर परेशान



बरहेटः थाना क्षेत्र के बरहेट बरहरवा मुख्य सड़क अंतर्गत नवाब चौक स्थित इन दिनों लगातार जाम की समस्या बढ़ती जा रही है, जिससे सड़कों पर आवागमन करने वाले छोटे-छोटे मोटरसाइकिल ऑटो, रिक्शा चालकों एवं राहगीरों में काफी जाम की समस्या से जूझ रहीं हैं। वही साहिबगंज डीसी हेमंत सती बरहरवा जाने के क्रम में नवाब चौक में तकरीबन आधे घंटे जाम में फंसे रहे। काफी मसकद के बाद डीसी नवाब चौक से तकरीबन आधे घंटे बाद जाम की समस्या से उन्हें छुटकारा मिला। वही डीसी के सुरक्षा में तैनात गार्ड ने स्वयं सड़कों में उतरकर छोटे बड़े वाहनों को हटाकर लोगों को जाम से निजात दिलाया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बरहेट बरहरवा मुख्य सड़क अंतर्गत नवाब चौक से शिवगढ़ी चौक तक सड़क के दोनों और दुकानों के किनारे किनारे छोटे बड़े वाहनों का अड्डा जमा हुआ है। यहां तक की तीन पहिया वाहन जैसे टेंपो ऑटो का जहां-तहां टेंपो स्टैंड बना देना जाम की मुख्य समस्या है। वहीं लोगों ने स्थानीय प्रशासन से मांग उठाई है कि जहां-तहां टेंपो का अड्डा न बनने दिया जाए ताकि लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या झेलना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय प्रशासन से अनुरोध कर अवैध रूप से टेंपो स्टैंड बनाने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करें ताकि जहां-तहां टेंपो स्टैंड का अड्डा ना बने।

## ग्राम पंचायत बड़ा सोनाकर में घटिया किस्म का ईट व डस्ट से जोड़कर बनाया जा रहा मौत का सिंचाई कुआं



बरहरवाः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ा सोनाकर में प्रखंड के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मचारी और ग्राम के बिचौलिया के साथ मिलकर मनरेगा योजना में लाखों करोड़ों रुपयों का सरकार को चूना लगा रहे हैं जिसमें साफ साफ झलक रहा है कि ग्राम पंचायत बड़ा सोनाकर के बिचौलिया के द्वारा सिंचाई कुआं में गुणवत्ता विहीन ईट और बालू के जगह डस्ट से जोड़कर सिंचाई कुआं का निर्माण किया जा रहा है। वही इसका दुष्परिणाम आगे चलकर यह होता है कि महज एक दो साल में ही सिंचाई कुआं टूट जाता है और जानवरों का मौत का कुआं बन जाता है। यही नही इस सिंचाई कुआं से किसानों को कोई लाभ नहीं मिलता है और इस तरह से प्रखंड के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मचारी और ग्राम के बिचौलिया लाखों करोड़ों रूपयों का योजना को हजम कर डकार भी लेते लेकिन अखबारों में कई बार ऐसे मामले प्रकाशित होने के बावजूद भी जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई होते नहीं दिख रहा है।

## सखी मंडल की दीदी ने शाराब के विरोध में निकाला जुलूस, बड़ी कोदर जन्ना



साहेबगंजः शनिवार के दिन हाजीपुर पंचायत के बड़ी कोदर जन्ना मे नशा मुक्ति को लेकर जुलूस निकाला गया ' वही जी सी आर पी की रीना देवी ने कहा की शाराब के लत से हम सभी के घर परिवार की स्थिति काफी खराब हो चुकी हैं, हम सभी दिदिया चाहते है कि हमारे इलाके मे बिक रही अवेध महुआ दारू जल्द से जल्द बंद हो जिससे कि हम सभी के परिवार का जीवन शैली ठीक ठाक हो सके ' सभी दीदी पूरे गली गली मे जाकर लोगों को शाराब मुक्त होने का भी संदेश दिया ' वही इस कार्यक्रम में जी सी आर पी पूनम देवी, शोभा देवी सुलेखा देवी, चंपा देवी, मीना देवी पिंकी देवी, रेणु देवी ,उषा देवी, किरण देवी व अन्य दिदिया शामिल थी '

# उपायुक्त ने बरहरवा फुटानीमोड कोटालपोखर चेकनाका व प्लस टू हाई स्कूल का किया निरीक्षण,दिए विभिन्न दिशा निर्देश

- चेकनाके में माइनिंग की तिथि व समय का बारीकी से करें जाँच -उपायुक्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता





बरहरवाःसाहेबगंज जिला उपायुक्त हेमंत सती ने जिला के विभिन्न प्रसाशनिक पदाधिकारियों के साथ बरहरवा थाना क्षेत्र के फुटानीमोड़ चेकनाका का औचक निरीक्षण किया,जिस दौरान उन्होंने चेकनाके में मौजूद लॉगबुक सीसीटीवी कैमरों सहित आवागमन की जानकारी लेते हुए उपस्थित पदाधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए ,उन्होंने कहा कि चेकनाका से परिचालित होने वाले सभी वाहनों का बारीकी से जाँच पड़ताल करें मौजूद माइनिंग से वाहन संख्या के साथ साथ समय का भी मिलान करें,अगर माईनिंग में अंकित समय से अगर तीन चार घंटे के बाद भी वाहन इसी इलाके में है। तो तुरंत कार्यवाही करें ।उन्होंने चेकनाके में मौजूद सिसिटीवी सम्बंधित किसी उपकरण में समस्या हो रही हो तो उसे तुरन्त बदलने के निर्देश भी दिए है। इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि चेकनाके के आस-पास के छोटे छोटे रास्तों से वाहनों का परिचालन अवैध रूप आए कराया जा रहा है तो जानकारी तुरन्त पदाधिकारी को सूचित करें उस पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी,साथ ही श्री सती ने फुटानीमोड चेकनाके के आस पास के इलाके की जाँच पड़ताल करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक हो तो गेट थोड़ा पीछे विस्थापित करने के निर्देश भी दिए है।

### उपायुक्त ने कोटालपोखर थाना क्षेत्र के रहीमटांड़ चेकनाका, + टू हाई स्कूल कोटालपोखर का औचक निरीक्षण किया

साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने बरहरवा चेकनाका का निरीक्षण करने के बाद कोटालपोखर रहीम टांड चेकनाके का भी औचक निरीक्षण किया उन्होंने चेकनाके में प्रत्येक वाहनों की पासिंग के दौरान बारीकी से माइनिंग की जाँच करने ,माइनिंग तिथि एवं समय का निरन्तर मोनिटरिंग करने एवं सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे संचालित करने का निर्देश दिए है,उन्होंने कहा कि चेकनाके को लेकर विभिन्न प्रकार की शिकायतें मिलती रहती है किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में किसी की भी संलिप्ता सामने आती है तो कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगीं।

तत्पश्चात उन्होंने कोटालपोखर प्लस टू हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की साफ सफाई एवं शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का ध्यान रखते हुए मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को प्लस टू हाई स्कूल को टेकअप करने के भी करने के निर्देश दिये है ।मौके पर साहेबगज जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी,राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा,बरहरवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास,बरहरवा अंचलाधिकारी संजय कुमार शुक्ला,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान दल बल के साथ मौजूद थे।

## दो अलग अलग प्रतिष्ठान से दो बाल श्रमिकों को कराया गया श्रम मुक्त



उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत लेबर सुपरीटेंडेंट धीरेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में एवं मंथन संस्था के सहयोग से दो बाल श्रमिक बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया।

जहां शानिवार को लेबर सुपरिंटेंडेंट के निदेर्शानुसार धावा दल टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया ।उसी दौरान महादेवगंज के श्रीरामचौकी मुख्य पथ पर स्थित टायर दुकान में छापेमारी कर दो बाल श्रमिक बच्चों को पकड़ कर श्रम मुक्त कराया गया हालांकि बच्चे धावा दल टीम को देखकर श्रमिक बच्चे भागने की फिराक में थे लेकिन वह असफल रहे ।जिसके बाद रेस्क्यू किए गए दोनों बच्चो को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उधर बच्चों के माता पिता को सूचित कर बाल कल्याण समिति के समक्ष बुलाया गया और बांड भरवा कर उन्हें बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया। वही प्रतिष्ठान के नियोजक मो. मानवर एवं मो. असलम शेख को प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 की धारा 3(1) का उल्लंघन हेतु प्राथमिक की दर्ज करते हुए अधिनियम की धारा 14(1) के तहत थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया गया है। इस मौके पर धावा दल टीम में धीरेंद्र नाथ महतो, पूनम कुमारी, विनोद राम शिव प्रसाद ओझा, महताब अंसारी आदि मौजूद थे।

# आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस मनाया




उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः आज दिनांक 22 जून 2024 को आजसू पार्टी द्वारा पाटी की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला के सभी प्रखंड एवं नगर में आजसू पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। युवा आजसू द्वारा साहिबगंज के कोदरजन्ना के पटवा टोला सामुदायिक भवन में आजसू बलिदान दिवस कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत के युवा आजसू के कार्यकताओं ने भाग लिया और बलिदान दिवस के अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि जीस प्रकार हमारे हजारों आजसू के कार्यकताओं ने अपने बलिदान देकर इस राज्य का गठन किया और यहां के जनमानस के लिए जो सपने देखा था। वह अभी तक पूरा नहीं हुआ उस जनमानस के स्वप्न को पूर्ण करने के लिए पार्टी के सभी कार्यकताओं ने यह संकल्प लिया कि उनकी आवाज को मुख्य रूप से उचित मंच तक पहुंचाने का काम करेंगे। दूसरा कार्यक्रम मंडरो के अम्माडीहा पंचायत में महिला मोर्चा के चूल्हा प्रमुख कार्यकताओं ने भी पार्टी की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। महिला चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष सुनैना देवी ने किया कार्यक्रम के माध्यम से सभी महिला को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया और वृक्षारोपण भी किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे, जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गोविंद शाह, युवा आजसू पार्टी के विकास शाह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमशेर आलम, छात्र नेता विक्रम कुमार, केंद्रीय सदस्य कार्तिक पहाड़िया, महिला जिला सचिव दुर्गावती देवी, मेरी पहाड़िया, माला हांसदा, मुनि देवी, जितेंद्र प्रसाद साहिबगंज प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे, मंडल हांसदा, लखन शर्मा मंडरो, प्रखंड अध्यक्ष राजेश राय, शांति मालतो, आदि सैकड़ो महिला युवा छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय वन्यजीव संस्थान के नमामि गंगे जलज परियोजना के तहत चार दिवसीय साबुन बनाने का प्रशिक्षण शुरू

उज्जवल दुनिया संवाददाता




उधवाः भारतीय वन्यजीव संस्थान के नमामि गंगे जलज परियोजना के तहत साहिबगंज जिला के उधवा प्रखंड के प्राणपुर ग्राम में प्राकृतिक साबुन बनाने की चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

गंगा नदी संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण के उद्देश्य से तथा उधवा झील पक्षी आश्रयनी एवं उनमें पाए जाने वाली जीव जंतुओं को संरक्षण प्रदान करने हेतु यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

गंगा नदी में रसायन युक्त साबुन का उपयोग करने से गंगा नदी का जल प्रदूषित होता है तथा उसमें रहने वाली जीव जंतुओं की स्वास्थ को हानि पहुंचाता है। इसी उद्देश्य से आयुर्वेदिक साबुन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। आयुर्वेदिक साबुन की प्रशिक्षण देने के लिए भागलपुर के प्रशिक्षक गौरव कुमार सिन्हा आमंत्रित किया गया। आयुर्वेदिक साबुन प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन समारोह में भारतीय वन्यजीव संस्थान के जलज की निम्न सदस्य स्नेहा शर्मा ( सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट ), निहारिका सिंह ( टेक्निकल असिस्टेंट ), बरूण कुमार मंडल ( जलज असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर ), जसीम सेख (गंगा प्रहरी), लखन प्रमाणिक (गंगा प्रहरी), अशरफ अली (गंगा प्रहरी), आजाद अली (गंगा प्रहरी), अजीजूर रहमान (गंगा प्रहरी) एवम साथ मे ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाए उपस्थित थी।

## पैसे लेनदेन के चक्कर में महिला ने खाया जहर, परिजन लेकर पहुंचे सदर अस्पताल



साहिबगंजः तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली बांसकोला निवासी महिला विसोका देवी उम्र 42 वर्ष पति राम मंडल पैसे लेनदेन के विवाद में जहर खाकर जान देने की कोशिश कर की जहां आनन फानन में महिला को परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर घटना को लेकर महिला के परिजन ने बताया कि पैसे के लेनदेन के चक्कर में विवाद होने के बाद विशोका देवी ने जहर खा ली जिसके बाद उसे तुरंत उठाकर बेहतर इलाज हेतु अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक की देखरेख में उसका इलाज जारी है।

## लालबथानी मस्जिद टोला में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट मामले में 4 लोग घायल, इलाज कराने पहुंचे सदर अस्पताल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी मस्जिद टोला के समीप शनिवार को एक घर के दो चचेरे भाई जमीनी विवाद में आपस में मारपीट करने लगे जहां इस मारपीट की घटना में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। उधर सभी घायल लोग अपनी अपनी शिकायत को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह के पास पहुंचे जहां मुफस्सिल थाना प्रभारी ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी बड़ी मस्जिद टोला के रहने वाले मो. जमाल, अजीरा बीबी, जियाउल के जमीन पर उसके चचेरे भाई अकाबुल, तोसर अब्दुल हबीबुल, शाहबाज, सहित अन्य लोग मिट्टी खोदकर

लेकर जा रहे थे। जहां मिट्टी खोदने के कारण गड्ढा होते जा रहा था जहां जमाल ने जब मिट्टी खोदने का विरोध किया तो सभी आपस में ही मारपीट करने लगे। जहां इस मारपीट की घटना में मो. जमाल, अजीरा बीबी, जियाउल सहित अन्य एक अन्य लोग घायल हो गए। इधर इस मारपीट मामले को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। वही मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित परिवार के द्वारा थाना में आवेदन देने पर दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# बरहरवा प्रखंड में कच्चे बिलों से हो रहा है लाखों का भुगतान

- सप्लायर्स् कच्चे बिल देकर कर रहे टैक्स की चोरी सभी पंचायत धड़ल्ले से कर रही भुगतान
- हिन्दी दैनिक अखबार उज्जवल दुनिया कोटालपोखर/साहेबगंज

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरहरवा :- बरहरवा प्रखंड क्षेत्र की सभी 25 पंचायतों सातगाछी , रामनगर, कालू, मिजार्पुर, बरारी, रूपसपुर, जामपुर, रिसौड़, महराजपुर, बटाईल, आहुतग्राम, हर्रहरा, दरियापुर, बिन्दुपाड़ा, विनोदपुर, पलाशबोना,श्रीकुण्ड, मधुवापाड़ा , बिशनपुर, हस्तिपाड़ा,अगलोई, पथरिया, मयुरकोला,कोटालपोखर,बड़ासोनाकड़ में निर्माण कार्यों के नाम पर कच्चे फर्जी बिल लगाकर जमकर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। केवल कच्चे बिल के माध्यम से मुखिया, पंचायत सचिव द्वारा राशि निकालकर कमीशन का खेल खेला जा रहा है। सप्लायर्स भी कमीशन के लालच में शासन को टैक्स का चूना लगाकर लाखों रुपए का लेनदेन कर रहे हैं। पंचायतों में चल रहे इस फजीर्वाड़े की अधिकारी अगर निष्पक्ष जांच करती है तो बड़ा खुलासा हो सकता है। इधर 25 पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी बिलों के भुगतान में अनदेखी कर किसी तरह की आपित्त ना लेने से शासन को हर माह टैक्स के रूप में मिलने वाली राजस्व की हानि हो रही है।

पंचायतों में जीएसटी की प्रक्रिया को धता बताकर निर्माण कार्यों का भुगतान किया जा रहा है। पंचायतें निर्माण कार्य के बाद ऐसे सप्लायर को बिलों का भुगतान कर रहे हैं जिनके पास खुद का न कोई सीमेंट, गिटी, रेत ईंट या छड़ है। सप्लायर्स गिट्टी, रेत और ईंट तक के ऐसे फर्जी बिल दे रहे हैं जिसकी पात्रता में वह नहीं आते। जिम्मेदार अधिकारी अगर पंचायतों में निर्माण कार्यों के नाम किए गए भुगतान के सभी बिल अगर गहनता से जांच की जाए तो कई सारे काले कारनामे सामने आ जायेंगे। भुगतान प्रक्रिया की अखंडता पर भी संदेह पैदा करती है। जिनमें लाखों रुपए का भुगतान सप्लायर्स के खातों में किया गया है। पंचायतों में जिस तरह से फर्जी बिलों के माध्यम से राशि निकाली जा रही है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंचायतों में होने वाला ऑडिट किस तरह से हो रहा है और ऐसे भुगतानों पर ऑडिट में भी कोई आपत्ती नहीं ली जा रही है। प्रखंड के सभी 25 पंचायत के अंतर्गत ऐसे कई मामले हैं जिनमें मुखिया और पंचायत सचिवों ने राशि निकालने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराया।

### नहीं अपनाई जाती प्रक्रिया

किसी भी सप्लायर्स को साम्रगी सप्लाई के लिए लायसेंस, जीएसटी नंबर सहित अन्य प्रक्रिया अपनानी जरूरी है, उसके बाद ही वह सामग्री की सप्लाई कर सकता है, लेकिन बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के सभी 25 पंचायतों में ऐसे सैंकड़ों सप्लायर्स हैं जो पंचायतों में फर्जी बिलों की आड़ में हर साल लाखों रुपए का कारोबार कर रहे हैं। कारोबार के नाम पर हाथ में उनके कुछ नहीं है, लेकिन बिल के नाम पर वह छड़, रेत से लेकर गिट्टी, सीमेंट और ईंट तक के बिल पंचायतों को दे रहे हैं। जो सप्लायर्स पंचायतों को केवल बिल देते हैं वह फर्जी बिल के रूप में कमीशन वसूलते हैं। इधर सप्लायर्स भी फर्जी बिल से शासन को टैक्स का नुकसान कर चपत लगा रहे हैं।

### भरोसेमंद सप्लायर को ढूंढते हैं

निर्माण कार्य से पहले मुखिया और सचिव निर्माण सामग्री सप्लाई करने के लिए भरोसेमंद सप्लायर को ढूंढ़ते हैं। जो उनकी सुविधा अनुसार बिल लगाकर दें। उस बिल के आधार पर सप्लायर्स को भुगतान किया जाता है। भुगतान के बाद मुखिया, पंचायत सचिव राशि वापस ले लेते हैं, क्योंकि कुछ पंचायतों के निर्माण कार्य कागजों में ही पूरे होते हैं धरातल पर नहीं। कंप्यूटर ऑपरेटर को भी सेटिंग रखा जाता है। जिससे उनको भी कमीशन की राशि मिल जाती है।

## फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित बैठक कर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुआ

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः आज समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं अपर समाहर्ता राज महेश्वरम द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चार राज्यों में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू एंड कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के मध्येनजर फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 25.06.2024 से 24.07.2024 तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सत्यापन किया जाएगा तथा छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य सर्वेक्षण का सूचीबद्ध करते हुए फार्म का इंतजाम मोबाइल ऐप से किया जाना है। घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान दिनांक 01.07. 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में सम्मिलित करना एब्सेंट, शिफ्टेड एंड डेथ मतदाताओं का फॉर्म -7 भरना आदि कार्य किया जाना है। 1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र एवं कुछ ऐसे मतदान केंद्र हैं जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर अवस्थित है, वैसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर मतदान केन्द्रो का रेशनलिजेशन तथा एक भवन में दो मतदान केंद्र अवस्थित है और दूसरे मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 1400 से कम है तो उसमें समाहित किया जा सकेगा। मतदान केंद्र भवन में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है अथवा भवन जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधा युक्त स्थल का चयन कर स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव तैयार करना है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में विसंगतियों यथा ब्लैक एंड व्हाइट इमेज, स्पेलिंग मिस्टेक संबंधी का नाम गलत होना, पुरुष मतदाता के फोटो की जगह महिला का फोटो अथवा महिला के जगह पुरुष का फोटो होना, एक ही परिवार का अलग-अलग जगह नाम होना इत्यादि को दूर करने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म 8 शुद्ध-शुद्ध भरवा कर उनसे हस्ताक्षर लेते हुए बीएलओ ऐप द्वारा अपलोड किया जाना है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में व्याप्त ब्लैक एंड व्हाइट इमेज को बीएलओ द्वारा चिन्हित कर मतदाताओं से कलर फोटोग्राफ प्राप्त कर बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाना है। इन सभी कार्यों को 25.06.2024 से 24.07.2024 तक पूर्ण किया जाना है।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# मुख्यमंत्री ने रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाने के दिये निर्देश

**लखनऊ, (एजेंसी)**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यक्ता है। इसको लेकर जल्द से जल्द तैयारी की जाए और ड्राफ्ट बनाकर प्रस्तुत किया जाए। सीएम योगी ने आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक संपत्ति के रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क को कम करने के भी निर्देश दिये। इसके लिए अलग- अलग ब्रैकेट बनाए जाएं और एग्रीमेंट की प्रक्रिया को सरल किया जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के अंतर्गत मौजूद रजिस्ट्रेशन के कोडिफिकेशन, ई-रजिस्ट्रेशन और ई-फाइलिंग की संपूर्ण व्यवस्था पारदर्शी हो। ई-रजिस्ट्रेशन का कार्य सरकारी एजेंसीज और रेरा अप्रूव्ड संस्थाओं के माध्यम से कराया जाए। वहीं ई-फाइलिंग का कार्य बैंक फाइल 6 (1), 12 माह तक का रेंट एग्रीमेंट और रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 के सेक्शन 18 और 89 के अंतर्गत किसी भी डॉक्युमेंट के माध्यम से कराया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ई रजिस्ट्रेशन के तहत फेज-1 में सरकारी एजेंसियों- डेवलपमेंट एवं इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अर्थॉरिटीज को सेल डीड, एग्रीमेंट एवं लीज डीड के लिए मंजूरी प्रदान की जाए। सरकारी एजेंसियों के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण और स्वीकृति प्रदान की जाए। साथ ही पार्टियों का फोटो और सिग्नेचर भी डिजिटली या इलेक्ट्रानिकल रूप से किया जाना चाहिए। पंजीकरण उपरोक्त प्रक्रिया के इलेक्ट्रानिक प्रेषित डेटा के आधार पर रजिस्ट्रार अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ई रजिस्ट्रेशन के फेज-2 में सेल डीड, एग्रीमेंट और लीज डीड के लिए रेरा द्वारा अनुमोदित संस्थाओं तक विस्तारित किया जाए। पार्टियों का फोटो और हस्ताक्षर डिजिटल या इलेक्ट्रानिक रूप से किया जाए। प्रक्रिया के तहत इलेक्ट्रानिक प्रसारित डाटा के आधार पर पंजीकरण अधिकारी द्वारा पंजीकरण किया जाए।

ई-फाइलिंग के तहत फेज-1 में बैंक फाइलों की प्रॉसेसिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, जबकि दूसरे फेज में 12 माह तक का रेंट एग्रीमेंट, ऑनलाइन स्टांपिंग, ई-सिग्नेचर और पार्टियों और गवाहों का ई-केवाईसी वेरिफिकेशन आधार के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। यह प्रदेश के नागरिकों के लिए असुविधाजनक तो है ही, साथ ही समय लेने वाली प्रक्रिया है।

ई-रजिस्ट्रेशन की शुरूआत के बाद इससे नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। इससे मध्यस्थ की आवश्यकता खत्म हो जाएगी, जबकि लोगों के पैसे और समय की भी बचत होगी। इसके अतिरिक्त कानूनी और किसी अन्य तरह की समस्या का भी सामना नहीं करना होगा। साथ ही कार्यालयों की कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी।

## सूरसागर उपद्रव मामला : पांच थाना क्षेत्रों में धारा 144 लगाई, 45 उपद्रवी गिरफ्तार, दो सौ लोगों पर केस दर्ज

**जोधपुर,(एजेंसी)**। शहर के सूरसागर क्षेत्र में स्थित एक ईदगाह की दीवार के पास ट्रक खड़े कर-के दो दरवाजे अवैध रूप से निकाले जाने को लेकर हुए बवाल के बाद पुलिस ने सख्ती करते हुए सूरसागर, प्रतापनगर, प्रतापनगर सदर, देव नगर और राजीव गाँधी नगर थाना क्षेत्र में 22 जून सुबह छह बजे से आगामी आदेश तक धारा 144 लगा दी है।

डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि वृत प्रतापनगर के पांच थाना क्षेत्रों में धारा 144 लगाई गई है। शुक्रवार रात उपजे सांप्रदायिक तनाव के बाद पुलिस प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अब तक 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर 45 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पुलिस के आला अधिकारी कल रात से ही सूरसागर क्षेत्र में डेरा डालकर बैठे हैं और क्षेत्र में आरएसी और एसटीएफ की बटालियन पुलिस जाब्ते के साथ तैनात है।

शुक्रवार को मावडियो की घाटी क्षेत्र में स्थित एक ईदगाह परिसर में ट्रक खड़े करवा कर रास्ते खोलने के विवाद को लेकर दो पक्षों में बढ़े विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया। मौके पर जमकर कांच की बोतलें और पत्थरबाजी की गई। एक दुकान को आग के हवाले भी कर दिया गया। पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं, प्रशासन ने निगम की टीम को बुलाकर मौके से कांच और पत्थर हटवाए। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है लेकिन धीरे-धीरे सामन्य होने की तरफ बढ़ रही है। पुलिस फोर्स इलाके में गश्त कर रही है। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है।

सूरसागर क्षेत्र में घटित साम्प्रदायिक तनाव को लेकर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने बयान देते कहा दोषियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई। किसी भी दोषी को नहीं जाएगा। उन्होंने अपने बयान में कहा जोधपुर शहर है अपनायत का शहर इसलिए दोनों पक्षों से की शांति बनाए रखने की अपील की। जबकि शहर विधायक अतुल भन्साली और सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने भी घटना स्थल पर पहुँच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।घटना के बाद पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मार्च किया। अलग-अलग गली मोहल्ले में मार्च किया गया। आमजन और पुलिस पर पथराव करने वाले उपद्रवियों को पुलिस ने धरपकड़ करनी शुरू की तो आरोपितों के परिवार जनों ने आक्रोश जताया । किसी एक तत्व द्वारा गड़बड़ी किये जाने पर बने माहौल पर पर आक्रोश जताया गया।

## हिमाचल के कई हिस्सों में प्री-मानसून की बारिश, भीषण गर्मी से राहत

**शिमला,(एजेंसी)**। हिमाचल प्रदेश में प्री-मानसून की वजह से कई हिस्सों में बारिश हो रही है। राजधानी शिमला में भी शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई। इससे भीषण गर्मी व लू का असर कम हुआ है और तापमान में गिरावट आई है। शिमला सहित अन्य हिल्स स्टेशनों में मौसम हल्का ठंडा हो गया है। मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिली है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के मध्यवर्ती व उच्च पर्वतीय इलाकों में अंधड़ व बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार शिमला, सोलन, सिरमौर, कुल्लू, चम्बा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों में अंधड़ व गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 23 व 25 जून को उच्चपर्वतीय क्षेत्रों को छोड़कर अन्य हिस्सों में मौसम साफ बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 26 जून को दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के प्रदेश में दस्तक देने के आसार हैं और 26 व 27 जून को प्रदेश में भारी बारिश होने की आशंका है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार प्री मानसून के आने से हिमाचल में अब लू व गर्मी के जैसे हालात नहीं है। अगले 24 घंटे में राज्य के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होगी। इसके बाद बारिश के दौर में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि 26 जून के आसपास मानसून प्रदेश में दस्तक दे सकता है।

**प्रदेश में दिन का पारा 7 से 11 डिग्री सेल्सियस तक लुढका**

प्रदेश में मानूसन पूर्व की बारिश से दिन के तापमान में 7 से 11 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। सिरमौर जिला के धौलाकुंआ में शुक्रवार को अधिकतम पारा 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बिलासपुर में 34.3 डिग्री, हमीरपुर में 33.8 डिग्री, बरठीं में 33 डिग्री, चम्बा में 28.4, धर्मशाला में 26.6, कांगड़ा में 30.2, नेरी में 32.3, मंडी में 28.8, सुंदरनगर में 30.6, शिमला में 23.4, भुंतर में 25, कल्पा में 19.8, रिकांगपिओ में 24.3, ताबो में 22.1, समधो में 23.4, मशोबरा में 22.5, कुफरी में 18.1, जुब्बड़हट्टी में 26.1, कसौली में 24.5, नाहन में 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## वलसाड में 4 इंच से अधिक बारिश, डांग और सूरत भी भीगे

**अहमदाबाद, (एजेंसी)**। राज्य में इस साल 4 दिन पहले यानि 11 जून को मानसून आने के बावजूद अभी तक यह कुछ ही जिलों तक सीमित है। पिछले 24 घंटे में राज्य के 252 में से महज 30 तहसीलों में बारिश होने की सूचना है। मानसून दक्षिण गुजरात के नवसारी से आगे नहीं बढ़ा है। हालांकि सौराष्ट्र और अन्य कुछ भागों में बारिश हुई है लेकिन वह खास नहीं है।मानसून के राज्य में प्रवेश होने के 10 दिन बाद भी यह दक्षिण गुजरात के नवसारी तक सीमित है। राज्य के अन्य जिलों में हल्की बूंदाबांदी और मध्यम बारिश दर्ज की गई है। किसानों को अभी मानसून की मूसलाधार बारिश का बेसब्री से इंतजार है। राज्य में पिछले 24 घंटों में सौराष्ट्र के भावनगर में पौने 2 इंच बारिश हुई है।

शनिवार सुबह से वलसाड में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। वलसाड जिले में अभी तक कुल साढ़े 4 इंच बारिश हो चुकी है। वलसाड के वापी में 43 मिलीमीटर (मिमी), वलसाड में 36 मिमी, कपराडा में 18 मिमी, पारडी में 12 मिमी और धरमपुर में 7 मिमी बारिश हुई है। सूरत के चौयासीं में 3 मिमी, डांग के वघई में 2 मिमी बारिश हुई है। इसके अलावा भावनगर में शुक्रवार रात 8 बजे से बारिश शुरू हुई। रात्रि में कुछ समय विराम के बाद शनिवार सुबह से वहां बारिश जारी है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण गुजरात, मध्य गुजरात और उत्तर गुजरात के कई जिलों में हल्की और मध्यम बारिश होगी। कच्छ और सौराष्ट्र के क्षेत्रों में भी कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है।

## बाग में पानी को लेकर हुए विवाद में पिता व दो पुत्रों पर अंधाधुंध फायरिंग, एक बेटे की मौत

**गाजियाबाद,(एजेंसी)**। निवाड़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात बाग में पानी देने को लेकर विवाद हुआ। इस मामले में के बाद जब पिता अपने दोनों बेटों के साथ बाइक से घर वापस जा रहा था तब कुछ लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। घायल हालत में हमलावरों ने तीनों को बम्बा में फेंक दिया। इस गोलीबारी में एक पुत्र की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मामला अलग-अलग समुदाय का होने के कारण काफी संवेदनशील हो गया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस में मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



डीसीपी विवेक चंद यादव ने शनिवार को बताया कि निवाड़ी थाना क्षेत्र में खिंदौड़ा गांव निवासी वेद प्रकाश त्यागी का बाग है। बाग को जानी थाना क्षेत्र मेरठ के गांव धौलड़ी निवासी पप्पू ने ठेके पर ले रखा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात 8:00 बजे के आसपास बाग में पानी देने को लेकर कुछ लोगों से पप्पू का विवाद हो गया था। जिसको वेद प्रकाश ने मौके पर पहुंचकर समाप्त कर दिया। लेकिन रात्रि करीब 10:30 बजे पप्पू (55) उनका बेटा राजा (26) तथा छोटा बेटा चांद (22) मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाग से जा रहे थे। जैसे ही तीनों बम्बे के किनारे पहुंचे तो कुछ लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी और घायल हालत में बम्बे में फेंक कर फरार हो गए। इस मामले की स्थानीय द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर खोजबीन में शुरू की। इस दौरान पुलिस को बम्बे के पास चांद बेहोशी की हालत में पड़े मिले। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जानकारी के आधार पर बम्बे में तलाश की तो राजा का शव बरामद हुआ। उसको गोली मारी गई थी।

मौके पर डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव व एसीपी ज्ञान प्रकाश राय वह अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन करते हुए आरोपितों की धरपकड़ में जुट गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं मृतक के पिता पप्पू की बम्बे में गोताखोरों से तलाश की जा रही है।

## उप्र में बाघों व हाथियों के संरक्षण का मार्ग होगा प्रशस्त,'प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट' बनेगा जरिया

**लखनऊ, (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में बाघों व हाथियों समेत विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं के संरक्षण को लेकर कृत संकल्पित हैं। प्रदेश में टाइगर व एलिफेंट रिजर्व्स में जीव-जंतुओं के संरक्षण के साथ ही यहां छुपी पर्यटन की असीमित संभावनाओं को भी चिह्नित कर उन्हें विकसित करने की प्रक्रिया जारी है।



राज्य सरकार का एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि इससे एक ओर राज्य में पर्यटन विकास के जरिए राजस्व में वृद्धि का अवसर प्राप्त हुआ है, वहीं, बाघों-हाथियों व अन्य संरक्षित जीव-जंतुओं के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसी क्रम में,अब सीएम योगी की मंशा अनुसार प्रदेश में बाघों व हाथियों के संरक्षण को लेकर जारी विभिन्न परियोजनाओं को गति देने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**'प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोडेक्ट एलीफेंट' के लिए जारी हुई 5.31 करोड़ की धनराशि**

उल्लेखनीय है कि डबल इंजन की सरकार द्वारा देश में बाघों व हाथियों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट की शुरूआत गई है। इस परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न रिजर्व्स में भी यह परियोजना क्रियान्वित है। प्रदेश में परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कार्य हो रहा है और इन्हीं कार्यों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने केंद्र से प्राप्त सहायता को राज्यांश संग समाहित करते हुए जनराशि जारी कर दी है। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा विभागाध्यक्ष को इस विषय में शासनादेश जारी करके अवगत करा दिया गया है। परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 5.31 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

**निर्माण कार्य समेत कई अन्य मदों में व्यय होगी धनराशि**

परियोजना के अंतर्गत जो धनराशि अवमुक्त की गई है, उसका कई मदों में उपयोग होगा। आवंटित धनराशि के जरिए मशीनों, संयंत्रों व उपकरणों के क्रय तथा निर्माण कार्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, कार्यालय व्यय तथा मजदूरी समेत विभिन्न मदों में धनराशि का उपयोग हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में रिजर्व फॉरेस्ट रीजंस के टूरिस्ट एरिया में तमाम प्रकार की पर्यटक सुविधाओं के विकास के कार्य तो जारी हैं ही, वहीं क्षेत्रों में वनों के कोर एरिया रीजंस में भी कुछ निर्माण कार्य जारी हैं। इनमें जलाशय निर्माण समेत जीवों के संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यों को पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया जारी है और धनावंटन के जरिए इन कार्यों की पूर्ति में तेजी आएगी।

## गुरुग्रामः आग बुझाने के उपकरण बनाने की फैक्ट्री में ब्लास्ट, दो की मौत

**गुरुग्राम, (एजेंसी)**। यहां रेलवे स्टेशन के निकट दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में आधी रात के बाद करीब ढाई बजे जोरदार ब्लास्ट हो गया। देखते ही देखते वहां काम कर रहे श्रमिकों में भगदड़ मच गई। इस हादसे में दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कई अन्य घायल भी हो गए। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीमें गाडि?ां लेकर पहुंची और आग बुझानी शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में आग बुझाने की उपकरण बनाने वाली एक फैक्ट्री है। इसमें आग बुझाने के काम आने वाली फायर बॉल बनाई जाती थी। तीन-चार दिन पहले यहां पर इससे संबंधित काफी सामान आया था। शुक्रवार-शनिवार की रात करीब ढाई बजे यहां पर अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज और धमक इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए। आसपास की फैक्ट्रियों व घरों में काफी नुकसान हुआ। किसी फैक्ट्री की छत ही उड़ गई तो किसी घर में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई। इस हादसे में दो लोग जिंदा जले गए, जिनकी दर्दनाक मौत हो गई। कई श्रमिकों के यहां घायल होने की भी सूचना है। फायर बॉल में धमाके होते रहे। एक के बाद एक हजारों फायर बॉल फटती गई। यहां फैक्ट्री में मलबा भी काफी दूर-दूर तक फैल गया।

घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों को तुरंत जिला नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 पहुंचाया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे के शिकार 13 श्रमिकों को अस्पताल में लाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### करीब 10 हजार करोड़ रुपये का है बंगाल का राशन वितरण भ्रष्टाचार

**कोलकाता, (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल का राशन वितरण भ्रष्टाचार का मामला करीब 10 हजार करोड़ रुपए का है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी एक लिखित रिपोर्ट में यह दावा किया है।

ईडी के एक सूत्र ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने जिन 10 हजार करोड़ रुपये का पता लगाया है, उनमें से एक हजार करोड़ रुपये मामले में गिरफ्तार व्यवसायी बकीबुर रहमान के स्वामित्व वाली कॉर्पोरेट संस्थाओं और चावल मिलों के माध्यम से भेजे गए थे।

राशन वितरण मामले में पिछले साल ईडी अधिकारी द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले पहले व्यक्ति रहमान पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के विश्वासपात्र थे। शेष नौ हजार करोड़ रुपये के बारे में, ईडी ने बताया है कि उनके अधिकारी वर्तमान में अन्य कॉर्पोरेट संस्थाओं या चैनलों के बारे में ₹कड़ियों को जोड़ने₹ की प्रक्रिया में हैं, जिनके माध्यम से धन भेजा गया था।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पूर्व मंत्री मलिक ने जमानत याचिका के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, उन्हें जमानत नहीं मिली है।

### छत्तीसगढ़ के कई स्थानों पर बारिश की संभावना, 11 जिलों में ऑरेंज व सात जिलों के लिए येलो अलर्ट

**रायपुर, (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ में दक्षिण पश्चिम मानसून पूरे राज्य में सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मानसून रायपुर और दुर्ग संभाग से आगे बढ़कर बिलासपुर के पेंड्रा, कोरबा और रायगढ़ तक सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आज शनिवार को 11 जिलों के लिए ऑरेंज और सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में राज्य के अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना जताई गई है।

बारिश के चलते तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। बीजापुर में सबसे अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री वहीं पेंड्रारोड में न्यूनतम 23.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। इसके अलावा बलरामपर में 36.5, कोरबा में 36.3, बालोद में 36.2, रायपुर में 34.9, बिलासपुर में 35, जगदलपुर में 30.3, दुर्ग में 34.2, राजनांदगांव में 36 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है।

### बिहार के सीवान जिले में गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल गिरा

**पटना, (एजेंसी)**। बिहार में सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल के पढ़ेरा और गरौली गांव के बीच शनिवार को गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल भरभराकर गिर गया। पहले पुल का एक पिलर धंसा और फिर पूरा पुल नहर में समा गया। पुल गिरने से आई तेज आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के गिरने का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।गंडक नहर पर बना यह पुल काफी पुराना था। पिछले वर्ष नहर का निर्माण कराया गया था लेकिन नहर बनाने में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण पानी के तेज बहाव से पुल के पिलर से मिट्टी का कटाव होने लगा। इससे पुल का पिलर धंसने लगा और कुछ ही मिनटों में पुल धड़ाम से गिर गया। पुल ध्वस्त होने से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया।

गंडक नहर पर बना यह पुल महाराजगंज प्रखंड के पटेढी बाजार और दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ पंचायत को जोड़ता था। इस पुल के सहारे हजारों लोग इस पार से उस पार जाते थे लेकिन अब लोगों को पास के गांव में जाने के लिए भी काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी।

### फर्जी पुलिसकर्मी बन लोगों को रहा था ठग, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। पुलिस का रौब दिखाकर यात्रियों को धमकाने व उनके मोबाइल कब्जे में करने वाले एक शातिर आरोपित को जीआरपी पुलिस ने रुड़की रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से फर्जी नेम प्लेट व 03 मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक रेलवे सरिता डोभाल ने बताया कि जीआरपी पुलिस को सूचना मिली कि रुड़की रेलवे स्टेशन पर पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति यात्रियों से बदतमीजी कर उनके मोबाइल फोन अपने कब्जे में कर रहा है। सूचना पर जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन रुड़की के प्लेटफार्म नं 1 पर पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति को टहलते देखा जिसकी नेम प्लेट पर राजीव लिखा था। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पूछताछ में उसने अपना नाम जरीफ पुत्र रशीद अहमद उम्र 28 वर्ष निवासी क्लेमेनटाउन, देहरादून बताया। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से यात्रियों से लिए गए तीन मोबाइल फोन व एक फर्जी नेम प्लेट बरामद की गई। जांच में पुलिस को आरोपित के अपराधिक इतिहास का भी पता चला। आरोपित के खिलाफ देहरादून के ही सेलाकुई व पटेल नगर थाने में कई धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला आरोपित पंजाब से गिरफ्तार

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपित को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जानकारी के मुताबिक जनपद के भगवानपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नन्हेडा अनन्तपुर निवासी सत्यपाल ने 2 अगस्त 2023 को यशपाल आर्य निवासी गोलापार जलाबाग, हल्दानी जनपद नैनीताल व विशाल उर्फ सिद्दू पुत्र महेन्द्र निवासी 18 सदर बाजार कैन्ट अमृतसर पंजाब के खिलाफ अपनी पुत्री व पुत्र शिवम को फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया में नौकरी लगाने के नाम पर 14 लाख 3 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं पीड़ित ने तहरीर में कहा था कि नौकरी लगाने के लिए कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर देकर रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित यशपाल आर्य को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। जबकि दूसरा आरोपित विशाल उर्फ सिद्धू लगातर फरार चल रहा था। पुलिस ने दूसरे आरोपित विशाल को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया।

### चेन स्नैचिंग करने वाले दो झपटमार गिरफ्तार

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने महिलाओं के गले से चेन छीनने वाले दो झपटमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीनी गई चेन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

जानकारी के मुताबिक 9 जून को ज्वालापुर के मोहल्ला चाकलान निवासी प्रियंका शर्मा पत्नी नितिन शर्मा ने अपने गले से दो बाइक सवारों द्वारा चैन खींचकर ले जाने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।